खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29°C
न्यूनतम : 15°C

हल्द्वानी, सोमवार 9 मार्च 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 192 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मुफ्त सरकारी सुविधा में ईमानदारी जरूरी : राहुल गांधी

पेज 2



रैंडेल प्रथम श्रेणी में 5 गेंदों में लगातार 5 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने नेपियर

खेल टाइम्स



न्यूयॉर्क मेयर ममदानी के आवास पर बम हमले की कोशिश

पेज 12

# भारत तीसरी बार टी-20 का सरताज

## फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को 96 रनों से दी करारी शिकस्त, टीम इंडिया ने कीवियों के छुड़ाए छक्के

**अहमदाबाद।** भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर तीसरी बार टी-20 वर्ल्डकप जीत लिया है। इंडिया लगातार दो बार टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम बनी। पहली बार किसी मेजबान टीम ने टी-20 वर्ल्डकप जीता है।

टीम इंडिया ने तीसरी बार टी-20 विश्वकप का खिताब जीता है। इससे पहले टीम 2007 में पहले संस्करण और 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में खिताब जीती थी। सूर्यकुमार यादव का भी नाम विश्व विजेता कप्तानों में शुमार हो गया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर बॉलिंग का

**■ भारतीय टीम ने फाइनल में रिकॉर्ड 255 रन बनाए, न्यूजीलैंड159 पर ढेर**

फैसला लिया था। पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया ने भारत ने टी-20 वर्ल्डकप फाइनल में रिकॉर्ड 255 रन बनाए थे। संजू सैमसन ने टी-20 वर्ल्डकप फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर 89 रन बनाए। ईशान किशन ने 54 और अभिषेक शर्मा ने 52 रन बनाए। आखिर में शिवम दुबे ने 8 गेंद पर 26 रन बनाए। न्यूजीलैंड से जिमी नीशम को 3 विकेट मिले। 255 रनों का पीछा करने उतरी



न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। साइफर्ट (52) और कप्तान सैंटनर (43) के अलावा कोई भी बैटर भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सका। पूरी टीम 19 ओवर में 159 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड को रनों के लिहाज से टी-20 वर्ल्डकप फाइनल में सबसे बड़ी हार मिली। भारत ने पावरप्ले में 92 रन बनाए और 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 255 रन बना दिए। भारतीय टीम ने पावरप्ले में वर्ल्ड कप के सबसे बड़े स्कोर की बराबरी की। पिछला रिकॉर्ड 92/1 था, जो 2024 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज ने बनाया था। सैमसन टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए।



**संजू सैमसन**
फाइनल में 89 रन की आतिशी पारी खेली
टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 21 छक्के भी लगाए

# ईरान की ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 की 27वीं स्ट्राइक

## नए ड्रोन -मिसाइलों से अमेरिका-इजरायल व सऊदी अरब पर हमला

**तेहरान।** मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 के तहत 27वीं लहर के हमलों की शुरुआत करने का दावा किया है। ईरान के इस विशिष्ट सैन्य बल ने कहा कि यह कार्रवाई अमेरिका और इजरायल की ओर से कथित उकसावे वाली सैन्य कार्रवाई के जवाब में की गई है।

ईरानी सरकारी प्रसारक प्रेस टीवी के अनुसार, इस चरण में ड्रोन और मिसाइलों के संयुक्त हमले किए गए, जिनका मुख्य निशाना इजरायल के उत्तरी हिस्सों में मौजूद सैन्य ढांचे व सऊदी अरब को बनाया गया। सऊदी अरब में एक भारतीय समेत लोगों के मरने की खबर है, इस हमले में 12 मजदूर घायल बताए जा रहे हैं। आईआरजीसी ने बताया कि इस हमले में उसकी एयरोस्पेस डिवीजन ने नए खैबर-शेकन सॉलिड-फ्यूल मिसाइलों का उपयोग किया। इन मिसाइलों में टारगेट तक पहुंचने के अंतिम चरण तक मार्गदर्शन की क्षमता मौजूद है। ईरानी सैन्य बयान के मुताबिक इन मिसाइलों से इजरायल के उत्तरी शहर हाइफा में मौजूद सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। रिपोर्ट के अनुसार आईआरजीसी ने



**मुख्य निशाना इजरायल के उत्तरी हिस्सों में मौजूद सैन्य ढांचे को बनाया गया, यूएई पर 16 मिसाइलों व 117 ड्रोन से हमला**

**कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के ईंधन भंडारण क्षेत्र को शत्रु ड्रोनों से निशाना बनाया गया, सऊदी में एक भारतीय समेत दो की मौत**

**ईरान ने अपने जल शोधन संयंत्र पर हमले के जवाब में बहरीन में अमेरिका के सैन्य अड्डों पर हमला किया**

ड्रोन के जरिये उन इलाकों को भी निशाना बनाया जहां अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। दावा किया गया कि एक ड्रोन यूनिट ने उस स्थान को निशाना बनाया, जहां अमेरिकी बल मौजूद थे -शेष पृष्ठ दो पर

### इजरायल का तेहरान में प्रमुख तेल केंद्रों पर हमला

**तेहरान/तेल अवीव।** लेबनान की राजधानी बेरूत स्थित एक होटल पर इजरायल की ओर से किए गए हमले में चार लोग मारे गए, जबकि 10 अन्य लोग घायल हुए हैं। इजरायल ने ईरान की राजधानी तेहरान और अल्बोर्ज प्रांत में पांच प्रमुख तेल केंद्रों को निशाना बनाया।

ईरानी सरकारी टेलीविजन के अनुसार, इन हमलों में कम से कम चार टैंकर चालकों की मौत हो गई है। हमलों के बाद तेहरान का आसमान काले धुएं की मोटी चादर से ढक गया। वहीं अमेरिका और इजरायल ईरान के अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम के भंडार को कब्जे में लेने के लिए विशेष बलों की तैनाती की संभावना पर विचार कर रहे हैं। समाचार वेबसाइट एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार इस विषय पर दोनों देशों के बीच चर्चा हुई है। रिपोर्ट में मामले से परिचित चार सूत्रों का हवाला दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के युद्ध उद्देश्यों में ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना शामिल है और इसके लिए ईरान के पास मौजूद करीब 450 किलोग्राम (लगभग 992 पाउंड) 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम को कब्जे में लेना महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# राष्ट्रपति दौरा विवाद: गृह सचिव ने बंगाल सरकार से मांगी रिपोर्ट

**■ कहा: वॉशरूम में पानी नहीं था, सड़क पर कूड़ा था, ममता सरकार ने प्रोग्राम वेन्यू बदला था**

**कोलकाता/नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे में प्रोटोकॉल फॉलो नहीं करने के मामले में केंद्र ने राज्य के मुख्य सचिव से रिपोर्ट मांगी है। सूत्रों के मुताबिक, गृह सचिव ने रिपोर्ट में कहा कि राष्ट्रपति के लिए बनाए गए वॉशरूम में पानी नहीं था। प्रशासन ने जो रास्ता चुना था, वह कचरे से भरा था।

अधिकारियों के मुताबिक, यह रिपोर्ट रविवार को गृह मंत्रालय को भेजने के निर्देश दिए गए। उधर, पीएम मोदी और भाजपा ने इसे राष्ट्रपति का अपमान बताया है। मोदी ने कहा था कि ये शर्मनाक, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। राष्ट्रपति मुर्मू को 7 मार्च को आदिवासी समुदाय के हर साल होने वाले प्रोग्राम 9वें अंतर्राष्ट्रीय संथाल कॉन्फ्रेंस में बुलाया गया था। कार्यक्रम सिलीगुड़ी के बिधाननगर में होना तय था। हालांकि सुरक्षा और दूसरे लॉजिस्टिक कारणों का हवाला देते हुए, अधिकारियों ने जगह को बागडोगरा एयरपोर्ट के पास गोपालपुर में शिफ्ट कर दिया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कार्यक्रम स्थल बदले जाने पर नाराजगी जताई। कहा कि मुझे लगता है बंगाल सरकार आदिवासियों का भला नहीं चाहतीं। नॉर्थ बंगाल दौरे पर न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई मंत्री मुझे रिसीव करने आया। मुझे नहीं पता कि ममता मुझसे नाराज हैं या नहीं। वैसे, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। आप सब ठीक रहें।

## मुख्यमंत्री ममता का धरना तीसरे दिन भी रहा जारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का धरना रविवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। टीएमसी सुप्रीमो ने चुनाव आयोग को वैनिश कमीशन कहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा 'इलेक्टोरल रोल से सही वोटर्स के नाम हटाने के लिए वैनिश कमीशन का गलत इस्तेमाल' कर रही है।

उनका यह कमेंट ऐसे दिन आया है जब चुनाव आयोग की पूरी बेंच राज्य विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव की तैयारियों का रिव्यू करने के लिए कोलकाता आने वाली है। ममता ने कहा कि एक देश, एक नेता, एक पार्टी के पागलपन में, भाजपा ने जन-विरोधी इच्छाओं को पूरा करने के लिए हर लोकतांत्रिक संस्था और संवैधानिक पद को सिस्टमैटिक तरीके से हथियार बना लिया है। बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा का आखिरी मकसद बाबासाहेब अंबेडकर के बनाए गए



**■ बोलीं- भाजपा पर एक देश, एक नेता-एक पार्टी का पागलपन सवार, चुनाव आयोग को वैनिश कंपनी कहा**

संविधान को अपने पार्टी मैनिफेस्टो से बदलना है। ममता ने राज्य में एसआईआर में वोटर लिस्ट से नाम हटाने के विरोध में 6 मार्च दोपहर 2 बजे से कोलकाता के एस्प्लेनेड मेट्रो चैनल पर धरना शुरू किया है।

राष्ट्रपति बोलीं- ममता बनर्जी मेरी छोटी बहन जैसी हैं। मैं भी बंगाल की बेटी हूं। अगर प्रोग्राम बिधाननगर में होता, तो बेहतर होता। वहां काफी जगह है और बहुत से लोग आ सकते थे, लेकिन मुझे नहीं पता कि राज्य प्रशासन ने वहां मीटिंग की इजाजत क्यों नहीं दी।

## 19वां रोज़ा

### मगफिरत के लिए अल्लाह के जिक्र पर जोर देता है रोज़ा

कुरआने-पाक में अल्लाह का इरशाद है- सो तुम मुझे याद किया करो, मैं तुम्हें याद किया करूंगा और मेरा अहसान मानते रहना और नाशुक्री नहीं करना। इस आयत की रोशनी में मगफिरत के अशरे को तो समझा ही जा सकता है, साथ में उन्नीसवें रोज़े की खासियत और फजीलत का भी बयान किया जा सकता है। मगफिरत का अशरा अल्लाह के ज़िक्र पर जोर देता है। इसलिए उन्नीसवां रोज़ा अल्लाह की मुसलसल याद है और रोज़ेदार के लिए दुआ की मुकम्मल फरियाद है। आयत में अल्लाह का वादा भी तो जाहिर हो रहा है। अल्लाह का ये वादा सो तुम मुझे याद किया करो, मैं तुम्हें याद किया करूंगा, सिर्फ इशारा नहीं है, बल्कि ज़ाहिर कौल है और करार है। अल्लाह चूंकि रहीम है इसलिए उसने रहम फरमाया है, नरमी बरती है और फिर कहा कि मेरा अहसान मानते रहना और नाशुक्री नहीं करना, तो ये हुक्म तो है यानी आर्डर तो है मगर इसमें भी अल्लाह ने फज़्ल की गारंटी पहले दिए गए कौल में दे दी है।

# लोकसभा अध्यक्ष ने ऑल वुमेन बाइक रैली को दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक समाचार पत्र की ओर से यहां कनॉट प्लेस में आयोजित ऑल-वुमेन बाइक रैली 2026 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर उन्होंने सभी देशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं और महिलाओं की भूमिका को राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण बताया।

**■ बिरला ने महिलाओं की भूमिका को राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण बताया**

स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर भारत के नव निर्माण तक महिलाओं ने हर क्षेत्र में सशक्त नेतृत्व दिया है। उन्होंने कहा कि आज भारत की महिलाएं पंचायत से लेकर संसद तक नेतृत्व कर रही हैं और देश के विकास की मजबूत आधारशिला बन रही हैं।

# सात दिन में खाड़ी देशों से लौटे 50000 भारतीय

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय (एमईए) ने पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर अपडेट देते हुए बताया कि 1 से 7 मार्च 2026 के बीच 52,000 से ज्यादा भारतीय सुरक्षित रूप से खाड़ी देशों से भारत लौटे।

इसमें से 32,107 भारतीय एयरलाइंस के जरिये, बाकी लोग विदेशी कमर्शियल फ्लाइट्स और नॉन-शेड्यूल्ड फ्लाइट्स के जरिये वापस आए हैं। मंत्रालय के अनुसार, खाड़ी देशों में बिगड़ते हालात के बीच वहां फंसे भारतीयों

**■ 32,107 को भारतीय एयरलाइंस लेकर आई**
**■ अकेले इजरायल में रहते हैं लगभग 41 हजार इंडियन**

की सहायता के लिए एक विशेष कंट्रोल रूम बनाया गया है, जो प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के सवालों का जवाब दे रहा है। एमईए ने कहा कि क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को स्थानीय प्रशासन और भारतीय दूतावास/ वाणिज्य दूतावास द्वारा जारी सलाहों का पालन करने की सलाह दी गई है। विभिन्न देशों में स्थित भारतीय मिशनों ने 24गुना7 हेल्पलाइन भी शुरू की हैं। मंत्रालय के बयान के अनुसार, हाल के दिनों में क्षेत्रीय हवाई क्षेत्र आंशिक रूप से खुलने के बाद भारतीय और विदेशी एयरलाइंस कमर्शियल और स्पेशल फ्लाइट्स संचालित कर रही हैं। आने वाले दिनों में और उड़ानें संचालित करने की योजना है।

# धोखाधड़ी मामले में अनिल अंबानी पर नया केस दर्ज

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने पीएनबी की शिकायत पर रिलायंस कम्युनिकेशंस के प्रमुख अनिल अंबानी के खिलाफ 1,085 करोड़ रुपये की ऋण धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का एक नया मामला दर्ज किया है।

यह कार्रवाई पीएनबी के मुख्य प्रबंधक संतोषकृष्ण अन्नावरपु की एक शिकायत के आधार पर की गई है। न्यूज एजेंसी के पास मौजूद इस प्राथमिकी की प्रति के अनुसार, इसमें आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2013 से 2017 के बीच अनिल अंबानी और रिलायंस कम्युनिकेशंस के तत्कालीन अधिकारियों ने कथित तौर पर पीएनबी के साथ 1,085 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की। बैंक का आरोप है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस ने यह कर्ज वापस न करने की नीयत से प्राप्त किया। पीएनबी ने दावा किया कि कंपनी ने बैंक से प्राप्त धन को जानबूझकर अन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया। ऐसा करना धोखाधड़ी और विश्वास के आपराधिक उल्लंघन के समान है। सीबीआई द्वारा दर्ज इस प्राथमिकी में रिलायंस कम्युनिकेशंस, अनिल अंबानी के अलावा कुछ अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया गया है।

**■ 1085 करोड़ की पीएनबी धोखाधड़ी का मामला**

# आपदा सरकार ने रोकी थी दिल्ली की विकास यात्रा: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आपदा सरकार की वजह से दिल्ली का विकास रुक गया था, लेकिन पिछले एक साल में दिल्ली में चहुंओर विकास हो रहा है और इसका लाभ लोगों को मिल रहा है।

श्री मोदी ने रविवार को यहां बुराड़ी में आयोजित एक कार्यक्रम में दिल्ली में 33,500 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद कहा कि अब पता चल रहा है कि एक वर्ष पहले दिल्ली ने जिस आपदा से मुक्ति पाई वह कितनी जरूरी थी। अगर आपदा सरकार न



होती, तो मेट्रो का चौथा चरण पहले हो जाता। भाजपा की सरकार बनने के बाद दिल्ली में चारों तरफ विकास में तेजी आई है। दिल्ली में हर दिन लाखों लोग बसों में सफर करते हैं, इसलिए लोगों को साफ आरामदायक बस सेवा मिली है। चार हजार से अधिक बसें दिल्ली की सेवा कर रही हैं जिसमें ईवी बसें भी शामिल हैं। करीब दस वर्षों तक आपदा सरकार ने विकास का काम ठप कर रखा था, लेकिन अब विकास का तेजी से किया जा रहा है। भाजपा सरकार यमुना की सफाई के लिए भी बडे स्तर पर काम कर रही है। दिल्ली में पहले जो आपदा सरकार थी, उसे लोगों की परेशानी से कोई फर्क नहीं पड़ता था। आपदा सरकार ने कभी गरीबों की परवाह नहीं की, लेकिन रेखा गुप्ता के नेतृत्व में निरंतर स्थितियों को ठीक किया जा रहा है।

**■ प्रधानमंत्री ने दिल्ली में 33,500 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया**




**तुरन्त आवश्यकता**

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा ने ममता पर मुर्मू के अपमान का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अपमान करने का आरोप लगाते हुए निशाना साधा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में सुश्री बनर्जी और उनकी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति के पद का अपमान किया गया है। प्रसाद ने कहा कि श्रीमती मुर्मू संथाल फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन के लिए सिलीगुड़ी गई थीं, लेकिन बागडोगरा एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए राज्य सरकार की ओर से कोई मंत्री या अधिकारी मौजूद नहीं था। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सिलीगुड़ी के एक खुले मैदान में आयोजित होना था, लेकिन अंतिम समय में इसको रद्द कर कार्यक्रम को एयरपोर्ट के पास एक छोटे से हॉल में आयोजित किया गया।

### सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी वापस ली जाए: माकपा

**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में की गई बढ़ोतरी का कड़ा विरोध किया है। माकपा ने रविवार को जारी बयान में कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 60 रूपए की वृद्धि बेहद क्रूर है और इससे उज्ज्वला योजना के गरीब लाभार्थी भी नहीं बच पाए हैं। वहीं, कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमत में 114.50 रुपये की बढ़ोतरी का बोझ भी आम उपभोक्ताओं पर ही डाला जाएगा। इससे मध्यम वर्ग और मेहनतकश लोगों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा, जो पहले ही लगातार बढ़ती महंगाई और घटती वास्तविक आय से जूझ रहे हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सीएम ने जारी की चिट्ठी

# यूपी की बेटियों को डरने की जरूरत नहीं: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- बेटियां सुरक्षित और सम्मानित होने पर ही समाज की प्रगति
- मिशन शक्ति और एंटी रोमियो ने अपराध करने वालों के मन में डर पैदा किया

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की महिलाओं और बेटियों के नाम एक विशेष पत्र जारी किया है। अपने पत्र में मुख्यमंत्री ने प्रदेश की बेटियों को यह आश्वस्त किया है कि उन्हें अब किसी से डरने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने उल्लेख किया कि 2017 से पहले महिलाओं और बेटियों को असुरक्षा का अनुभव होता था, परंतु अब स्थिति बदल गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जोर देकर कहा कि सरकार की स्पष्ट नीति और साफ नियत के कारण महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। सीएम ने फिर दोहराया कि यदि कोई भी किसी बेटी को छेड़ता है, तो उसके लिए अगले चौराहे पर यमराज मिलेगा। उन्होंने कहा कि यूपी पुलिस को अपराध रोकने के बारे में छूट दी गई है, किसी निर्दोष को परेशान करने की नहीं। सीएम योगी ने अपनी चिट्ठी में लिखा कि मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों सशक्त समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि 2017 से पहले शाम होते ही घर से बाहर निकलने में बेटियां घबराती थी। स्कूल-कॉलेज तक जाने में डर लगता था, महिलाओं के साथ अपराध आम बात थी, लेकिन आज बेटियां रात की पाली में भी काम कर रही हैं।

### यूपी बना '5-टी मॉडल' का उदाहरण: योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में आए बदलाव के पीछे प्रधानमंत्री के '5-टी' विजन-ट्रेडिशन, टेक्नोलॉजी, ट्रांसपेरेंसी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि जब परंपरा, तकनीक, पारदर्शिता और विश्वास एक साथ आते हैं, तो परिवर्तन स्वत: होता है और उत्तर प्रदेश आज इसी 5-टी मॉडल का उदाहरण बन चुका है। रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि मिशन शक्ति का अगला चरण आगामी नवरात्रि से शुरू किया जाएगा।

### महिला दिवस पर मुख्यमंत्री ने किया नारी शक्ति का सम्मान

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नारी शक्ति का सम्मान किया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, सम्मान और रोजगार के अवसरों को एक साथ बढ़ावा दिया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं को चेक, नियुक्ति पत्र और आयुष्मान कार्ड प्रदान किए तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वाराणसी मंडल की महिलाओं से संवाद भी किया। कार्यक्रम के दौरान 'पिंक रोजगार महाकुंभ-2026' के तहत 5000 से अधिक महिलाओं को रोजगार के प्रस्ताव मिले। मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए बीमा प्रीमियम और साड़ी/वर्दी हेतु कुल 38.49 करोड़ रुपये की धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में हस्तांतरित की। इसमें साड़ी और वर्दी के लिए 29.59 करोड़ रुपये तथा बीमा प्रीमियम के लिए 8.90 करोड़ रुपये शामिल हैं।

## संवैधानिक पदों के सम्मान पर राजनीति न हो: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



- राष्ट्रपति के अपमान पर बोली बसपा सुप्रीमो

**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में आयोजित नौवें अंतर्राष्ट्रीय संथाल सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को उचित प्रोटोकाल न दिए जाने पर सियासत गर्म हो गई है। रविवार को सोशल मीडिया के जरिए प्रतिक्रिया देते हुए बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि भारतीय संविधान के आदर्शों और मान-मर्यादा के अनुसार सभी को राष्ट्रपति पद का सम्मान करना चाहिए और उनके प्रोटोकॉल का भी पूरा ध्यान रखना आवश्यक है।

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि इस पद का किसी भी प्रकार से राजनीतिकरण करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश की राष्ट्रपति एक महिला होने के साथ-साथ आदिवासी समाज से भी आती हैं। ऐसे में हाल ही में पश्चिम बंगाल में उनके दौरे को लेकर जो घटनाएं हुईं, वह नहीं होनी चाहिए थीं और यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सुश्री मायावती ने कहा कि पिछले कुछ समय से संसद में भी, विशेषकर लोकसभा अध्यक्ष के पद को लेकर जिस प्रकार का राजनीतिकरण किया जा रहा है, वह भी उचित नहीं है। सभी राजनीतिक दलों को संवैधानिक पदों का दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सम्मान करना चाहिए और उनकी गरिमा बनाए रखनी चाहिए।

## सभी के लिए मुफ्त सरकारी सुविधा जरूरी

नई दिल्ली, वार्ता



- अमीरों-गरीबों के लिए समान सुविधा हो

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि वह गरीबों तथा अमीरों को मिलने वाली मुफ्त सरकारी सुविधाओं के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इस बारे में विचार करते समय ईमानदारी बहुत जरूरी है। गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में रविवार को कहा कि गरीबों को दी जाने वाली सरकारी सुविधा का मजाक उड़ाया जाता है, जबकि अमीर लोगों को दी जाने वाली सुविधा को सम्मान बताया जाता है। उन्होंने लिखा, जब गरीबों को जीवनयापन के लिए सब्सिडी मिलती है, तो इसे 'रेवड़ी' और 'मुफ्त सुविधाएं' कहा जाता है। जब अडानी और अंबानी को कौड़ियों के भाव जमीन, कर छूट और करोड़ों के ऋण माफ किए जाते हैं, तो इसे विकास कहा जाता है। कांग्रेस नेता ने सुविधाओं के दोनों पक्षियों पर विचार करने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि गरीबों को शर्मिंदा किया जाता है। शक्तिशाली लोगों का गुणगान किया जाता है। मैं मुफ्त सुविधाओं के बारे में बातचीत के लिए तैयार हूं, लेकिन आइए ईमानदारी से दोनों पक्षों पर विचार करें। गांधी ने केरल में चुनावी माहौल के बीच अपनी सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) केरल के लोगों को पांच प्रमुख गारंटियों के माध्यम से एक मजबूत सुरक्षा कवच प्रदान करने जा रहा है।कॉलेज जाने वाली छात्राओं के लिए 1000 प्रति माह की वित्तीय सहायता, कल्याण पेंशन बढ़ाकर 3000 प्रति माह करने, ओमन चांडी के नाम प्रत्येक परिवार को 25 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर देने तथा युवाओं को व्यवसाय शुरू करने के लिए पांच लाख रुपये तक देंगे।

### महिलाओं के साथ समानता से होगी सच्ची प्रगति : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि कोई भी समाज तब ही सही अर्थों में प्रगति करता है, जब महिलाओं को बराबरी का सच्चा, सही और वास्तविक हक मिलता है। खड़गे ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लैंगिक समानता और महिलाओं के लिए बराबरी के हक को लेकर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के एक विचार का उद्धरण देते हुए लिखा कि दुख भोगने के लिए जन्म नहीं हुआ है। आपका लिए हुआ है।

## दो बच्चों की हत्या के बाद युवक ने की आत्महत्या

महराजगंज, वार्ता



- महाराजगंज में पारिवारिक कलह का खौफनाक अंत

पूर्वी उत्तर प्रदेश में महाराजगंज जिले के नौतनवा थाना क्षेत्र के गांधी नगर मोहल्ले में रविवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। पत्नी से नाराज एक पति ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में घटना का कारण पारिवारिक कलह बताया जा रहा है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार 66वीं वाहिनी एसएसबी में तैनात वंदना (35) निवासी सैथपुर, जिला गाजीपुर, दोमुहाना घाट बीओपी पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर कार्यरत हैं। वह अपने पति अमरेश कुमार (40), चार वर्षीय बेटे अमरेंद्र कुमार और तीन वर्षीय बेटी कंचन के साथ नौतनवा कस्बे के गांधी नगर मोहल्ले में रहती थीं। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच पिछले कुछ समय से संबंध ठीक नहीं थे और अक्सर दोनों के बीच कहासुनी होती रहती थी। दो दिन पहले भी दोनों के बीच विवाद होने की चर्चा है। शनिवार शाम को वंदना ड्यूटी पर चली गई थीं और रविवार सुबह घरेलू कामकाज निपटाने के बाद फिर ड्यूटी के लिए निकल गईं। इसी दौरान सुबह करीब सात बजे मकान के निचले हिस्से में रहने वाले किराएदार को ऊपर से कुछ असामान्य आवाज सुनाई दी। जब वह ऊपर गया, तो कमरे का दृश्य देखकर सन्न रह गया। कमरे में अमरेश कुमार, उनके बेटे अमरेंद्र और बेटी कंचन तीनों के शव फंदे से लटके हुए मिले। घटना की जानकारी किराएदार ने तत्काल महिला को दी। सूचना मिलते ही वह ड्यूटी छोड़कर घर पहुंचीं और बच्चों के शव देखकर बेसुध हो गईं। आसपास के लोगों ने उन्हें संभाला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### रीवा एक्सप्रेस में आशुतोष पर जानलेवा हमला लहूलुहान हालत में प्रयागराज पहुंचे

**प्रयागराज (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ न्यायालय में यौन उत्पीड़न का मामला दायर करने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी पर रविवार को रीवा एक्सप्रेस ट्रेन में जानलेवा हमला कर दिया गया।

हमलावर ने उन पर धारदार हथियार से वार किया, जिसमें वह घायल हो गए। बताया गया कि आशुतोष ब्रह्मचारी गाजियाबाद से रीवा एक्सप्रेस के एच-1 कोच में सवार होकर प्रयागराज आ रहे थे। इसी दौरान फतेहपुर और कौशांबी जिले के सिराथू रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन में उन पर हमला कर दिया गया। आशुतोष ब्रह्मचारी ने बताया कि हमलावर ने धारदार हथियार से उन पर कई वार किए और उनकी नाक काटने की कोशिश भी की। जान बचाने के लिए उन्होंने खुद को ट्रेन के टॉयलेट में बंद कर लिया, जिससे उनकी जान बच सकी। हमले में उन्हें कई जगह चोटें आई हैं और वह लहूलुहान हालत में प्रयागराज जंक्शन पहुंचे। यहां पहुंचने के बाद उन्होंने जीआरपी थाने में मामले की एफआईआर दर्ज कराई। इसके बाद उन्हें मेडिकल परीक्षण के लिए कॉल्विन अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 78918.90
निफ्टी 24450.45



सोना 159409
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 263210
प्रति किलो



## शेयर बाजारों पर दिखेगा पश्चिम एशिया का असर

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही बड़ी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में एक बार फिर पश्चिम एशिया संकट का दबाव हावी रह सकता है। अमेरिका और इजरायल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई में गत 28 मार्च को ईरान पर किए गए हमले और उसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण पश्चिम एशिया में स्थिति काफी बिगड़ गई है।

कच्चे तेल की कीमत आसमान छू रही है, वैश्विक व्यापार की आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई है और अनिश्चितता अपने चरम पर है। यदि सैन्य टकराव कम होने की खबर नहीं आती है, तो बाजार और गिर सकता है। पिछले सप्ताह 3 मार्च को होली के अवकाश के कारण शेयर बाजारों में चार दिन ही कारोबार हुआ। गुरुवार को छोड़कर अन्य तीन दिन बाजार में बिकवाली हावी रही। पूरे सप्ताह के दौरान बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2,368.29 अंक (2.91 प्रतिशत) टूटकर सप्ताहांत पर 78,918.90 अंक पर बंद हुआ। यह 17 अप्रैल 2025 के बाद का इसका निचला स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 728.20 अंक यानी 2.89 फीसदी गिरकर 24,450.45 अंक पर आ गया, जो 29 अगस्त 2025 के बाद का निचला स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.77 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.54 प्रतिशत गिर गया। बैंकिग सेक्टर पर सबसे अधिक दबाव रहा। ज्यादा दबाव वाले अन्य सेक्टर रियलटी, वित्त, मीडिया, ऑटो और तेल एवं गैस शामिल हैं। सेंसेक्स की कंपनियों में निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो का शेयर सबसे अधिक 8.68 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट में रहा।

## शीर्ष आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,81,582 करोड़ घटा

**मुंबई।** शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही बड़ी गिरावट के बीच बीएसई की शीर्ष 10 में से शामिल आठ कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 2,81,582 करोड़ रुपये घट गया, जबकि अन्य दो का 18,209 करोड़ रुपये बढ़ा। सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक को बाजार पूंजीकरण में सबसे अधिक 53,953 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक को 46,937 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक को 46,552 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। अभियांत्रिकी एवं विनिर्माण क्षेत्र की कंपनी एलएंडटी का एमकैप 45,629 करोड़ रुपये कम हुआ। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी बजाज फाइनेंस का एमकैप 28,935 करोड़ रुपये और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस का 28,492 करोड़ रुपये घट गया। एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनीलिवर का एमकैप 26,351 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल का 4,732.75 करोड़ रुपये कम हुआ। विविध क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 14,750 करोड़ रुपये और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इंफोसिस का 3,459 करोड़ रुपये बढ़ा। बाजार पूंजीकरण के मामले में 19,01,583 करोड़ रुपये के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक का एमकैप 13,19,107 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल का 10,67,121 करोड़ रुपये दर्ज किया गया।

## चावल, गेहूं और चीनी नरम, खाद्य तेलों दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव गिर गए। चावल के साथ गेहूं और चीनी में भी नरमी रही। खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 20 रुपये घटकर सप्ताहांत पर 3,833 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 15 रुपये सस्ता होकर 2,819 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। आटे की कीमत 3,310 रुपये प्रति पर लगभग स्थिर रही। दालों की कीमत में घट-बढ़ रही। मूंग दाल की औसत कीमत 50 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। तुअर दाल 44 रुपये और चना दाल 40 रुपये सस्ती हुई। उड़द दाल का भाव 25 रुपये गिर गया। मसूर दाल सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में भी उतार-चढ़ाव देखा गया। सूरजमुखी तेल की औसत कीमत 83 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सरसों तेल भी 11 रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल 89 रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल और वनस्पति की कीमत भी 28.28 रुपये टूट गई। सोया तेल 22 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 22 रुपये प्रति क्विंटल घट गए। चीनी भी पांच रुपये सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे- दाल चना 7717.41 रुपये, मसूर काली 8058.07 रुपये, मूंग दाल 10134.08 रुपये, उड़द दाल 10728.62 रुपये, तुअर दाल 11123.50 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2819.20 रुपये और चावल 3832.57 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3310.30 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4305.17 रुपये और गुड़ 4985-03 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17661.50 रुपये, मूंगफली तेल 18301.31 रुपये, सूरजमुखी तेल 16689.67 रुपये, सोया तेल 14109.16 रुपये, पाम ऑयल 12774.07 रुपये और वनस्पति 14557.50 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**ईरान की...**

और जो वॉर्नर ब्रदर्स कंपनी की इमारतों के पास स्थित है। आईआरजीसी ने यह भी कहा कि उसकी नौसेना ने बहरीन के सलमान पोर्ट पर मौजूद अमेरिकी नौसेना के ढांचे को निशाना बनाया। यह स्थान अमेरिकी नेवी के पांचवें फ्लीट से जुड़ा माना जाता है। ईरानी सेना के अनुसार यहां मानव रहित सतही जहाजों के कमांड सेंटर और सैन्य सहायता हैंगर पर हमले किए गए। ईरान का दावा है कि इन हमलों के बाद इजरायल के कई क्षेत्रों में लगातार आपातकालीन सायरन बज रहे हैं और हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। आईआरजीसी ने यह भी आरोप लगाया कि इजरायली प्रशासन सैन्य ठिकानों की सुरक्षा के लिए नागरिकों को कुछ इलाकों में सीमित कर रहा है। आईआरजीसी ने अपने बयान में कहा कि ईरानी सशस्त्र बल लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष के लिए तैयार हैं और उनकी यूनिट्स सटीक योजना के साथ अमेरिकी बलों की गतिविधियों पर नजर रख रही हैं। गौरतलब है कि ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 की शुरुआत पिछले सप्ताह विदेशी हमलों के बाद हुई थी। इसके बाद से ईरान की ओर से सैकड़ों बैलिस्टिक मिसाइल और आत्मघाती ड्रोन दागे जाने का दावा किया गया है।

इनमें तेल अवीव, यरूशलेम और बेर्शेबा जैसे अहम इलाकों को निशाना बनाने की बात कही गई है। वहीं अमेरिका-इजरायल की तरफ से हमले के बाद ईरान अपने पड़ोसी देशों में मौजूंद अमेरिकी ठिकानों को निशाना बना रहा है।

इस कड़ी में ईरान यूएई पर 16 मिसाइल और 117 ड्रोन से हमले किए हैं। इसी बीच कुवैत की सेना ने बताया कि कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के ईंधन भंडारण क्षेत्र को शत्रु ड्रोनों से निशाना बनाया गया। वायु रक्षा प्रणालियों ने कई ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराया, लेकिन इस दौरान गिरे मलबे से कुछ नागरिक ढांचे को नुकसान पहुंचा। सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने भी रविवार तड़के ड्रोन हमलों की पुष्टि करते हुए कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने कम से कम 21 ड्रोन को मार गिराया है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के आपदा प्रबंधन इकाई ने भी संभावित हमलों के प्रति आज चेतावनी जारी की थी। ईरान ने अपने जल शोधन संयंत्र पर हुए हमले के जवाब में बहरीन में अमेरिका के सैन्य अड्डों पर हमला किया है।

ईरान के सर्वोच्च परिचालन कमान के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल इब्राहिम जोलफकारी ने शनिवार को कहा कि जुबैर स्थित अमेरिकी अड्डे से केश्म द्वीप के केश्म जल शोधन संयंत्र पर हमले के जवाब में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने अमेरिकी ठिकाने को निशाना बनाया।

## बीजेपी 'वैनिश कमीशन' का गलत इस्तेमाल कर रही: ममता

कोलकाता, वार्ता



- सीईसी के कोलकाता दौरे पर ममता का बड़ा हमला

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व चुनाव आयोग की फुल बेंच आज शाम कोलकाता पहुंच गई है।

चुनाव आयोग की टीम सोमवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और पुलिस एवं आला अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। चुनाव आयोग की बैठक से पहले राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर हमला बोला है और चुनाव आयोग को वैनिश कमीशन करार देते हुए कहा कि बीजेपी वैनिश कमीशन का गलत इस्तेमाल वैध मतदाताओं का नाम हटाने के लिए कर रही है। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक नींव पर अभूतपूर्व और सीधा हमला किया जा रहा है। एक राष्ट्र, एक नेता, एक पार्टी' की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी सुनियोजित तरीके से हर लोकतांत्रिक संस्था एवं संवैधानिक पद का गलत इस्तेमाल कर रही है। ममता बनर्जी ने कहा कि सालों से केंद्रीय एजेंसियां, राष्ट्रीय आयोगों और न्यायपालिका का एक वर्ग को बंगाल के खिलाफ खड़ा किया गया है, वे बर्बाद हो चुके आयोग का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं, ताकि वे वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटावा सकें। इस बीच मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार समेत कमीशन की फुल बेंच सोमवार सुबह कालीघाट मंदिर जाएगी, वहां पूजा करेंगे। चीफ इलेक्शन कमिश्नर का मंगलवार को फिर से बेलूर मठ जाने का प्रोग्राम है। एसआईआर की फाइनल लिस्ट 28 फरवरी को पब्लिश हुई थी। हालांकि 60 लाख नाम अनसुलझे लिस्ट में हैं। राजनीतिक पार्टियों ने मांग की है कि जब तक अनसुलझे लिस्ट का निपटारा नहीं हो जाता, तब तक चुनाव नहीं हों। ऐसे में इस बात को लेकर अटकलें तेज हो रही हैं कि वोटिंग शेड्यूल कब अनाउंस होगा। क्या पोलिटिकल पार्टियों के साथ मीटिंग के बाद कमीशन किसी फैसले पर पहुंचेगा?

## इस साल पालकी पर बैठ धरती पर आएंगी मां दुर्गा

- 19 मार्च से शुरू होगा नवरात्र पर्व, 27 को समापन

**नई दिल्ली।** नवरात्र का पर्व माता दुर्गा के भक्तों के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दौरान माता के नौ अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है, साथ ही व्रत रखा जाता है। नवरात्र के दिन भक्ति और आराधना के होते हैं। 19 मार्च को चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि के दिन चैत्र नवरात्र की शुरुआत हो जाएगी। इसका समापन 27 मार्च को राम नवमी के दिन होगा।

हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्र में माता रानी धरती लोक पर अपने भक्तों के दुख और संकट हरने के लिए आती हैं। इस दौरान किए गए पूजा-पाठ का विशेष फल प्राप्त होता है। इस साल चैत्र नवरात्र में माता दुर्गा पालकी पर सवार होकर धरती लोक पर आने वाली हैं, जबकि हाथी पर बैठकर माता प्रस्थान करेंगी। एक सवाल लोगों के मन में अक्सर आता है कि माता का वाहन कैसे तय होता है? चैत्र नवरात्र में देवी दुर्गा पालकी की सवारी पर आ रही हैं, लेकिन माता का पालकी पर आना अशुभ संकेत माना जाता है। मान्यताओं के अनुसार माता रानी का पालकी पर आने अर्थ ये है कि देश-दुनिया महामारी और बीमारी की चपेट में आ सकती है। माता का पालकी पर सवार होकर आना व्यापार और अर्थव्यवस्था के लिए भी शुभ नहीं रहता है। मां दुर्गा का वाहन सिंह यानी शेर माना जाता है। माता दुर्गा शेर पर ही सवार रहती हैं, लेकिन जब देवी मां नवरात्र में पृथ्वीलोक पर आती हैं, तब उनका वाहन बदल जाता है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस : सीएम ने 38 वरिष्ठ महिलाओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्य सेवक सदन, देहरादून में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वरिष्ठ मातृशक्ति का सम्मान ष्नारी तू नारायणीष् कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शिक्षा, समाज सेवा, उद्यमिता, पर्यावरण संरक्षण, कृषि, संस्कृति, जल संरक्षण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली राज्यभर से 38 वरिष्ठ महिलाओं को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आज उन महिलाओं का सम्मान हो रहा है, जिनके त्याग, संघर्ष, स्नेह और संस्कारों ने परिवार, समाज और राष्ट्र की नींव को मजबूत किया है। उन्होंने कहा महिलाओं के स्नेह, त्याग और आशीर्वाद से पीढ़ियाँ आगे बढ़ती हैं और समाज निरंतर प्रगति करता है। महिलाएं, मां के रूप में अपने जीवन के प्रत्येक सुख को त्यागकर अपने बच्चों को आगे बढ़ाती हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों, वृद्ध माताओं की सेवा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। राज्य सरकार, महिलाओं-विशेषकर वरिष्ठ महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएँ चला रही है। राज्य सरकार, वृद्धावस्था पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। बुजुर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के साथ राज्य के विभिन्न जिलों में वृद्धाश्रमों की व्यवस्था को भी मजबूत किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क धार्मिक यात्राओं की सुविधा दे रही है। उन्होंने कहा सरकार का संकल्प है कि उत्तराखंड की हर वृद्ध माता को सम्मान, सुरक्षा और आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने का पूरा अवसर मिल सके। इस अवसर पर उपाध्यक्ष उत्तराखंड जनजाति सलाहकार परिषद गीता राम गौड़, निदेशक बीएल राणा, विक्रम सिंह, एस के त्रिपाठी, मोहित चौधरी एवं नीतू फुलेरा मौजूद रहे।



■ वरिष्ठ मातृशक्ति के त्याग और संघर्ष को नमन ■ मुख्यमंत्री ने कहा, महिलाओं के संस्कारों से मजबूत होती है समाज और राष्ट्र की नींव

### इन महिलाओं को किया गया सम्मानित

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने जनपद देहरादून से श्रीमती पार्वती देवी नेगी, श्रीमती मीना रवि, श्रीमती डा० ज्योति मरवाह, जनपद नैनीताल से श्रीमती धनुली नेगी, श्रीमती मीनू जोशी, श्रीमती लता हर्बोला, जनपद रुद्रप्रयाग से श्रीमती भादी देवी, श्रीमती गीता नौटीयाल, श्रीमती रामेश्वरी भट्ट जनपद चंपावत से श्रीमती उर्मिला चन्द, जनपद पौड़ी गढ़वाल से डॉ कु० उर्मिला राणा, श्रीमती कमला नेगी, श्रीमती पार्वती देवी, जनपद अल्मोडा से श्रीमती मनोरमा जोशी, सुश्री हेमलता वर्मा, श्रीमती कामिनी कश्यप, जनपद उत्तरकाशी से श्रीमती सरतमा देवी, श्रीमती विशाला भण्डारी, श्रीमती शन्ति ठाकुर। जनपद चमोली से सुशीला सेमवाल, श्रीमती चद्रकला बिष्ट, श्रीमती कलावती देवी, श्रीमती मुन्नी देवी, जनपद बागेश्वर से श्रीमती नीमा दफौटी, श्रीमती नारायणी देवी, श्रीमती गंगा राम, जनपद टिहरी गढ़वाल से श्रीमती सोबती देवी, श्रीमती लता देवी, श्रीमती प्रभा रतूड़ी, जनपद ऊधम सिंह नगर से श्रीमती मीना शर्मा, श्रीमती आशा मुन्जाल, श्रीमती इन्द्रा मिश्रा, हरिद्वार से सैयदा खातुन, श्रीमती बाला देवी उर्फ ब्रज किशोरी, श्रीमती कान्ति एवं पिथौरागढ़ श्रीमती दुर्गा खड़ावत, श्रीमती शकुलन्ता दयाल, श्रीमती देवकी जोशी को सम्मानित किया।

### पहाड़ की असली ताकत उसकी मातृशक्ति: धामी



मुख्यमंत्री ने कहा वरिष्ठ महिलाएं, परिवारों के साथ संस्कृति, परंपरा और जीवन मूल्यों की रक्षक भी हैं। उन्होंने कहा उत्तराखंड की मातृशक्ति का योगदान और भी अधिक प्रेरणादायी और गौरवपूर्ण है। हमारे प्रदेश की महिलाएं परिवार को संभालने के साथ खेत-खलिहानों को संवारती हैं। राज्य की महिलाएं कठिन परिस्थिति में भी मजबूती से आगे बढ़ती हैं। उत्तराखंड की माताओं ने अपने त्याग, परिश्रम और अदम्य साहस से इस राज्य को आगे बढ़ाया है। पहाड़ की असली ताकत उसकी मातृशक्ति है।

### गिव टू गेन है अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम

सचिव चंद्रेश कुमार यादव ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम की मुख्य थीम 'गिव टू गेन'। 'गिव टू गेन' निर्धारित की गई है। इस थीम के अनुरूप ऐसे वरिष्ठ महिलाओं को सम्मानित किया जा रहा है, जो 60 वर्ष से अधिक आयु होने के बावजूद भी सक्रिय, आत्मनिर्भर और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। वरिष्ठ महिलाओं के चयन की प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रतिनिधिक बनाने के लिए प्रत्येक जनपद से निम्न आय वर्ग, मध्यम आय वर्ग एवं उच्च आय वर्ग से एक-एक महिला का चयन किया गया है। इसके लिए जनपद स्तर पर समिति का गठन करते हुए पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से चयन सुनिश्चित किया गया है, ताकि समाज के विभिन्न वर्गों की प्रेरणादायी महिलाओं को सम्मानित किया जा सके।

### सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली महिलाएं समाज के लिए प्रेरणादायी : रेखा आर्या



महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली महिलाएं समाज के लिए भी प्रेरणादाई होती हैं। उन्होंने कहा जो व्यक्ति सक्रिय रहेगा वही जीवंत भी रहेगा। सक्रियता जीवन को संपन्न बनती है। उन्होंने कहा महिला सशक्तिकरण की शुरूआत स्वयं अपने घर से शुरू होकर समाज और देश में जाएगी। महिलाएं हमेशा अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करती है। महिला शक्ति ही वह शक्ति है जो परिवार के साथ समाज और देश का भी निर्माण करती हैं।

रेखा आर्या ने बताया कि आज जिन वरिष्ठ महिलाओं को सम्मानित किया जा रहा है, उनका जीवन संघर्ष, धैर्य और समाज के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका अनुभव और मार्गदर्शन समाज की अमूल्य धरोहर है।

रेखा आर्या ने कहा कि सम्मानित की गई सभी महिलाएं 60 वर्ष से अधिक आयु की हैं, लेकिन उन्होंने शारीरिक और मानसिक रूप से थकने या कार्य से विरत होने के बजाय समाज सेवा का मार्ग चुना है। उन्होंने कहा कि ये सभी महिलाएं प्रदेश की महिलाओं के लिए सच्चे अर्थों में प्रेरणा और सशक्तिकरण की जीवंत मिसाल हैं।

# भाजपा को कल्याणकारी बजट और सार्थक चर्चा की उम्मीद

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने विकासोन्मुख एवं कल्याणकारी बजट की उम्मीद के साथ सभी विधायकों को बजट सत्र की शुभकामनाएं दी है।

प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि जिस तरह का उत्साहवर्धक आर्थिक सर्वेक्षण सामने आया है उससे निश्चित है कि राज्य को उससे आगे ले जाने वाला बजट सरकार लेकर आएगी। लिहाजा राज्य की आर्थिक सेहत के साथ जन मुद्दों एवं समस्याओं को उठाने के इस सुनहरे अवसर का लाभ सभी पक्षों अवश्य लेना चाहिए। कल (आज) से ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैण में प्रारंभ होने वाले बजट सत्र को लेकर जारी अपने संदेश में उन्होंने प्रस्तावित बजट और चर्चा को प्रदेशवासियों की आकांक्षाओं का पूरक बताया है। चूंकि वर्तमान भाजपा सरकार के कार्यकाल का यह अंतिम बजट है लिहाजा यह ऐतिहासिक और उत्तराखंड को विकसित राज्य की पहली पायदान पार कराने का दस्तावेज होगा। भाजपा सरकारों और विशेषकर विगत 4 वर्षों में जनसहयोग के साथ किए गए अथक प्रयासों का नतीजा रहा कि राज्य विकसित होते राज्यों की श्रेणी में शुमार हो गया है। ताजा आर्थिक सर्वेक्षण भी इस सच्चाई को आंकड़ों के रूप में स्वीकार करता नजर आता है। प्रति व्यक्ति आय, सकल घरेलू उत्पाद, विकास दर, रोजगार सृजन, उद्योगों के अनुकूल वातावरण, सतत विकास सूचकांक, निर्यात के अनुकूल व्यवस्था आदि विकास के सभी मानदंडों में हम शीर्ष राज्यों में शामिल हुए हैं। इसी तरह आम लोगों के लिए बिजली, पानी, सड़क, अन्य कनेक्टिविटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, शिक्षा, दैनिक जीवन की अन्य जरूरी आवश्यकताओं को भी पूरा करने में केंद्र के सहयोग से राज्य अव्वल है। उन्होंने कहा कि आज विकसित राज्य निर्माण के हाइवे पर उत्तराखंड ने अपना सफर शुरू कर दिया है।



■ उत्साहजनक आर्थिक सर्वेक्षण के बाद विकास को रफ्तार देगा धामी सरकार का बजट: भट्ट

# गैरसैंण में आज से शुरू होगा बजट सत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** नौ मार्च से शुरू हो रहे बजट सत्र के लिए विधानसभा सचिवालय ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

बजट सत्र के लिए सरकार रविवार को ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण पहुंच गई है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के भराड़ीसैंण (गैरसैंण) आगमन पर विधायक अनिल नौटियाल, जिलाधिकारी चमोली गौरव कुमार, एसपी सुरजीत सिंह पंवार एवं स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया।

मुख्यमंत्री धामी के अलावा विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण समेत सभी मंत्री, विधायक, अधिकारी दोपहर बाद भराड़ीसैंण पहुंचे। विधानसभा भवन में सत्र के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बार पक्ष-विपक्ष विधायकों के 600 प्रश्न सदन में गरमाएंगे। इसके अलावा सरकार की ओर से कई विधेयक, अध्यादेश, विभागों की वार्षिक प्रतिवेदन रिपोर्ट सदन पटल पर रखा जाएगा। विधानसभा परिसर व आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए।

भराड़ीसैंण विधानसभा भवन में राज्यपाल के अभिभाषण से बजट सत्र की शुरूआत होगी। रविवार को भराड़ीसैंण में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में सदन संचालन के लिए एजेंडा तय किया गया। प्रदेश सरकार 10 मार्च को बजट पेश कर सकती है।

बजट सत्र में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस कानून व्यवस्था, महंगाई और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर सरकार को घेरने काम कर सकती है। इनमें सबसे ज्यादा अहम् मुद्दा कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस सदन गरमा सकती है। कांग्रेस कानून व्यवस्था को लेकर पिछले दिनों पूरे प्रदेश में धरने प्रदर्शन कर चुकी है। ऐसे में संभावना है कि सोमवार को बजट सत्र के पहले ही दिन मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाकर सरकार को घेरने का काम करे। दोनो हीं तरफ सत्र को लेकर तैयारी हो चुकी है।



■ पक्ष-विपक्ष के 600 से ज्यादा सवालों से गरमाएगा सदन
■ राज्यपाल के अभिभाषण से होगी बजट सत्र की शुरूआत

# बजट सत्र-2026 के लिए पुलिस प्रशासन की तैयारियां पूर्ण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भराड़ीसैंण/चमोली।** 09 मार्च से भराड़ीसैंण (गैरसैंण) में आयोजित होने वाले विधानसभा बजट सत्र के दृष्टिगत जनपद पुलिस एवं प्रशासन की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है।

अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, उत्तराखण्ड डॉ. वी. मुरूगेशन द्वारा भराड़ीसैंण में सत्र ड्यूटी में नियुक्त समस्त पुलिस बल की ब्रीफिंग ली गई।

ब्रीफिंग के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया गया कि यहां पर उपस्थित पुलिस बल पूर्व में भी कई बार विधानसभा सत्र ड्यूटी का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुका है और इसी प्रकार इस बार भी पूरी मुस्तैदी, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया जाना है। विधानसभा गेट ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए गए कि आने-जाने वाले व्यक्तियों एवं वाहनों की गहन चेकिंग की जाए तथा केवल अधिकृत व्यक्तियों,पासधारकों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाए। वहीं बैरियर ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार के जुलूस, धरना या प्रदर्शन की स्थिति में कोई भी अराजक तत्व बैरियर पार कर विधानसभा परिसर के निकट न पहुंचने पाए।

इसके साथ ही पुलिस बल को ड्यूटी के दौरान अपना व्यवहार संयमित एवं मर्यादित रखने, संवेदनशीलता के साथ कार्य करने तथा किसी भी प्रकार की असामान्य स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल अपने प्रभारी अधिकारी को अवगत कराने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी चमोली गौरव कुमार एवं पुलिस अधीक्षक चमोली सुरजीत सिंह पँवार द्वारा भी ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए विधानसभा सत्र के दौरान पूर्ण सतर्कता, अनुशासन तथा समन्वय के साथ ड्यूटी का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए।

ब्रीफिंग के दौरान सत्र ड्यूटी में नियुक्त सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

विधानसभा सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए व्यापक पुलिस बल की तैनाती की गई है। विधानसभा बजट सत्र के दौरान जनपद पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक प्रबंध किए गए हैं, ताकि सत्र का संचालन शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो सके।



■ अपर पुलिस महानिदेशक ने ड्यूटी में नियुक्त समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को ब्रीफ कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# एकतरफा प्यार में खूनी खेल में छात्रा पर हमला करने वाला गिरफ्तार

■ शादी से इन्कार और शक के चलते छात्र ने युवती पर चाकू से किए कई वार, आरोपी मेरठ का निवासी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी के क्लेमेंटाउन क्षेत्र में एक सिरफिरे छात्र ने अपनी सहपाठी युवती पर चाकू से जानलेवा हमला कर उसे मरणासन्न कर दिया।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी छात्र को दून अस्पताल परिसर से गिरफ्तार कर लिया है। वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया है। युवती की हालत फिलहाल गंभीर बनी हुई है। पुलिस के अनुसार, रायपुर रोड निवासी कृष्ण चंद्र वर्मा ने थाना क्लेमेंटाउन में तहरीर दी कि उनकी पुत्री, जो एक निजी शिक्षण संस्थान में पढ़ाई कर रही है, पर उदय पुत्र महेश (निवासी मेरठ) ने जान से मारने की नियत से चाकू से हमला किया। हमले में युवती को गंभीर चोटें आई हैं, जिसका उपचार दून अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज किया।

### शक और विवाद बनी हमले की वजह

पकड़े गए आरोपी उदय सिंह उर्फ विशु निवासी जागृति विहार, मेरठ, उत्तर प्रदेशने पूछताछ में बताया कि वह एम.सी.ए. प्रथम वर्ष का छात्र है। उसकी मुलाकात युवती से सितंबर 2025 में संस्थान में हुई थी, जिसके बाद वे संपर्क में थे।

आरोपी युवती से शादी करना चाहता था, लेकिन उसे शक था कि युवती किसी अन्य युवक के संपर्क में है। इसी बात को लेकर 7 मार्च को दोनों के बीच तीखी बहस हुई, जिसके बाद आवेश में आकर उदय ने युवती पर चाकू से हमला कर दिया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक परमेंद्र डोभाल के निर्देश पर गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को दून अस्पताल परिसर से दबोच लिया। आरोपी की निशानदेही पर ओगल भट्टा स्थित उसके किराए के कमरे से खून से सना चाकू बरामद किया गया है।

# शिक्षा, रोजगार और रिवर्स पलायन जैसे क्षेत्रों मे हुआ अभूतपूर्व कार्य: चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि राज्य मे शिक्षा, रोजगार और रिवर्स पलायन सहित कई मुद्दों का सकारात्मक और उत्साहजनक नतीजे सामने आये हैं और जनता का धामी सरकार पर भरोसा बढ़ा है।

नेता प्रतिपक्ष की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि गैर भाजपा सरकारों की अपेक्षा वर्तमान धामी सरकार मे हो रहे विकास कार्य एक नजीर हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र मे हमारे पर्वतीय क्षेत्र के छात्र अपना जौहर दिखा रहे है। अखिल भारतीय स्तर की परीक्षाओं से लेकर राज्य मे निष्पक्ष रूप से अनेक रोजगार परक परीक्षाओं मे बेरोजगार रोजगार हासिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मे नकल के सायें मे हो रही परीक्षाओं की विश्वसनीयता संदेह के दायरे मे रही है, लेकिन धामी सरकार ने न केवल इस नेटवर्क को तोड़ा, बल्कि कड़ा नकल कानून भी बनाया। नकल विहीन परीक्षा का ही नतीजा है कि 40 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी हासिल हुई। चौहान ने कहा कि आज बेहतर कनेक्टिविटी का ही नतीजा है कि प्रदेश मे पर्यटकों की स्थिति कई गुना हर साल रिकार्ड स्तर पर बढ़ रही है। सड़क और वायु यातायात मे उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। हमारे तीर्थ धामों मे बेहतर आल वेदर रोड से लेकर अन्य स्थानों पर भी सुविधाएं विकसित हुई और आज उत्तराखंड टूरिज्म का हब बना है जो हजारो युवाओं को रोजगार मुहैया करा रहा है। हजारों महिलाएं स्वरोजगार के जरिये आत्म निर्भर बनी है। लखपति दीदी योजना इसका उदाहरण है। देश मे कांग्रेस शासित प्रदेशों की अपेक्षा उत्तराखंड मे अपराध की दर काफी कम है। हर मामले मे रिपोर्ट दर्ज होने से लेकर त्वरित कार्यवाही देखी जा सकती है। हालांकि कांग्रेस की सरकार मे थाने चौकियों मे रिपोर्ट दर्ज करने मे भी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। शराब और खनन जैसे व्यवसाय मे माफियाओं को सरकार का सरंक्षण मिलता रहा।




■ राज्य मे चल रही अनेक विकास योजनाएं, जनता को भाजपा पर विश्वास

# 9 मार्च को गैरसैंण विधानसभा घेराव करेगी यूकेडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

चमोली। ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में 9 मार्च से 13 मार्च तक आयोजित होने वाले पांच दिवसीय बजट सत्र को लेकर उक्रांद ने विधानसभा घेराव की तैयारी तेज कर दी है। घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उक्रांद के सक्रिय नेता व युवा प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष आशीष नेगी गैरसैंण क्षेत्र में सक्रिय हैं। इस दौरान वे विभिन्न गांवों का भ्रमण कर आमजन को उक्रांद के साथ जुड़ने का आह्वान करने के साथ ही विधानसभा घेराव कर लिए भी समर्थन मांग रहे हैं।

आशीष नेगी ने कहा कि उत्तराखंड भाजपा और कांग्रेस दलों की राजनीति में फंसकर रह गया है, जिसमें उत्तराखंड की आम जनता पीस रही है. राष्ट्रीय दलों की जकड़न से उत्तराखंड को मुक्त करने की बात कहते हुए उन्होंने कहा कि उक्रांद की सरकार बनने पर पहली केबिनेट में ही गैरसैंण को स्थाई राजधानी घोषित किया जाएगा. वहीं परिसीमन को भौगोलिक आधार पर लागू किया जाएगा, जिससे विधायकों की संख्या 100 से ज्यादा होगी. उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के बेहतर विक. ासीय नियोजन के लिए गढ़वाल व कुमाऊं में एक-एक नई कमीशनरी का गठन किया जाएगा. पर्वतीय क्षेत्रों के विकास के लिए नए जनपदों की आवश्यकता है, जिसके तहत कुल 26 जिलों का ब्लू प्रिंट भी उक्रांद द्वारा तैयार किया गया.

उन्होंने कहा कि 2027 में उक्रांद की सरकार बनते ही मूल निवास व भू कानून को उत्तराखंड के हितों के हिसाब से आम जनता की राय से तैयार कर तत्काल लागू किया जाएगा।

वर्तमान में उक्रांद में युवाओं के बढ़ते प्रतिनिधित्व को लेकर उन्होंने कहा कि उक्रांद के संघर्षों के परिणाम से ही उत्तराखंड राज्य का निर्माण हुआ है। वर्तमान में उक्रांद के संघर्ष और अनुभवी नेतृत्व की देखरेख में युवाओं की टीम गांव ओर बूथों पर सम्पर्क का कार्य कर जनाधार बढ़ा रही है. जिसके तहत उत्तराखंड के कुल 11524 विधानसभा बूथों में से अभी तक 3700 बूथों पर सक्रिय प्रबंधन टीम तैयार कर ली गयी है।

■ आमजन को उक्रांद के साथ जुड़ने का आह्वान

### श्रीनगर में 15 मार्च को निकाली जायेगी फूलदेई शोभायात्रा

**श्रीनगर।** बाल पर्व के रूप में मनाए जाने वाले फूलदेई त्योहार का श्रीनगर में पारंपरिक वाद्ययंत्रों, फूलारी गीतों और देवी देवताओं के आह्वान से शुभारंभ होगा।

15 मार्च को नागेश्वर मंदिर से फूलदेई शोभायात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में नगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। रविवार को निजी होटल में हुई बैठक में फूलदेई सामाजिक एवं सांस्कृतिक कला मंच के अध्यक्ष अनूप बहुगुणा ने बताया कि 15 मार्च को नगर क्षेत्र में फूलदेई शोभा यात्रा निकाली जायेगी। बताया कि प्रात: छह बजे पौराणिक वाद्य यंत्रों के साथ यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी।

# सीधा संवाद कर सुनी महिलाओं की समस्याएं

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पर्वतीय अंचलों तथा तराई में हुए विविध कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को बागेश्वर थाने में कोशिश एक नई आशा थीम के अंतर्गत थाना दिवस का आयोजन किया गया। महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को समर्पित इस कार्यक्रम में प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान के निर्देश दिए।



कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने की। इस दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मेहरा ने संयुक्त रूप से महिलाओं की शिकायतें सुनीं और उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम कोंडे ने कहा कि प्रशासन महिलाओं को सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। थाना दिवस का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी महिला को अपनी बात रखने में संकोच न हो और उन्हें त्वरित न्याय मिल सके। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मेहरा ने कहा कि बागेश्वर पुलिस के लिए महिला सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। 'कोशिश एक नई आशा' अभियान के माध्यम से महिलाओं में विश्वास और सुरक्षा की भावना को और सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। थाना दिवस के दौरान महिलाओं को घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, साइबर अपराधों से बचाव, महिला हेल्पलाइन सेवाओं की उपयोगिता तथा छेड़छाड़ जैसे अपराधों की स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता प्राप्त करने के संबंध में विधिक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कुल 8 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं उपस्थित रहीं।

## महिला समाज और परिवार की धुरी: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बागेश्वर में नारी शक्ति का सम्मान किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को जिलाधिकारी ने सम्मानित किया। विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कहा कि महिला समाज और परिवार की धुरी है, लेकिन दूसरों का जीवन संवारने के साथ-साथ उन्हें अपने अस्तित्व और स्वास्थ्य के प्रति भी सजग रहना होगा।

इस मौके पर डीएम ने राइट, जस्टिस, एक्शन फॉर ऑल वीमन एंड गर्ल्स' थीम पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने कहा कि महिलाएं आर्थिक और शैक्षणिक रूप से आगे बढ़ी हैं, लेकिन सामाजिक स्तर पर अभी भी भेदभाव की चुनौतियां मौजूद हैं। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की सराहना की। कार्यक्रम में कई महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए। जिला कार्यक्रम अधिकारी डा. मंजुलता यादव ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए महिलाओं को हर स्तर पर सहयोग और मार्गदर्शन का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, खान अधिकारी नाजिया हसन सहित विभिन्न विभागों की महिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र कुमार ने किया।

### महंगाई और महिला हिंसा के खिलाफ उठी आवाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति के नेतृत्व में विभिन्न जन संगठनों ने रविवार को चौघानपाटा में संयुक्त प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में सीटू, आशा, भोजन माता, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, डीवाईएफआई और ज्ञान-विज्ञान समिति सहित कई संगठनों की महिलाओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने साम्राज्यवाद, सांप्रदायिकता, महंगाई, महिला हिंसा और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ नारे लगाए। वक्ताओं ने कहा कि देश में रोजगार की कमी और बढ़ती महंगाई से आम जनता परेशान है।

## महिला दिवस पर महिलाओं की 15 शिकायतों का त्वरित निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर काशीपुर पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान को प्राथमिकता देते हुए महिला शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष पहल की गई। काशीपुर कोतवाली पर प्राप्त महिला संबंधी शिकायतों/अन्य शिकायतों को पुलिस अधीक्षक स्वप्न किशोर सिंह द्वारा स्वयं सुना गया तथा मौके पर ही 15 शिकायतों का निस्तारण किया गया, जिसमें 2 मामलों में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में आयोजित इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाना तथा उनकी समस्याओं के समाधान के प्रति पुलिस की संवेदनशीलता को प्रदर्शित करना है। पुलिस अधिकारियों द्वारा चयनित शिकायतों की समीक्षा करते हुए पीड़ित महिलाओं से संवाद स्थापित किया गया तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई। जनपद पुलिस ने सभी महिलाओं से अपील की है कि यदि उनके साथ किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न या अपराध की घटना होती है तो वे बिना संकोच पुलिस से संपर्क करें। महिला हेल्प डेस्क, हेल्पलाइन नंबर 112/1090 तथा नजदीकी थाने के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस विभाग महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।




## गोद भराई व बच्चों का अन्नप्राशन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** वार्ड नंबर 19 में आज बाल विकास परियोजना काशीपुर शहर के परिक्षेत्र गंज में सम्पूर्णता अभियान के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई व 6 माह के बच्चों को अन्न प्राशन किया गया। पार्षद शिवांश गोले व सैक्टर सुपरवाइजर यासमीन अंसारी व आशाओं की मौजूदी में गोद भराई व अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं से विविधतापूर्ण पोषणयुक्त आहार समय पर लेने, पर्याप्त आराम करने, आईएफए और कैल्शियम की गोली प्रतिदिन लेने तथा नियमित प्रसव पूर्व जांच कराने का आग्रह किया। साथ ही, 6 माह पूर्ण कर चुके बच्चों की माताओं को अर्द्ध ठोस ऊपरी आहार के साथ पूरक स्तनपान जारी रखने की सलाह दी गई। उन्हें समय-समय पर आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों का नियमित वजन कराकर उचित देखभाल करने को भी कहा गया। इस दौरान 8 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 6 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया।

# जल महोत्सव: अल्मोड़ा में मातृशक्ति का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को फील्ड टेस्ट किट से जल जांच का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही महिलाओं को सम्मान भी हुआ। विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीडीओ रामजीशरण शर्मा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जल जीवन का आधार है, इसलिए इसके संरक्षण और सही उपयोग के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। बताया कि आगामी 22 मार्च तक चलने वाले जल महोत्सव का उद्देश्य जल संरक्षण और स्वच्छ पेयजल के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में एसएचजी की महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण महिलाओं को पेयजल की गुणवत्ता की जांच के लिए फील्ड टेस्ट किट के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को गांव स्तर पर जल की गुणवत्ता जांचने और लोगों को स्वच्छ पानी के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए सक्षम बनाया गया। कार्यक्रम में डीडीओ संतोष कुमार पंत समेत अन्य मौजूद रहे।



**महिलाओं ने साझा किए जीवन के प्रेरक अनुभव**

अल्मोड़ा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'साधारण महिलाएं, असाधारण अनुभव' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य घर-परिवार, समाज और जन आंदोलनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली महिलाओं को सम्मानित करना तथा उनके जीवन संघर्ष और अनुभवों को समाज के सामने लाना था। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं ने अपने जीवन के अनुभव साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि साधारण दिखने वाली महिलाएं अपने कार्यों और संघर्षों से असाधारण उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक, सांस्कृतिक और जन आंदोलनों से जुड़ी महिलाओं के बीच संवाद और विचार-विमर्श भी हुआ।

**महिला दिवस पर विशेष थाना दिवस का आयोजन**

**अल्मोड़ा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अल्मोड़ा पुलिस द्वारा हकोशिश - एक नई आशाह अभियान के तहत जनपद के सभी थानों में विशेष थाना दिवस आयोजित किया गया। एसएसपी चंद्रशेखर घोडके ने कोतवाली अल्मोड़ा में महिलाओं की समस्याएं सुनकर कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया। पूरे जनपद में 12 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 7 महिला संबंधी थीं और सभी का समाधान किया गया। मौके पर महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, हेल्पलाइन नंबरों और सुरक्षा संबंधी जानकारी भी दी गई तथा पुलिस लाइन में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया।

**चौखुटिया में मातृशक्ति का हुआ सम्मान**

**अल्मोड़ा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वन पंचायत क्षेत्रीय परामर्श दात्री समिति द्वारा महिला सम्मान समारोह एवं वनाग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता व कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत मौजूद रहे। मौके पर वन संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड की महिलाओं ने हमेशा जल, जंगल और जमीन की रक्षा में अग्रणी भूमिका निभाई है, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है।

**वीपीकेएएस संस्थान में कार्यक्रम**

**अल्मोड़ा।** वीपीकेएएस संस्थान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एडम्स इंटर कालेज अल्मोड़ा की हिंदी प्रवक्ता दीपा गुप्ता मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहीं। उन्होंने पर्वतीय खेती के पीछे महिलाओं का संघर्ष और शक्ति विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में महिलाएं कृषि व्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं कठिन परिस्थितियों में भी अपने परिश्रम, धैर्य और समर्पण से खेती के साथ-साथ परिवार की जिम्मेदारियों का भी सफलतापूर्वक निर्वहन करती हैं। कार्यक्रम संस्थान के निदेशक लक्ष्मी कांत के मार्गदर्शन तथा महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष कुशाग्रा जोशी के निर्देशन में संपन्न हुआ।

**भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस**

**अल्मोड़ा।** भाजपा महिला मोर्चा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनम पालीवाल ने की। इस दौरान स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से समाज में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को सम्मानित किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष किरण पंत ने कहा कि महिला सशक्तिकरण समाज के विकास की आधारशिला है। वहीं बीना नयाल ने महिलाओं की संगठन शक्ति को समाज परिवर्तन की बड़ी ताकत बताया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष ललित लटवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

## समाज का निर्माण करती है महिला: उर्वशी बाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** महिला दिवस पर डी वाली ग्रुप की डायरेक्टर उर्वशी दत्त बाली ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि हमारे समाज में आज भी महिलाएं बड़े ही संघर्षों से भरा जीवन जी रही है। उन्होंने कहा कि महिला ही वह शक्ति है जो समाज का निर्माण करती है। वह अपने बच्चों को जैसी परवरिश और संस्कार देती है, वैसा ही भविष्य और वैसा ही समाज तैयार होता है। वह केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं, बल्कि परिवार की भावनात्मक आधारशिला भी है। सुबह घर से काम करके निकलना, कार्यालय में अपनी प्रतिभा, परिश्रम और अनुशासन से पहचान बनाना और फिर शाम को थके शरीर से घर लौटकर बच्चों की परवरिश, शिक्षा, संस्कार तथा परिवार की देखभाल करना यह संतुलन साधारण नहीं, असाधारण सामर्थ्य का प्रमाण है। हर महिला को अच्छा लगता है कि वह भी कभी निश्चिंत होकर विश्राम करे।



रमज़ान मुबारक



ज़ाहिद कुरैशी
समाजसेवी कालाढूंगी, नैनीताल 9756682163

# नगर निगम, जलसंस्थान के खिलाफ आक्रोश

## रामपुर रोड में टूटी सड़कों तथा पेयजल किल्लत पर भड़की जनता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वार्ड 19 रामपुर रोड में सड़कों और नालियों के पुनर्निर्माण कार्यों तथा पानी की समस्या को लेकर समाजसेवी विशाल वर्मा और पूर्व पार्षद प्रत्याशी अंजलि वर्मा के नेतृत्व में नगर निगम और जल संस्थान के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। समाजसेवी विशाल वर्मा ने बताया कि वार्ड नंबर 19 के रामपुर रोड क्षेत्र की विभिन्न सड़कों और नालियों का पुनर्निर्माण पिछले 10 से 15 वर्षों से नहीं किया गया है, जिसके कारण लोगों खासकर बुजुर्गों, माताओं-बहनों और बच्चों के लिए आवागमन में समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इसके साथ ही नालियों का गंदा पानी अब घरों में भी घुसने लगा है, जिससे साफ-सफाई की स्थिति बेहद खराब हो गई है। पूर्व पार्षद प्रत्याशी अंजलि वर्मा ने कहा कि 2014 के बाद से रामपुर रोड, पर्वतीय मोहल्ला फेस-2 और सावित्री काला.ेनी की सड़कों और नालियों का निर्माण कार्य रुक गया है। इसके साथ ही पानी की समस्या भी गहराती जा रही है। विशेष रूप से सावित्री काला.ेनी, गली नंबर 6 और गली नंबर 9 में पिछले 8 दिनों से पानी की आपूर्ति पूरी तरह से बंद पड़ी है, जिससे क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जलसंस्थान को सूचित किए जाने के बावजूद समस्या का समाधान अब तक नहीं हुआ है। समाजसेवी विशाल वर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि वार्ड 19 रामपुर रोड क्षेत्र की समस्याओं का समाधान जल्द नहीं किया जाता है, तो क्षेत्र की माताओं, बहनों और बुजुर्गों के साथ जिलाधिकारी और कुमाऊं कमिश्नर के कार्यालय के बाहर आंदोलन और धरना प्रदर्शन किया जाएगा।



**NAME CHANGE**

I have changed the name of my daughter from **AYANA FATMA** to **AYANA FATIMA** after today in future my daughter should be known and recognized by the name of AYANA FATIMA.

**MOHAMMAD AASIF CHAUDHARY**
F/o AYANA FATIMA,
R/0 Bailjuri. Po-Kunda,
Udham Singh Nagar (UK)

## एक नजर

### विधानसभा घेराव में शामिल होंगे 200 कार्यकर्ता

**बागेश्वर।** जिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट की अध्यक्षता में रविवार को पार्टी कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं ने कई मुद्दों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि 10 मार्च को गैरसैंण विधानसभा घेराव कार्यक्रम में जिले से 200 कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में सर्व सहमति से विधान सभा घेराव कार्यक्रम के लिए नरेंद्र कोरंगा और गोविंद बिष्ट को संयोजक बनाया गया है। इसके अलावा बैठक में कार्यकर्ताओं ने संगठन के विस्तार पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि न्याय पंचायत और मंडल स्तर पर संगठन मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा। कहा कि आगामी 11 मार्च को जंतर-मंतर, दिल्ली में पूर्व सैनिकों के अधिकारों की रक्षा, सैनिक संगठन द्वारा आयोजित आंदोलन में प्रतिभाग करने पर भी मंथन किया गया। बैठक में नवल टम्टा, ललित गोस्वामी, नरेंद्र कार्की, सुरेश खेतवाल, मनोज शाह, केवलानंद, धाम सिंह आदि मौजूद थे।

### नाबालिग ने जान देने की कोशिश की

**बागेश्वर।** गरुड़ क्षेत्र के एक नाबालिग ने अज्ञात कारणों से फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की। हालांकि समय रहते परिजनों ने उसे देख लिया। परिजनों ने फंदा काटकर उसे तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां से उसे जिला अस्पताल बागेश्वर लाया गया। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार बैजनाथ पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में एक नाबालिग ने घर के अंदर ही फंदा लगाकर आत्म हत्या करने की कोशिश की गई। परिजनों ने उसे फंदे में लटका देख तुरंत फंदा काटा गया। रविवार को जिला अस्पताल में नाबालिग का उपचार कर रहे डाक्टर्स प्रीति यादव ने बताया कि किशोरी की हालत गंभीर है, जिस कारण उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। इधर मामला पुलिस के संज्ञान में आने के बाद पुलिस घटना की जांच कर रही।

### सज्जन टम्टा को स्वदेशी जागरण मंच में जिम्मेदारी

**बागेश्वर।** भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सज्जन लाल टम्टा को स्वदेशी जागरण मंच में नई जिम्मेदारी मिली है। उन्हें संगठन के वरिष्ठ नागरिक आयाम, उत्तराखंड का प्रांत प्रमुख घोषित किया गया है। यह घोषणा राजस्थान के जयपुर में आयोजित स्वदेशी जागरण मंच की राष्ट्रीय परिषद बैठक में की गई। नई जिम्मेदारी मिलने पर सज्जन लाल टम्टा ने संगठन के अखिल भारतीय पदाधिकारियों तथा उत्तराखंड के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। टम्टा ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच देश में स्वदेशी विचार और आत्मनिर्भरता को मजबूत करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।

### रक्तदान के लिए किया प्रेरित

**अल्मोड़ा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सिख रेजीमेंट द्वारा अल्मोड़ा छावनी स्थित गोरखा हाल में रक्तदान एवं महिला स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान युवाओं और महिलाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित भी किया गया। शिविर का संचालन मेडिकल कालेज की ब्लड बैंक टीम द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर में कुल 20 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। वहीं महिला दिवस के अवसर पर 38 महिलाओं की हीमोग्लोबिन जांच और ब्लड ग्रुप परीक्षण निशुल्क किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी स्वैच्छिक रक्तदाताओं को ब्लड बैंक टीम की ओर से स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विजय बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर ने कार्यक्रम में सहयोग देने वाले सिविल प्रशासन और मेडिकल स्टाफ का आभार व्यक्त किया। मेजर डा. निखिल ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी की जान बचाने के साथ ही एक स्वस्थ और संवेदनशील समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने युवाओं और महिलाओं से आगे आकर इस पुनीत कार्य में भाग लेने का भी आह्वान किया।

### यूपीएससी में हिमांशु को मिली 888वीं रैंक

**काशीपुर।** रुड़की में अपर जिला जज काशीपुर के मोहल्ला कटोराताल निवासी रमेश सिंह के पुत्र हिमांशु दिवाकर ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) में 888वीं रैंक हासिल कर अपने पिता, परिवार और काशीपुर का नाम रौशन किया है। हिमांशु की यह सफलता निरंतर अभ्यास, मॉक टेस्ट और कठिन परिश्रम के साथ ही उनके पिता की अनुशासनात्मक शैली का परिणाम है। सामान्य पृष्ठभूमि के इस युवा की इस सफलता ने साबित किया है कि मेहनत से कठिन लक्ष्य संभव है। हिमांशु की लगन और मेहनत से प्रभावित उसके साथी युवाओं में भी सिविल सेवा के प्रति उत्साह बढ़ा है। हिमांशु की इस उपलब्धि पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने खुशी व्यक्त की है।

### भाजपा को उखाड़ फेकेगा कांग्रेस का गैरसैंण विधानसभा घेराव: अलका पाल

**काशीपुर।** महानगर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष अलका पाल बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आगामी 10 मार्च को महंगाई, बेरोजगारी, महिलाओं पर अत्याचार, जंगली जानवरों के बढ़ते आतंक, भ्रष्टाचार, भर्ती घोटाला सहित भू खनन माफियाओं और लाचार कानून व्यवस्था को लेकर गैरसैण विधानसभा का घेराव किया जाएगा। अलका पाल ने बताया कि विधानसभा घेराव में कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं सहित उत्तराखंड से बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की भागीदारी रहेगी। प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था, किसानों, बेरोजगारों और महिला शोषण के खिलाफ प्रदेश सरकार की दोगली नीतियां से पूरे प्रदेश में त्राहि-त्राहि हो रही है। समाज का कोई भी वर्ग आज अपने आप को उत्तराखंड की लचर कानून व्यवस्था में सुरक्षित नहीं पा रहा है। अलका पाल ने कहा कि आज प्रदेश के अफसर तक सुरक्षित नहीं है। उनके कार्यालय में घुसकर भाजपा के नेता उनको खुलेआम पीट रहे हैं, लेकिन प्रदेश के मुखिया खामोश है।

### कैमरेडी के 4 बच्चों का नवोदय में चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** कैमरेडी स्कूल के 4 बच्चों ने घोड़ाखाल की परीक्षा पास की है। इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधक उमेश जोशी ने बताया ने शिवम नेगी, रेयांश, नवजेत, व नव्या ने 2026 में सैनिक स्कूल घोड़ाखाल की परीक्षा पास की है। इससे पहले भी कैमरेडी विद्यालय के दर्जनों बच्चे नवोदय विद्, सैनिक स्कूल आदि की परीक्षाओं को पास कर चुके हैं। विद्यालय की इस उपलब्धि पर अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन को बधाई दी है। स्कूल प्रबंधक उमेश जोशी ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने सभी शिक्षकों एवं स्टाफ को दिया है। इस दौरान प्रधानाचार्य बबीता जोशी सहित अध्यापक शांति बसेरा, हेमलता जोशी आदि ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद
महमूद हसन बंजारा
प्रदेश महामंत्री
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा
शाकिर हुसैन (पत्रकार)
नसीम जहां
सभासद, वार्ड 4
नगर पालिका परिषद, कालाढूंगी

रमज़ान मुबारक



सरवर अली
सभासद वार्ड नंबर-03
नगर पालिका कालाढूंगी
जिला नैनीताल
+91 63988 36682

रमज़ान मुबारक



मोहम्मद हसनैन ख़तीबी
(पूर्व उपाध्यक्ष)
उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड
उत्तराखंड सरकार
हल्द्वानी (नैनीताल)
मो. 9719824399

माह-ए-रमज़ान मुबारक



बासित खान
(सदर)
जामा मस्जिद कमेटी
काठगोदाम
जिला - नैनीताल
मो० 9412085347

मून सर्विस प्वाइंट
फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर
रिपेयर एंड स्पेयर पार्ट्स
(एयर कंडीशनर किराये पर उपलब्ध हैं)
Zubair Khan Najeeb Khan
Near-Axis Bank ATM, Church Compound
Nainital Raod Haldwani Mo: 9837036176, 9837314505

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद
इसरार हुसैन
प्रदेश उपाध्यक्ष
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, उत्तराखण्ड।

रमज़ान मुबारक
जनसेवा एकता कमेटी
अध्यक्ष अलीम खान
उपाध्यक्ष अनवर उर्फ मुन्नू
कार्यालय: बरेली रोड, उजाला नगर, हल्द्वानी
मो. 9837519829

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद
मोकिन सैफी
(विधानसभा अध्यक्ष)
यूथ कांग्रेस, हल्द्वानी-नैनीताल
पार्षद पुत्र वार्ड 33, नगर निगम हल्द्वानी

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद
हाजी नदीम अहमद
पूर्व प्रदेश महासचिव
यूथ कांग्रेस उत्तराखण्ड, कालाढूंगी

# फिजिकली फिट और मेंटली हिट बनें महिला पुलिसकर्मी: एसएसपी

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर किया प्रोत्साहित, ताइक्वांडो और आत्मरक्षा प्रशिक्षण भी दिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को हल्द्वानी कोतवाली सभागार में महिला पुलिस कर्मियों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने महिला कर्मियों को लीडरशिप की दिशा में प्रोत्साहित किया और उन्हें फिजिकली फिट और मेंटली हिट बनने का संदेश दिया। साथ ही, उन्होंने कहा कि महिला पुलिस कर्मियों को स्मार्टफोन की लत छोड़नी होगी और अपनी कर्तव्यनिष्ठा से समाज में उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। कार्यक्रम में एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने उत्तराखंड की महिलाओं की शक्ति की सराहना करते हुए उन्हें आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने महिला पुलिस कर्मियों से कहा कि वे अपने कार्यों से समाज में सकारात्मक



बदलाव लाने में योगदान दें। कार्यक्रम के दौरान एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट ताइक्वांडो कोच रीतिका जोशी और महिला हेल्पलाइन प्रभारी सुनीता कुंवर ने महिला पुलिस कर्मियों को आत्मरक्षा की व्यावहा. रिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। इसमें सिंगल और डबल हैंड ग्रैप डिफेंस, हेयर पुल डिफेंस, नाइफ अटैक से बचाव और दैनिक उपयोग की वस्तुओं से आत्मरक्षा के तरीके बताए गए। इसके साथ ही महिला अपराधों से संबंधित नए कानूनी प्रावधानों पर आधारित जागरूकता पंपलेट का भी अनावरण किया गया। एसएसपी ने महिला पुलिस कर्मियों से आग्रह किया कि महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा को केवल घरेलू विवाद मानकर नजरअंदाज न किया जाए, बल्कि उसे गंभीरता से लिया जाए। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा, पत्रकारिता, जन प्रतिनिधित्व और पुलिस सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाली कई महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली महिलाओं में नेत्र सर्जन डा. नंदिता, विभिन्न वार्डों की पार्षद और पत्रकारिता जगत से जुड़ी महिलाएं शामिल थीं। कार्यक्रम का संचालन उपनिरीक्षक कुमकुम धनिक ने किया। इस मौके पर सीओ रामनगर सुमित पांडे, पार्षद हेमा भट्ट, नेहा अधिकारी, बबली वर्मा, बीना चौहान, तनुजा जोशी, भागीरथी बिष्ट, पत्रकार दया जोशी, वंदना आर्या, अंजली पंत और बड़ी संख्या में महिला पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## थानों से दिया जागरूकता और विश्वास का मजबूत संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रविवार को महिला दिवस के अवसर पर कुमायूँ पुलिस ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कोशिश एक नई आशा थीम के तहत महिला सुरक्षा को समर्पित विशेष थाना दिवस का आयोजन किया। यह आयोजन कुमाऊं आईजी रिद्धिम अग्रवाल की अध्यक्षता में सपंन्न हुआ। आईजी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित,



सशक्त और जागरूक बनाना था, साथ ही उनकी शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना था। थाना दिवस के दौरान महिला हेल्पलाइन और ऐच्छिक ब्यूरो में लंबित मामलों की गंभीरता से सुनवाई की गई। पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई के साथ सुना गया। अधिकारियों ने प्रत्येक मामले का परीक्षण किया और शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर महिलाओं को उनके विधिक अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, जिसमें घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, दहेज उत्पीड़न, छेड़छाड़ और अन्य अपराधों से संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही, महिला सहायता हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जानकारी दी गई। आईजी ने बताया कि कुमायूँ पुलिस ने इस आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया कि महिला सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की शिकायत पर त्वरित, संवेदनशील और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कोशिश एक नई आशा अभियान महिलाओं के प्रति विश्वास, सुरक्षा और सम्मान की भावना को मजबूत करने की दिशा में कुमायूँ पुलिस का महत्वपूर्ण प्रयास है।

## मेरा युवा भारत प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को खेलो



इंडिया नैनीताल और मेरा युवा भारत नैनीताल के संयुक्त तत्वावधान में स्पोर्ट्स स्टेडियम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता में कुल 54 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि दीपक रावत द्वारा मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में अंडर-13 मीटर दौड़ में मोनिका, हर्षिता गोस्वामी, जावेत्री मौर्य, अंडर-18 (400) मीटर दौड़ में नमिता आर्य, संजना, नेहा, (200 मीटर) दौड़ में हर्षिता, नमिता, बबीता, (100 मीटर) दौड़ में आरती, उमा, प्रियांशी नेगी रही। जबकि 30 प्लस (200 मीटर) दौड़ में रेखा, पुष्पा भट्ट, कविता लोहनी, (400 मीटर) दौड़ में रेखा, मंजू राणा, गीत तिवारी विजय रही।मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागी महिलाओं और विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की आयोजक सचिव और उपनिदेशक डॉल्वी तेवतिया ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका महेश बिष्ट, दुर्गेश परिहार, निलेश गुप्ता, तनुजा आर्य और गोविंद लटवाल ने निभाई, जबकि कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ वॉलीबॉल खिलाड़ी श्याम मन्नू भट्ट द्वारा किया गया। इस मौके पर मेरा युवा भारत नैनीताल की उपनिदेशक डॉल्वी तेवतिया, तनुजा आर्य, खेल उपनिदेशक कुमाऊँ रसिका सिद्दीकी, जिलाक्रीड़ा अधिकारी डा. निर्मला पंत, क्रिकेट कोच त्रिलोक जीना, गो. विंद लटवाल, मदन मोहन समेत कई लोग मौजूद रहे।

## शक्ति रन: फिटनेस के लिए लगाई दौड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर फिटनेस मंत्रा जिम की संचालिका प्रीति रौतेला के नेतृत्व में आयोजित शक्ति रन कार्यक्रम उत्साह और ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। आयोजन में शहर की करीब 300 महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और फिटनेस व महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए 5 किलोमीटर और 3 किलोमीटर की दो श्रेणियों में रन आयोजित की गई। मुख्य अतिथि आईजी कुमाऊं रेंज रिद्धिम अग्रवाल रही, जिन्होंने प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया और बाद में विजेताओं को सम्मानित भी किया। 5 किलोमीटर दौड़ में कंचन गोदियाल ने प्रथम, दीपा नेगी ने द्वितीय और बिपाशा अधिकारी ने तृतीय स्थान



प्राप्त किया। वहीं 3 किलोमीटर दौड़ में खुशी गोस्वामी प्रथम, कनिका द्वितीय और आरती तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर आईजी कुमाऊं रेंज ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बना रही है। फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना भी उतना ही जरूरी है। शक्ति रन जैसे आयोजन महिलाओं को शारीरिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ आत्मविश्वास भी बढ़ाते है। संयोजक प्रीति रौतेला ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पुलिस विभाग और खेल विभाग का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय धावक सुरेश चंद पांडे, गीतिका बल्यूटिया, मधुरिमा, डा. अर्चना, कुमकुम धानिक, अंकिता, वृंदा, भावन तकुली, नीतू, निष्ठा, हर्षिता, प्रीति आदि महिलाएं मौजूद रही।

## महिला ट्रैफिक पुलिस व होमगार्ड जवानों का सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था ने महिला ट्रैफिक पुलिस कर्मी व होमगार्ड कर्मियों को सम्मानित किया। संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू और पूर्णिमा रजवार के नेतृत्व में संस्था पदा.



धिकारियों ने हल्द्वानी एसडीएम कोर्ट चौराहे पर महिला जवानों को अंगवस्त्र पहनाकर और माँ दुर्गा की प्रतिमा देकर सम्मानित किया और महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि नारी शक्ति एक ऐसी शक्ति है, जो समाज को एकता के सूत्र में बांधकर रखती है। एक माँ, बहन, पत्नी और बेटी के रूप में महिलाओं का योगदान अनमोल है। उन्होंने कहा भारतीय सेना में मातृशक्ति की बढ़ती भागीदारी और लाखों महिलाओं के कार्यों ने इस बात को साबित किया है कि भारतीय नारी हर क्षेत्र में अग्रणी हो सकती है। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू, पूर्णिमा रजवार, अलका टंडन, पूजा जोशी, सुनीता तिवारी, शांति रावत, खुशी नागर, ममता खत्री, माही बिष्ट, रेनू कांडपाल, जया जोशी, तारा टकवाल, मनीष साहू, सूरज मिस्त्री, नमन तिवारी, सुशील राय, दीपक कुमार, मुकेश कुमार, सूरज कुम्हार सहित यातायात निरीक्षक शिवराज बिष्ट और एसआई कमल किशोर मौजूद रहे।

## वीरशिबा में मातृशक्ति सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय लोक मंच द्वारा



बीयरशिवा स्कूल, हल्द्वानी में मातृशक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक और हल्द्वानी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा समाज के निर्माण में मातृशक्ति का योगदान हमेशा से महत्वपूर्ण रहा है। महिलाओं के बिना एक उन्नत राष्ट्र की कल्पना नहीं की जा सकती। वर्तमान समय में महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं, जो भविष्य के लिए एक सकारात्मक संकेत है। इस दौरान प्रो. कमला पंत, डा.भगवती पनेरू, हल्द्वानी बार एसोसिएशन की उपाध्यक्ष भगवती पलड़िया, राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित सेवा निवृत्त नर्सिंग अधीक्षक रंजना वालिया, वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका त्रिपाठी, महनाज जहां, हेमलता जोशी, रितु होरा, रूबी भटनागर, बसंती बिष्ट, भावना बुधानी, निशा आर्य, संगीता टाकुली, किरण हेडिया आदि महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता योगिता बिष्ट, ज्योति परिहार, प्रियंका जोशी, हरिता पंत, अंजू आर्य, हिमानी सनवाल, सोनिया चौहान, सुनीता भट्ट, सारिका मित्तल, गुलशन जहां, सुचित्रा बेलवाल, आशा सिंह, कोमल पांडे, नमीता वर्मा, नीलू शर्मा, शिखा रानी, प्रीति दरम्वाल मौजूद थे।

## दुग्ध संघ ने महिला उत्पादकों को किया प्रोत्साहित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा पर्वतीय क्षेत्र खुटियाखाल में एक



दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुग्ध संघ अध्यक्ष मुक.श बोरा और कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक भीमताल दान सिंह भंडारी मौजूद रहे। इस अवसर पर उत्कृष्ट महिला दुग्ध उत्पादकों को सम्मानित किया गया और उन्हें बोनस राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा कुमाऊंनी लोकगीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन को उत्सवमय बना दिया। नैनीताल दुग्ध संघ ने वर्ष 2024-2026 के लिए प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की, जिसमें दुग्ध खरीद पर 8.5 प्रतिशत से 9.72 प्रतिशत लाभ का उल्लेख किया गया। साथ ही बाघ के हमले में मृतकों के परिजनों को 21-21 हजार रुपये के सहायता चेक वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुकेश बोरा ने पर्वतीय क्षेत्रों में महिलाओं की भूमिका को सराहा और सहकारी समितियों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने पर जोर दिया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख केडी रुवाली, किशन सिंह बिष्ट, गीता ओझा, शांति कोरंगा, हरीश चंद्र आर्या मौजूद रहे।

## पूंजीवाद के खिलाफ संघर्ष का संकल्प

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बागजाला में कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक निजी आवास पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संगठन के सदस्य और कार्यकर्ता एकत्र हुए और महिला सशक्तिकरण की दिशा में संघर्ष को और मजबूत करने का संकल्प लिया। किसान महासभा बागजाला की अध्यक्ष डा. उर्मिला रैस्वाल ने कहा कि हम यहाँ सिर्फ एक औपचारिक दिवस मनाने के लिए नहीं, बल्कि उन संघर्षों की परंपरा को याद करने के लिए एकत्र हुए हैं जो दुनिया भर की मेहनतकश महिलाओं ने अपने साहस, संगठन और बलिदान से गढ़ी है। भाकपा



माले नैनीताल जिला सचिव डा. कैलाश पांडेय ने कहा कि पूंजीवादी व्यवस्था आज महिला दिवस को एक बाजारू उत्सव में बदलने की कोशिश कर रही है। इसलिए हमें याद रखना होगा कि महिला दिवस की असली परंपरा संघर्ष की परंपरा है। कार्यक्रम में मीना भट्ट, हेमा आर्य, विमला देवी, सुनीता, नीलम आर्य, नंदी देवी, हेमा देवी, अनीता, भावना देवी, भगवती गोस्वामी, मंजू देवी, लीला देवी, ललिता, चंद्रप्रकाश, दीवान सिंह बर्गली, दौलत सिंह, वासुदेव, कमल, नसीम अहमद, इलियास, चंदन सिंह मटियाली, हरि गिरी, मो. यासीन, मकसूद, प्रकाश मौजूद रहे।

## बादशाह के गाने पर महिला आयोग की आपत्ति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राज्य महिला आयोग की सदस्य कंचन कश्यप ने मशहूर रैपर बादशाह के हालिया हरियाणवी गाने (टटीरीश) पर आपत्ति जताई है। यह गाना 1 मार्च 2026 को रिलीज हुआ था, जिसमें महिलाओं के प्रति अश्लील शब्दों का प्रयोग और आपत्तिजनक दृश्य दिखाए गए हैं। गाने में स्कूली यूनिफॉर्म में



बच्चियों को स्कूल बैग फेंकते हुए और अजीब हरकतें करते हुए दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि गाने की एक लाइन आया बादशाह डोली चढ़ाने, इन सबको घोड़ी बनाने को लेकर हरियाणा राज्य महिला आयोग ने पंचकुला में इस मामले की शिकायत दर्ज कराई है। महिला आयोग की सदस्य कंचन ने कहा कि इस प्रकार के गाने और दृश्यों से समाज में गलत संदेश जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जहां हम अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मना रहे हैं, वहीं इस तरह के आपत्ति. जनक गाने और दृश्य फैलाए जा रहे हैं। कंचन कश्यप ने भारतीय समाज के सनातनी दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए कहा कि नारी सर्वत्र पूज्यते की अवधारणा को सर्वोपरि रखा जाता है। ऐसे अश्लील गानों और दृश्यों पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

## मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण सपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रविवार को आरसेटी कुंव. रपुर गौलापार में बीते 25 फरवरी से आयोजित 10 दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस प्रशिक्षण में जनपद नैनीताल के 28 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन कराया, जिनमें से 19 प्रतिभागियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुकेश बेलवाल, सफल उद्यमी (बेलवाल भोग, ने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि मशरूम उत्पादन को एक स्वरोजगार के रूप में अपनाना बहुत लाभकारी हो सकता है। इसके साथ ही उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को अपने उत्पाद की मार्केटिंग और ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी, ताकि वे अपने उत्पाद का सही मूल्य और



पहचान बना सकें। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर हरीश सजवाण ने प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन की थ्योरी और प्रैक्टिकल जानकारी दी। इस दौरान महिला दिवस के अवसर पर महिला प्रशिक्षुओं और महिला स्टाफ को सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण के समापन पर देहरादून की एनएआर की असेसमेंट टीम के जीवन सिंह भंडारी और प्रीति भंडारी ने प्रशिक्षुओं का मौखिक और लिखित मूल्यांकन किया। आरसेटी के निदेशक अतुल कुमार पांडे ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद, प्रशिक्षु संस्थान से दो साल तक निजी व्यवसाय और आय सृजन गति. विधियों के लिए मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। साथ ही, संस्थान द्वारा मार्च महीने में प्रस्तावित विभिन्न नए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रशिक्षक नरेंद्र सिंह पिलख्वाल, एफएलसी काउंसलर सुरेश बिष्ट मौजूद रहे।

## एक्सयूवी कार ने आवासीय परिसर की दीवार तोड़ी

**हल्द्वानी।** ठंडी सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते शनिवार रात करीब डेढ़ बजे एक एक्सयूवी कार ने आवासीय परिसर की दीवार को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार यह हादसा टिक्कू मॉडल स्कूल के आवासीय परिसर में हुआ, जहां कार ने दीवार तोड़ दी। परिसर के मालिक ने इस मामले में भोटिया पड़ाव चौकी पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है। लेकिन घटना के बाद वाहन चालक हादसे के बाद भागने में सफल रहा। वहीं एसपी सिटी मनोज कत्याल ने कहा कि उन्होंने इस मामले में एसएचओ को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही हादसों को रो. कने के लिए पुलिस को गश्त बढ़ाने का आदेश भी दिया गया है।

## महिला दिवस पर खेलकूद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर रविवार को खेल निदेशालय और जिला प्रशासन द्वारा जिला खेल कार्यालय हल्द्वानी में विभिन्न खेलों का आयोजन हल्द्वानी स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। खेल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि खेल उपनिदेशक रसिका सिद्दीकी और जिला क्रीड़ा अधिकारी डा. निर्मला पंत ने विजेता महिला खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम संचालन का संचालन अंत. रराष्ट्रीय धावक सुरेश चंद पांडे द्वारा किया गया। इस दौरान उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, सामान्य भट्ट, किशन पाल, दिनेश सिंह, दिनेश रावत, उमेश रावत, मोहम्मद जान, अंकुश रौतेला, गोपाल नेगी, कृतिका, रितिका जोशी, तनुजा आर्य, काव्या ठाकुर, पूनम मेहता, हेमलता शाह और शशि देवी मौजूद थे।

# कुर्मांचल बैंक में आग लगने से दस्तावेज़ खाक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** टीपी नगर चौराहे पर स्थित द-कुर्मांचल नगर सहकारी बैंक में रविवार शाम आग लगने से बैंक का रिकार्ड रूम जलकर पूरी तरह खाक

### दमकल की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू



हो गया। घटना उस समय की है जब बैंक बंद था और आग के बारे में तब पता चला जब धुआं बाहर निकलने लगा। इसके बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची और बैंक का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुई, लेकिन आग बुझाने में एक घंटे से अधिक की जद्दोजहद करनी पड़ी। जानकारी के मुताबिक रविवार की वजह से बैंक बंद था। आग बैंक के भीतर कब लगी, इसका किसी को अंदाजा नहीं, लेकिन जब धुआं बैंक के बाहर निकलने लगा तो टीपीनगर चौराहे पर अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में टीपीनगर पुलिस मौके पर पहुंच गई। जानकारी मिलते ही दमकल भी पहुंच गई। दमकल ने बैंक के मुख्य द्वार पर लगा ताला तोड़ा, जिसके बाद टीम अंदर दाखिल हो पाई। हालांकि बैंक में पूरी तरह धुआं भर चुका था, जिसके वजह से आग बुझाने में काफी परेशानी हुई। अंदर पहुंची टीम ने पाया कि आग बैंक के रिकार्ड रूम में लगी है, जिसमें बैंक के अहम दस्तावेज थे और सभी जल रहे थे। दमकल की टीम ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। सूचना मिलते ही बैंक मैनेजर विरेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंच गए। बैंक के अंदर मौजूद करीब 15-20 कंप्यूटर को आनन-फानन में बाहर निकाल कर पड़ोस की दुकान में रखा गया। बैंक मैनेजर का कहना है कि केवल दस्तावेज जले हैं। जबकि कंप्यूटर में सारा रिकार्ड सुरक्षित है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार ने बताया कि प्राथमिक जांच में शार्ट सर्किट की बात सामने आई है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### बैंक में वेंटीलेशन के लिए जगह नहीं

**हल्द्वानी।** द-कुर्मांचल नगर सहकारी बैंक में नियमों को ताक पर रखा गया था और इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बैंक में वेंटीलेशन के लिए कोई भी जगह नहीं थी। जब बैंक में आग लगी तो वह अंदर ही अंदर धध. कता रहा। दमकल की टीम जब बैंक में दाखिल हुई तो धुएं की वजह से वह आगे ही नहीं बढ़ सकी। दमकल की टीम धुएं की वजह से खांसने लगी। जिसके बाद पहले बैंक की खिड़कियों में लगे कांच को तोड़ा गया, ताकि धुआं बाहर निकल सके और काम को तेजी से निपटाया जा सके। बताया यह भी जा रहा है कि बैंक की इलेक्ट्रिक वायरल काफी पुरानी थी।

### आखिर छुट्टी के दिन कैसे लगी आग ?

**हल्द्वानी।** इस अग्निकांड ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि वर्षों से संचालित बैंक में कार्य दिवस के दौरान आग क्यों नहीं लगी? आखिरकार छुट्टी वाले दिन ही शॉर्ट सर्किट के कारण आग कैसे लग सकती है? और फिर आग उस हिस्से में लगी जहां बैंक के अहम दस्तावेज थे, जो अब जलकर खाक हो चुके हैं। इससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्लोजिंग मंथ की शुरुआत में ही आग क्यों लगी? आग की घटना का पता शाम को लगभग साढ़े 4 बजे चला, जिससे कई संदेह उत्पन्न हो रहे हैं।

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए कार्यशाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** समाज कल्याण विभाग द्वारा रविवार को नैनीताल रोड स्थित एक होटल में वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक दिवसीय वृहद कार्यशाला आयोजित की



गई। इस कार्यशाला में योग गुरु रोहित ने योग और व्यायाम से संबंधित जानकारी दी, जबकि डा. वैशाली उप्रेती ने आयुर्वेद और आहार के बारे में विस्तार से बताया। इसके अलावा डा. युवराज पंत ने मानसिक स्वास्थ्य पर, और सद्दाम हुसैन एवं सुरेंद्र सिंह ने साइबर क्राइम के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण समिति के अध्यक्ष भुवन भाष्कर पांडे और महासचिव डीके पांडे ने बताया कि इस कार्यशाला में लगभग एक सौ से अधिक वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साह के साथ भाग लिया और आयोजन की खुले दिल से सराहना की। कार्यक्रम के दौरान प्रभाकर जोशी और सांस्कृतिक दल द्वारा प्रस्तुत गीतों ने लोगों का मनोरंजन किया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष नवीन वर्मा और शांति मेहरा मौजूद रही। इस मौके पर समाज कल्याण विभाग से निदेशक संदीप तिवारी, संयुक्त निदेशक विश्वानाथ सहित उत्तराखंड कार्मिक एकता मंच के संस्थापक अध्यक्ष रमेश चंद्र पांडे, इंद्र सिंह निगल्टिया, दया किशन बल्यूटिया, दया कृष्ण पंत, विष्णु सिंह रावत, लीलाधर पांडे, पीसी जोशी आदि मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अधिकारों ने लिए महिलाओं को खुद आना होगा आगे: ध्यानी

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने आमडंडा खत्ते में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया। किरन आर्या के संच. ालन में हुई गोष्ठी में वक्ताओं ने 8 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास पर विस्तार से बात करते हुए महिलाओं के समानता, काम के अधिकार और आज के दौर में महिलाओं के उत्पीड़न के लिए जिम्मेदार पुरुष प्रधान मानसिकता से ग्रस्त व्यवस्था को दोषी करार दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत युवा सांस्कृतिक कला मंच के बच्चों द्वारा गाए गीत से हुई। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रधान महासचिव प्रभात ध्यानी ने कहा कि महिलाओं के साथ पैदा होने से लेकर घर व बाहर दोहरा शोषण व उत्पीड़न हर जगह पर होता है। जिसके लिए आज महिलाओं को एक सामाजिक आंदोलन के लिए खुद को खड़ा करना होगा तभी महिलाएं अपने ऊपर हो रहे अत्याचार व शोषण से मुक्त हो सकती हैं। साइंस



फार सोसाइटी के प्रवक्ता गिरीश आर्य ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कागजों में सिमट के रह गया है। आज इसे समाज को समझने की जरूरत है। यहां पार्टी कार्यकर्ता मोहम्मद आसिफ , मेघा, गिरीश आर्या, सरस्वती देवी, नंदी देवी, निर्मला देवी, नवीन चन्द्र, दिनेश चन्द्र, चिंता राम, कौशल्या, मोहित कुमार,ललिता देवी, नीता देवी, माया देवी, भावना, रिंकी ,सरिता रावत ,कमला देवी, शांति देवी, सीता देवी, कांति देवी,जशोदा , बचुली देवी, देवकी देवी, माया, रितु देवी, कविता ,गोविंद, इन्दिरा देवी, खष्टि देवी, हीरा देवी, पुष्पा देवी, चम्पा देवी आदि मौजूद रहे।

# बाजपुर चीनी मिल में 3.77 करोड़ का ओवर पेमेंट घोटाला उजागर

शाह टाइम्स संवाददाता

**एसडीएम ने बैठाई तीन सदस्यीय जांच कमेटी**

**बाजपुर।** बाजपुर चीनी मिल में करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमितताओं का बड़ा मामला सामने आया है। ऑडिट रिपोर्ट और समिति के अभिलेखों में वर्ष 2024ख्25 के दौरान विभिन्न फर्मों और ठेकेदारों को करीब 3 करोड़ 77 लाख 82 हजार 315 रुपये के ओवर पेमेंट का खुलासा होने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मिल समिति के अधिकृत चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा किए गए लेखा परीक्षण में कई गंभीर वित्तीय गड़बड़ियों की ओर इशारा किया गया है। जांच में पाया गया कि कई आपूर्तिकर्ताओं और ठेकेदारों को प्राप्त सामग्री और कराए गए कार्यों की तुलना में अधिक भुगतान कर दिया गया। दस्तावेजों के मुताबिक कई मामलों में खरीद प्रक्रिया और भुगतान से संबंधित नियमों का भी पालन नहीं किया गया। कुछ उपकरणों की आवश्यकता समाप्त होने के बावजूद स्पेयर पार्ट्स की खरीद की गई, जबकि कई मामलों में बिना निर्धारित प्रक्रिया अपनाए स्थानीय बाजार से सामग्री खरीदने के आरोप भी सामने आए हैं। इतना ही नहीं, कुछ ठेकेदारों को भुगतान करते समय बैंक वाउचर और लेखा अभिलेखों में भी गड़बड़ियां पाई गईं। कई खरीद आदेशों में उचित कोटेशन, प्रमाणित हस्ताक्षर और परीक्षण प्रमाणपत्र तक उपलब्ध नहीं मिले, जिससे पूरे मामले में अनियमित. ताओं की आशंका और गहरा गई है। मामले में एक और गंभीर पहलू यह भी सामने आया है कि वर्ष 2017-18 से 2024-25 के बीच ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं से जीएसटी की राशि तो वसूली गई, लेकिन कई मामलों में उसे जीएसटी विभाग में जमा नहीं कराया गया। प्रारंभिक आकलन के अनुसार करीब 1.50 करोड़ रुपये की जीएसटी देनदारी अभी भी लंबित बताई जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम एवं प्रधान प्रबंधक डॉ. अमृता शर्मा ने पूरे प्रकरण का संज्ञान लेते हुए तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन कर दिया है। यह समिति मिल के सभी वित्तीय अभिलेखों, भुगतान प्रक्रिया, खरीद आदेशों और संबंधित अधिकारियों की भूमिका की गहन जांच करेगी। एसडीएम ने जांच कमेटी को तीन माह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। वहीं इस मामले के सामने आने के बाद क्षेत्र में चीनी मिल के प्रबंधन और वित्तीय व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

## एक नजर

### जानलेवा हमले के मामले में अस्पताल संचालक को पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता



**रुद्रपुर।** बीते दिनों किच्छा रोड स्थित रुद्रा अस्पताल के पास हुए खूनी संघर्ष के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी डा. सचिन मंडल को गिरफ्तार कर लिया है। अस्पताल संचालक पर जानलेवा हमले सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज था। पुलिस इस मामले में संलिप्त अन्य फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

मामले के अनुसार, बीती 28 फरवरी की रात किच्छा रोड स्थित रुद्रा अस्पताल और उसके बगल में स्थित एक सर्विस सेंटर के कर्मचारियों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्षों के बीच खूनी संघर्ष शुरू हो गया। मारपीट में सुभाष कॉलोनी निवासी दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हमले में उनके सिर पर गहरी चोटें आई थीं, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। पीड़ित पक्ष की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने रुद्रा अस्पताल के संचालक डॉ- सचिन मंडल पुत्र सतीश कुमार मंडल व उनके अन्य साथियों के खिलाफ धारा 307 समेत कई अन्य संगीन धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया था। हालांकि यह मामला रम्पुरा चौकी क्षेत्र का था, लेकिन निष्पक्ष जांच के उद्देश्य से इसकी विवेचना बगवाड़ा पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक मोहन चंद्र जोशी को सौंपी गई थी।

विवेचनाधिकारी मोहन चंद्र जोशी ने घटनास्थल का मुआयना करने और साक्ष्यों के संकलन के बाद आरोपी डा. सचिन मंडल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा आरोपी को न्यायालय में पेश करने की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस सूत्रें के अनुसार, घटना के समय डा. मंडल के साथ मौजूद अन्य आरोपियों की शिनाख्त कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

### पूर्व विधायक ठुकराल ने मातृशक्ति को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता



**रुद्रपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आज ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने महिलाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि समाज की प्रगति का मार्ग नारी शक्ति के सशक्तिकरण से होकर ही गुजरता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आज की महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं और परिवार के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में भी उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ठुकराल ने ट्रांजिट कैंप की संघर्षशील और जागरूक महिलाओं की सराहना करते हुए कहा कि इन मातृशक्तियों का सम्मान करना उनके लिए गौरव की बात है। सम्मान समारोह के दौरान पूर्व विधायक ने क्षेत्र की प्रतिष्ठित महिलाओं देवकी नेगी, चंपा तिवारी, गायत्री पांडे, समता शर्मा, दीप्ति संधू, हेमा राणा, निर्मला चंद, कविता, सरिता चौधरी और प्रीति धीर को स्मृति चिह्न व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

### आजाद समाज पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** आजाद समाज पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष लेखराज गौतम का रविवार को बाजपुर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

स्वागत कार्यक्रम सामाजिक कार्यकर्ता रामकुमार नेता के प्रतिष्ठान पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और प्रदेश अध्यक्ष को बधाई देते हुए उनके नेतृत्व में पार्टी को और मजबूत बनाने की बात कही। इस मौके पर जिला महासचिव राजकुमार, कमल दास, भीम आर्मी के एडवोकेट गोपाल कुमार, यतीन सागर, रवि गौतम, अमित कुमार, दीपक कुमार, मनु सागर, आशीष, संजय अम्बेडकर, शिवम सागर, रामसिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### थाना दिवस व अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सुनीं जनसमस्याएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** रविवार को थाना परिसर में आयोजित थाना दिवस एवं अंत. रराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर क्षेत्राधिकारी (सीओ) विभव सैनी ने जनता की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनका शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान क्षेत्र के कई लोग अपनी शिकायतें और समस्याएं लेकर पहुंचे, जिन्हें सीओ विभव सैनी ने गंभीरता से सुना। उन्होंने मौजूद पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई कर पीड़ितों को राहत दिलाई जाए। सीओ विभव सैनी ने कहा कि थाना दिवस का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को प्राथमिकता देने की बात भी कही। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लगा रक्तदान शिविर



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को सेवा चैरिटेबल ब्लड बैंक, बाजपुर में आध्यात्मिक चेतना संस्थान के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सौरभ परमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सुखमन कौर औलख रहीं, जबकि गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में कुसुम सैनी और राखी जौहरी उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। रक्तदान करने वालों में अर्जुन जौहरी, राज किशोर, दिव्या गोयल, दीपक शर्मा, स्वप्निल वर्मा और मदन मोहन पंत सहित कई लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं दिव्या गोयल, अर्चना शर्मा, रीना, नीलम राठी, शालिनी, निशा शर्मा, नमिता, निष्ठा, सुनीता और चंद्र सहित कई महिलाओं ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई।

शिविर में महिलाओं और पुरुषों दोनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और समाचार लिखे जाने तक 16 यूनिट रक्त संग्रहित किया जा चुका था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी के लिए प्रेरित करना और रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। यहां किसान नेता जगतार सिंह बाजवा, उत्तम सैनी, विजय कुमार यादव, दीनदयाल,दीपक शर्मा, केपी सिंह, नीलम शर्मा, डॉक्टर एस. दीक्षित आदि थे।

# नदी किनारे झाड़ियों की आड़ में लगाई गयी शराब भट्टियों पर छापा

**हजारों लीटर लहान व शराब बनाने के उपकरणों को मौके पर ही किया नष्ट**

शाह टाइम्स संवाददाता

**नानकमत्ता।** नशे के विरुद्ध कोतवाली पुलिस की छापामार कारवाई के दौरान नदी किनारे लगाई गयी शराब बनाने की भट्ठी व उपकरणों को नष्ट कर हजारों लीटर लहान नष्ट किया गया।

जिले के पुलिस कप्तान अजय गणपति के निर्देशन में नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने मादक पदार्थों के अवैध निर्माण तथा तस्करी व अपराधों में संलिप्त लोगों की धरपकड़,मादक पदार्थों की बरामदगी को छापेमारी के दौरान ग्राम सलमता में खकरा नदी किनारे झाड़ियों में कच्ची शराब बनाने को लगाई गई एक अवैध भट्टी, शराब बनाने के उपकरण ड्रम, कनस्तर, जार,पाइप, मटकी तथा गड्ढों में



तैयार लगभग एक हजार लीटर लहन मौके पर ही नष्ट किया गया। शराब भट्टी लगाने व कच्ची शराब तैयार कर तस्करी में संलिप्त लोगों के जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस टीम में मुख्य आरक्षी जगद. ीश पुजारी, जय कुमार शामिल हैं।

# मजदूर-मेहनतकश महिलाओं के संघर्ष को याद करने वाला दिन है आज: रविन्दर कौर

## प्रगतिशील महिला एकता केन्द्र, प्रगतिशील भोजन माता संगठन व इंकलाबी मजदूर केन्द्र ने की सभा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** आज आठ मार्च अंत. रराष्ट्रीय श्रमिक महिला दिवस के अवसर पर प्रगतिशील महिला एकता केन्द्र, प्रगतिशील भोजन माता संगठन व इंकलाबी मजदूर केन्द्र ने शहर के गांधी पार्क में संयुक्त रूप से सभा की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आज से सौ साल से भी अधिक समय पहले आठ मार्च,1908 को अमेरिका के न्यूयार्क शहर में काम के घंटे कम करने, वेतन बढ़ाने और वोट देने का अधिकार दिये जाने की मांग को लेकर हजारों महिला मजदूरों ने प्रदर्शन किया था। इसी से प्रेरणा लेकर 1910 में डेनमार्क के कोपेनहेगन शहर में समाजवादी महिलाओं के अंतराष्ट्रीय सम्मेलन में हर साल 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय मजदूर महिला दिवस मनाने का एलान किया था, तभी से पूरी दुनिया में यह क्रांतिकारी दिवस मनाया जा रहा है।



कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि 8 मार्च का दिन पूरी दुनिया के मजदूर-मेहनतकश महिलाओं को अपने पूर्वजों के संघर्ष को याद करते हुए आगे के लिए संघर्ष करने का संकल्प लेने का दिन है। वक्ताओं ने कहा कि आज केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा देशी-विदेशी पूंजीपतियों की सेवा करते हुए श्रम कानूनों को समाप्त कर 4 लेबर कोड बना दिए हैं, जिसमें महिला मजदूरों से रात की पाली व खतरनाक क्षेत्रों में काम कराने की खुली छूट दे दी गई है। काम के घंटे 8 के स्थान पर 12 करने, फिक्स टर्म एम्प्लॉयमेंट के तहत स्थायी रोजगार की गारंटी को समाप्त कर दी गई है। ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा दिया गया है। वक्ताओं ने कहा कि आज हर क्षेत्र में महिलाएं काम कर रही हैं, सरकारी क्षेत्र को छोड़कर बाकी सभी जगहों पर महिला मजदूरों को पुरुष मजदूरों से काफी कम वेतन दिया जाता है। सरकार द्वारा स्कीम वर्कर्स के रूप में रखी आंगनबाड़ी कार्यकत्री, भोजन माताओं, आशा कार्यकत्रियों को न्यूनतम वेतन भी नहीं दिया जाता है उन्हें मानदेय दिया जा रहा है जिसकी तुलना बेगारी से की जा सकती है।कार्यस्थलों पर महिलाओं को मानसिक व यौन उत्पीड़न का शिकार होना पड़ता है।

मजदूर मेहनतकश महिलाओं को संगठित कर इस पूंजीवादी व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष कर बराबरी वाली व्यवस्था समाजवादी व्यवस्था को लाने के लिए जूझना होगा। कार्यक्रम की शुरुआत व समापन क्रांतिकारी गीतों से किया गया। कार्यक्रम में प्रगतिशील महिला एकता केन्द्र की रविन्दर कौर, वंदना, मीना, हीराकली, प्रगतिशील भोजन माता संगठन की तुलसी, उर्मिला,कमलेश यादव, धनवंती देवी , सुमित्रा देवी, रानी, इंकलाबी मजदूर केन्द्र की सुनीता, पिंकी गंगवार, कैलाश, सुरेन्द्र, दिनेश, परिवर्तन कामी छात्र संगठन की खुशी गंगवार, क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के राजेश तिवारी आदि लोगों ने भागीदारी की।

# थाना दिवस में घरेलू उत्पीड़न की शिकायतों का हुआ निस्तारण

**एसएसआई व महिला उपनिरीक्षकों ने सुनीं महिलाओं की समस्याएं**

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कोतवाली रूद्रपुर में विशेष थाना दिवस और महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के विभिन्न क्षेत्रें से एक दर्जन से अधिक महिलाएं अपनी समस्याएं लेकर पहुंचीं, जिनमें मुख्य रूप से घरेलू उत्पीड़न, आपसी मारपीट और पति द्वारा प्रताड़ित किए जाने जैसे मामले शामिल रहे।

शिव नगर, भूरारानी, महरौला और रम्पुरा समेत अन्य क्षेत्रें की महिलाओं ने पुलिस के समक्ष अपनी आपबीती सुनाई। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का आगमन प्रस्तावित था, किंतु किन्हीं अपरिहार्य कारणों के चलते वे नहीं पहुंच सके। एसएसपी की अनुपस्थिति में एसएसआई अनिल जोशी, महिला उपनिरीक्षक नेहा राणा और महिला उपनिरीक्षक रीता चौहान ने कमान संभाली और



एक-एक कर सभी महिलाओं की समस्याओं को विस्तार से सुना। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने कई पारिवारिक विवादों का मौके पर ही काउंसलिंग के माध्यम से निस्तारण कराया। वहीं, गंभीर प्रकृति के मामलों को संज्ञान में लेते हुए एसएसआई अनिल जोशी ने संबंधित चौकी प्रभारियों को तत्काल स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के कड़े निर्देश दिए। अधिकारियों ने उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों और महिला हेल्पलाइन नंबरों के प्रति भी जागरूक किया। सुनवाई के दौरान पुलिस का मानवीय चेहरा भी सामने आया, जहां महिलाओं को त्वरित न्याय का भरोसा दिलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोतवाल मनोज रतूड़ी, एसएसआई अनिल जोशी, बाजार चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह खत्री, आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह, बगवाड़ा चौकी प्रभारी सुरेंद्र रिंगवाल, रम्पुरा चौकी प्रभारी कविंद्र शर्मा, उपनिरीक्षक नेहा राणा, रीता चौहान, चंदन बिष्ट और हेड कांस्टेबल पायल समेत भारी संख्या में पुलिस बल उपस्थित रहा। पुलिस ने स्पष्ट किया कि महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों का संरक्षण प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार के उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मीना ने महिलाओं का किया सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस यहां उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा के नेतृत्व में बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इससे पूर्व जन्म भूमि इंटर कॉलेज ट्रांजिट कैंप के परिसर में महिला दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम की आयोजक उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने यहां कई महिलाओं को सम्मानित किया, और उन्हें संस्था की तरफ से सिलाई मशीन वितरित की। वहीं श्रीमती शर्मा ने रुद्रपुर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर पहली बार एक महिला के रूप में ममता रानी को अध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें भी सम्मानित किया गया। श्रीमती शर्मा ने नगर निगम रुद्रपुर की नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे को भी शॉल ओढ़ाकर और फूलमालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में दर्जनों महिलाएं उपस्थित हुईं। मीना शर्मा ने कहा कि महिलाएं समाज की रीड होती हैं, उनके बिना समाज की तरक्की नामुमकिन है। महिलाएं वह सभी कुछ कर सकती हैं जो असंभव होता है।



कार्यक्रम में मीना शर्मा का भी शॉल ओढ़ाकर,पगड़ी पहनाकर और तलवार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ममता रानी, सरोज रानी, उमा सरकार, मालती मौर्य, सोनू शर्मा, सुनीता सैनी, नेहा राय, कांति प्रजापति,बेबी सिकदर, मिथलेश पाल, पूजा शर्मा, कमलेश, भूरी देवी, नीलम मौर्य, नीलम गंगवार, ममता दिवाकर, कांति प्रजापति, मधु शिखधर, दीपिका रस्तोगी, उमा बिष्ट, सुनीता,नैना, प्रिंसी, किरण जोशी, दीपा जोशी, कविता, भगवती, कृष्ण नेगी, मालती, हर्षिता, सहित दर्शनों अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

# अवैधा तमंचा और एक जिंदा कारतूस 315 के साथ युवक को पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**सुल्तानपुर पट्टी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधम सिंह नगर अजय गणपति द्वारा जनपद में अपराध एवं अवैध शस्त्रों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक काशीपुर तथा क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बाजपुर के नेतृत्व में चौकी पुलिस द्वारा प्रभावी चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी क्रम में प्रभारी चौकी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा बाजार घाट से कोसी नदी की ओर जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान अभियुक्त लखविन्दर उर्फ लख्खा पुत्र स्व. मनजीत सिंह निवासी मेहतावन, उम्र लगभग 22 वर्ष को रोककर तलाशी ली गई।जिसके कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर तथा एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ।

बरामदगी के आधार पर अभियुक्त को मौके पर ही गिरफ्तार करते हुए उसके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी उ.नि. दीपक कौशिक, दीपक बिष्ट, का. जनरैल सिंह, नीरज कुमार थे।

# महिला सशक्तिकरण के लिए जागरूकता जरूरी : शबाना सैफी



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति एवं बाल विकास जन जागृति समिति द्वारा महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाओं ने भाग लिया और महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। समिति की अध्यक्ष शबाना सैफी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज के दौर में महिलाओं का सशक्त और आत्मनिर्भर होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की आधी आबादी हैं और उनके बिना समाज का समुचित विकास संभव नहीं है। इसलिए महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और रोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस अवसर पर कई महिलाओं को उनके सामा. जिक योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया। इस दौरान शबाना सैफी, मानताशा,सोनिया, अनम, शबीना शमा, जया जोशी, साहिल, मोहम्मद आदिल खान, तरुण जोशी आदि मौजूद रहे।

# समाज में महिलाओं के योगदान और संघर्षों को किया याद

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद खटीमा में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण और समाज में उनके योगदान पर वक्ताओं में अपने विचार व्यक्त किया।

वही नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि आज का दिन महिलाओं के संघर्षों को याद करने तथा उनके सशक्तिकरण का जश्न मनाने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने का अवसर है।

इस मौके पर अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्य, भाजपा नेत्री नीलू गुप्ता सहित अन्य सम्मानित महिलाएं उपस्थित रहीं।

# सरस्वती एकेडमी में महिलाओं को किया गया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में समाज में महिलाओं की मुख्य भूमिका को सम्मानित करने तथा उनको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने हेतु महिला सशक्तिकरण दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम भव्य एवं प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की चेयरपर्सन ज्योति पाल तथा एडमिनिस्ट्रेटिव हेड विनीता पाल ने की।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने महिलाओं को आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित के सिविल जज आशीष तिवारी ने अपने संबोधन में महिलाओं को उनके अधिकारों एवं उनसे संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और सजग रहने के लिए प्रेरित किया।

यहां प्रधानाध्यापक रामयश, शिक्षक नंदकिशोर वर्मा, सुशील गुरुरानी, दीपा चंद, भावना कॉलोनी, मंजू अधिकारी, हेमलता, निर्मला चंद, गीतांजलि, मोहिनी, प्रियंका, सुष्मिता, जिला पंचायत सदस्य हीरा मुंडेला, विमला मुंडेला, अंजू देवी, केशर पारूथी, केशवी शर्मा, कमला मेलकानी, एडवोकेट पूनम राणा, एडवोकेट चंचल सिंह तथा ज्योति चंद उपस्थित रहीं।

# कोश्यारी का जीवन समाज सेवा और जनहित को समर्पित:पूर्व न्यायमूर्ति

**पर्वत पीयूष स्वर्ण जयंती विशेषांक का हुआ विमोचन**



शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** "विद्या, सेवा और समर्पण का स्वर्णिम उत्सव" पर्वत पीयूष के स्वर्ण जयंती विशेषांक के अवसर पर रविवार को जिला पंचायत सभागार में भव्य विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पत्रिका के स्वर्ण जयंती विशेषांक का विमोचन किया गया तथा पद्म भूषण से अलंकृत भगत सिंह कोश्यारी (पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड एवं पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र व गोवा) का विभिन्न वर्गों के लोगों द्वारा नागरिक अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रफुल्ल चन्द्र पन्त, पूर्व न्यायमूर्ति उच्चतम न्यायालय, पूर्व मुख्य न्यायाधीश मेघालय एवं पूर्व न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय नैनीताल ने अपने संबोधन में कहा कि भगत सिंह कोश्यारी का जीवन सदैव सामाजिक उत्थान और जनसेवा के लिए समर्पित रहा है। ऐसे व्यक्तित्व को सम्मान मिलना हम सभी के लिए गर्व और गौरव का विषय है। अपने संबोधन में भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि यह सम्मान उनका व्यक्तिगत नहीं बल्कि पूरे उत्तराखंड का सम्मान है। उन्होंने पर्वत पीयूष पत्रिका की 50 वर्षों की गौरवशाली यात्रा का भी उल्लेख करते हुए कहा कि यह पत्रिका क्षेत्र की सामा. जिक, सांस्कृतिक और वैचारिक चेतना को मजबूत करने का कार्य करती रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार तथा आमजन उपस्थित रहे। विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और वक्ताओं ने भी अपने विचार रखते हुए पत्रिका की 50 वर्ष की यात्रा को समाज के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के संयोजक मंडल में प्रो. जीत सिंह ज्याला, स्वामी विरेन्द्रानंद महाराज, हरीश जोशी, नन्दन सिंह कोश्यारी, गणेश पाठक तथा रणजीत ज्याला (अतिथि संपादक) शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक पंत ने की। इस अवसर पर गणेश भंडारी, जितेंद्र प्रसाद, गिरीश जोशी, राजेन्द्र रावत, दीपिका बोहरा, जगत सिंह खाती आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कोमल मेहता और ललित शौर्य ने किया।

# एक नई आशा महिला सुरक्षा के लिए चंपावत पुलिस का विशेष थाना दिवस

**महिलाओं की शिकायतों का त्वरित समाधान जागरूकता और विश्वास का मजबूत संदेश**



शाह टाइम्स संवाददाता

**चम्पावत।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक कुमायूं परिक्षेत्र रिद्धिम अग्रवाल के निर्देशन एवं रेखा यादव पुलिस अधीक्षक चम्पावत के पर्यावेक्षण में जनपद चम्पावत के समस्त थानों में "को. शिश एक नई आशा" थीम के अंतर्गत महिला सुरक्षा को समर्पित विशेष थाना दिवस का आयोजन किया गया।

इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित, सशक्त और जागरूक बनाना तथा उनकी शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना रहा। थाना दिवस के दौरान महिला हेल्पलाइन एवं ऐच्छिक ब्यूरो में लंबित प्रकरणों से संबंधित पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया। उपस्थित अधिकारियों द्वारा प्रत्येक मामले का परीक्षण कर उनके शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके विधिक अधिकारों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, दहेज उत्पीड़न, छेड़छाड़ एवं अन्य अपराधों से संबंधित कानूनी प्रावधानों तथा महिला सहायता हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जागरूक किया गया।

थाना दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त थानों में कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 17 शिकायतें महिला संबंधी थीं। प्राप्त 23 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। थाना दिवस के दौरान जनपद प्रभारी द्वारा कोतवाली चम्पावत उपस्थित रहकर आम जनता की समस्याओं को सुना गया और उनके त्वरित समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

## एक नजर

# पूर्व विधायक ने कार्यकर्ताओं संग पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का जताया विरोध

शाह टाइम्स संवाददाता

**नानकमत्ता।** भाजपा के पूर्व विधायक एवं वर्तमान जनजाति के प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं संग पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के विरोध में प्रदर्शन कर विरोध जताया।



रविवार को भाजपा के पूर्व विधायक एव जनजाति के प्रदेश अध्यक्ष डा. प्रेम सिंह राना के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को अपमानित एवं भ्रमित करने का घृणित प्रयास किये जाने का विरोध जताया गया, इस दौरान पूर्व विधायक डा. राना ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जनजाति समाज के खिलाफ अपनी घटिया सोच का परिचय दिया है, इसके विरोध में आज उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ओम नारायण सिंह राणा, नकुल भट्ट, विशाल गोयल, सुरजन राणा, नवीन राना, नरेंद्र राणा, निशिकेत भट्ट सहित आदि मौजूद थे।

# निहाई नदी पर बन रहे पुल का पूर्व विधायक राना ने किया निरीक्षण

**ठेकेदार को निर्माण कार्य में तेजी लाने को निर्देशित किया**

शाह टाइम्स संवाददाता

**नानकमत्ता।** गावों को शहर से जोड़ने एवं ग्रामीण के आवागमन को सुगम एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा नानकसागर डाम पार बसे लगभग आधा दर्जन गांवो को शहर तक जोडने को बनाये जा रहे पुल के निर्माण कार्य का पूर्व विधायक एवं जनजाति के प्रदेश अध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया तथा पुल के निर्माण कि संबंधित ठेकेदार से जानकारी ली।



रविवार को भाजपा के पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राना ने नानकसागर डाम पार स्थित ग्राम देवीपुर में बन रहे पुल के निमार्ण का स्थलीय निरीक्षण किया एवं संबंधित ठेकेदार को निर्माण कार्य में तेजी लाने को निर्देशित किया। पूर्व विधायक राणा ने बताया कि सरकार द्वारा यहां निहाई नदी पर पुल का निर्माण कराया जा रहा है यह पॉल ग्राम चौतुआखेड़ा, ज्ञानपुर गौडी से ग्राम बरकी डंडी को जोड़ेगा, पुल के निर्माण से यहां के ग्रामीणों को सुरक्षित आवागमन का लाभ मिलेगा।

# पूर्णागिरि मेले को देखते हुए रोडवेज कर्मचारियों ने फिलहाल टाला धरना

शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर।** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद, शाखा टनकपुर द्वारा लंबित मांगों को लेकर प्रस्तावित धरना कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी पूर्णागिरि मेले को देखते हुए श्रद्धालुओं की भारी आवाजाही को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

परिषद के शाखा अध्यक्ष कोशल कर्नाटक और शाखा मंत्री पंकज पंत ने बताया कि कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर पूर्व में धरना कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया था, लेकिन पूर्णागिरि मेले के दौरान परिवहन व्यवस्था सुचारु बनाए रखना भी उनकी जिम्मेदारी है। इसलिए जनहित और श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए संगठन ने फिलहाल आंदोलन को टालने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यदि मेले के बाद भी कर्मचारियों की मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती है तो संगठन दोबारा धरना कार्यक्रम शुरू करने को बाध्य होगा। कर्मचारियों ने निगम प्रशासन से मांगों के जल्द समाधान की भी अपील की है।

# सामूहिक विवाह समारोह में परिणय सूत्र में बंधे 18 जोड़े

**वर वधू को आयोजकों द्वारा जन सहयोग से भेंट किए गए घरेलू उपयोग के उपहार**



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** लघु उद्योग व्यापार मंडल द्वारा फुटबॉल मैदान में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नौवां सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे 18 वर वधू वैवाहिक बंधन में बंधे। सभी को अनेक संत महापुरुषों, जनप्रति. निधियों एवं विभिन्न संगठनों से जुड़े कई गणमान्य अतिथियों ने सुखमय वैवाहिक जीवन का आर्शीवाद दिया। वर वधू को आयोजकों द्वारा जन सहयोग से प्राप्त अनेकों घरेलू उपयोग के उपहार भी भेंट किए गए।

इससे पूर्व गल्ला मंडी में सभी वरों को परिजनों द्वारा सेहरा बांधने की रस्म अदा की गई, जिसके बाद बैंड बाजे के साथ धूमधाम से बारात प्रारंभ हुई, जो भगत सिंह चौक, मुख्य बाजार, डीडी चौक, किच्छा बाईपास रोड, झील मोड़, ट्रांजिट कैंप मार्ग होते हुए आयोजन स्थल फुटबॉल मैदान पहुंची। जहां सभी वरों का रीति रिवाज के अनुसार उनके ससुराल पक्ष एवं गणमान्य अतिथियों के साथ आयोजकों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात वरमाला पहनाने की रस्म अदा की गई। जिसके बाद अनुज अग्रवाल की अगुवाई में गायत्री परिवार द्वारा मंत्रेचारण के साथ सभी वर वधूओं का विवाह संपन्न कराया गया। जन संत महापुरुषों एवं विभिन्न संगठनों से जुड़े गणमान्य अतिथियों स्वामी शिवानन्द महाराज, नारायण चैतन्य महाराज, सोमानन्द महाराज, महंत अशोक नाथ, सर्व व्यवस्था प्रमुख भारत भूषण चुघ, मेयर विकास शर्मा, पूर्व मेयर रामपाल सिंह, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल आदि ने वर वधू को सुखमय दाम्पत्य वैवाहिक जीवन का आर्शीवाद दिया। वैवाहिक समारोह में भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। विवाह रस्म पूरी होने के बाद सायंकाल विदाई के समय सभी वर वधूओं को आयोजकों द्वारा जन सहयोग से प्राप्त अनेकों उपहार भी भेंट किए गए।

संस्था के सर्व व्यवस्था प्रमुख भारत भूषण चुघ ने बताया कि लघु उद्योग व्यापार मंडल ट्रांजिट कैंप द्वारा प्रतिवर्ष ऐसे जोड़ों का विवाह कराया जाता है, जिनके परिवार आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं। सामूहिक विवाह में कई संस्थाओं ने अपना सहयोग दिया। जिनमें श्री खाटू धाम सेवा समिति ट्रांजिट कैंप, श्री बालाजी मंडल सेवा समिति, सुंदरकांड महिला मंडल आवास विकास, गायत्री परिवार, अग्रवाल महासभा, जिंदगी जिंदाबाद टीम, गायत्री परिवार, योगी सेना आदि शामिल है।

इस दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष संजीव गुप्ता, संजय ठुकराल, राज कोली, रागिनी, ममता त्रिपाठी, शिवकुमार शिबू, सनी पासवान, राजीव कुमार, मनोज गुप्ता, विकास बंसल, जागृति ट्रस्ट के अमित राठौर, सुरेंद्र गुप्ता, गौरव दीक्षित, पूरन पाण्डे, अशोक कुमार, कमलदीप सोनकर, विकास आर्य आशा, शीतल, सुमन, अन्नू, मो. निका व नेहा ने सहयोग प्रदान किया।

## इन जोड़ों का हुआ विवाह

सामूहिक विवाह में आशीष कुमार का विवाह किरन से, अरूण कुमार का पूजा से, जितेन्द्र सिंह का क्रांति से, प्रदीप का मंसा से, अमन कुमार का प्रिम्मी देवल से, रवि कुमार का पार्वती से, अजय का राधा से, विशाल कुमार का संगीता से, नीरज का रीना से, विशाल का काजल से, सोनू कुमार का डॉली से, किशन पाल का प्रतिभा से, रोहि. हत कुमार का नीरज से, शिवान शर्मा का नीलम से, नन्दकिशोर का शोभा से, रामसिंह का निक्की से, उमेश बाबू का गुड्डी से व सचिन कुमार का रोली से शुभ विवाह सम्पन्न हुआ।

# मां पूर्णागिरि के दर्शनार्थियों को नगर क्षेत्र में सुविधाओं का टोटा

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** पौराणिक मां पूर्णागिरि धाम पर लगने वाले मेले को प्रारंभ हुए लगभग एक माह बीत चुका है, लेकिन नगर सीमा क्षेत्र में मेले के श्रद्धालुओं की सुविधाओं का टोटा है।

पूर्णागिरि धाम के श्रद्धालु यहां से होकर बड़ी संख्या में आते जाते हैं। यहां से गुजरने वाले श्रद्धालुओं को नगर क्षेत्र में सुलभ शौचालय, बैठने की व्यवस्था एवं शुद्ध पानी तक उपलब्ध नहीं होता है।

पूर्णागिरि मैया के दर्शन करने वाले श्रद्धालु खटीमा में सितारगंज रोड से किच्छा, रुद्रपुर, मुरादाबाद, रामपुर, काशीपुर नजीबाबाद, बिजनौर, बाराबंकी, लखनऊ हल्द्वानी, नैनीताल, रामनगर क्षेत्र के अलावा पीलीभीत, बरेली, शाहज. हांपुर, खुटार, बदायूं, हरदोई, मेरठ एवं पूरनपुर, माधो टांडा, लखीमपुर खीरी सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न भागों से आकर खटीमा, टनकपुर, पूर्णागिरि के लिए प्रस्थान करते हैं। पूर्णागिरि जाने वाले श्रद्धालुओं को खटीमा में सितारगंज रोड, पीलीभीत रोड तथा मेलाघाट रोड में किसी प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती है। रोडवेज बसों के अलावा निजी संसाधनों से आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को शौचालय सहित

बैठने संबंधी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ता है।

## शुद्ध जलापूर्ति सुलभ, बैठने व शौचालय की व्यवस्था होगी - अध्यक्ष जोशी

**खटीमा।** नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी रामू ने बताया कि नगर क्षेत्र में पूर्णागिरि के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शौचालय एवं बैठने की व्यवस्था की जाएगी। शुद्ध जलापूर्ति के लिए नगर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर वाटर कूलर लगे हैं। पालिका अध्यक्ष जोशी ने शीघ्र ही सुलभ शौचालय आदि सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

# चेयरमैन ने किया निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी जी ने वार्ड नंबर 15 में निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया एवं व्यापक जनसंपर्क एवं भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त सम्मानित वार्ड वासियों से आत्मीय भेंट की। इस दौरान स्थानीय नागरिकों के साथ वार्ड से जुड़ी विभिन्न समस्याओं, आवश्यकताओं एवं विकास संबंधी प्रस्तावों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

भ्रमण के क्रम में वार्ड में चल रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर उनकी प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। सम्मानित वार्ड वासियों द्वारा प्राप्त सुझावों और शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान का आश्वासन दिया गया। हमारा संकल्प है कि समस्त वार्डो के समग्र विकास, स्वच्छता, बुनियादी सुविधाओं की सुदृढ़ता एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निरंतर प्रयासरत रहेंगे। वहां पर गोविंद भट्ट, मोहन बोरा, लता जोशी, रजनी कोलिया आदि लोग मौजूद थे।

# कोतवाल चेतन रावत की पहल पर महिलाओं को किया जागरूक



**थाना दिवस में 13 मामलों का हुआ समाधान**

शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर थाना टनकपुर में विशेष थाना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन थानाध्यक्ष चेतन रावत के निर्देशन में किया गया, जिसमें एसएसआई पूरन सिंह तोमर, एएसआई रवि जोशी, महिला हेड कांस्टेबल सीमा यादव तथा महिला कांस्टेबल शोभा जोशी ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

थाना दिवस के दौरान क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस अवसर पर कुल 13 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जिससे लोगों को त्वरित न्याय मिला। विशेष रूप से महिलाओं की समस्याओं और शिकायतों को प्राथमिकता के साथ सुना गया तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित महिलाओं को उनकी सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों टोल फ्री नंबर 112, महिला हेल्पलाइन 1090, साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों के लिए 1930 तथा महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए गौरा शक्ति एप के बारे में विस्तार से बताया गया।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नकल विरोधी कानून का असर

**निःशुल्क नागरिक पुस्तकालय से 12 युवा बने पुलिस कांस्टेबल, एक कनिष्ठ सहायक**



शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर।** क्षेत्र में संचालित निःशुल्क नागरिक पुस्तकालय अभियान युवाओं के लिए सफलता का मजबूत आधार बनता जा रहा है। रविवार को पुस्तकालय अभियान के तहत पढ़ाई कर रहे छात्रों में से 12 छात्रों का उत्तराखण्ड पुलिस कांस्टेबल पद पर तथा एक छात्र का सिंचाई विभाग में कनिष्ठ सहायक पद पर चयन होने पर निःशुल्क नागरिक पुस्तकालय समिति द्वारा सभी चयनित छात्रों को मुंह मीठा कराकर सम्मानित किया गया।

पुलिस कांस्टेबल पद पर चयनित छात्रों में सौरभ नेगी, आकाश कुमार, गिरीश सिंह बोरा, विशाल कुमार, सागर कालोनी, मोहित जोशी, सागर कुमार, अभिषेक कुमार, मदन सिंह मेहरा, संजय सिंह सावंत, शुभम कुमार और पंकज बोरा शामिल हैं। वहीं साहिल प्रसाद का चयन सिंचाई विभाग में कनिष्ठ सहायक पद पर हुआ है। इस अवसर पर नागरिक निःशुल्क पुस्तकालय अभियान के जिला समन्वयक अनिल चौधरी (पिंकी) ने कहा कि यह सफलता पुस्तकालय में निरंतर की जा रही मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। छात्रों की इस उपलब्धि पर पुस्तकालय अभियान के संरक्षक राज भट्ट, जिला समन्वयक अनिल चौधरी, मेघराज देवपा, नरेंद्र लडवाल, हर्षवर्धन रावत, हंसराज देवपा, रोहिताश अग्रवाल, अमित जोशी, दरबान सिंह मेहर, धीरज मोनी, भुवन सिंह कठायत, रिपुदमन सिंह तड़ागी, क्षितिज वर्मा, राकेश जोशी और डॉ. विनोद जोशी सहित कई लोगों ने छात्रों को बधाई दी।






















# जरूरतमंद लोगों को वितरित की गई किट

शाह टाइम्स संवाददाता



**रामनगर।** ग्राम शक्तिनगर पुछड़ी ग्राम प्रधान हज्जन नरगिस और प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी के द्वारा रमजान मुबारक के मौके पर 200 से ज्यादा किट गरीब और जरूरतमंद लोगों को वितरित की गई।ग्राम शक्तिनगर पूछड़ी क्षेत्र के प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी ने कहा कि वह पिछले 10 साल से ज्यादा से रमजान के मुकद्दस महीने में गरीबों और जरूरतमंद लोगों को मदद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह आगे भी करते रहेंगे।गरीबों और जरूरतमंद लोगों ने प्रधान हज्जन नरगिस और प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी का आभार व्यक्त किया है।

# आईटीबीपी के हिमवीरों ने चलाया स्वच्छता अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता



**लोहाघाट।** आईटीबीपी की 36वीं वाहिनी के हिमवीरों ने स्वच्छता अभियान की श्रृंखला को जारी रखते हुए रविवार को नगर क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया। इस दौरान हिमवीरों ने लोहावती नदी क्षेत्र सहित नगर के प्रमुख ऋषेश्वर महादेव मंदिर परिसर में व्यापक सफाई कर पूरे क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बना दिया। बटालियन के कमांडेंट संजय कुमार के दिशा-निर्देशन में आईटीबीपी के जवान लगातार ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में इंस्पेक्टर गोपाल वर्मा के नेतृत्व में लगभग तीन दर्जन हिमवीरों ने सामूहिक श्रमदान करते हुए मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में फैली गंदगी को साफ कर क्षेत्र की तस्वीर ही बदल दी। इस अभियान में नगरपालिका के पर्यावरण मित्र व अध्यक्ष समेत अन्य लोग भी सामिल हुए। अभियान में सहायक उपनिरीक्षक केवलानंद जोशी, मदन सिंह राणा तथा सांभवी मुरारी सहित कई जवानों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस पहल की सराहना करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा ने आईटीबीपी के हिमवीरों और बटालियन के कमांडेंट संजय कुमार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आईटीबीपी समय-समय पर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में जनहित के कार्यों में सहयोग कर समाज के लिए प्रेरणा का कार्य कर रही है।

# संघ शताब्दी वर्ष पर सुई गांव में हुआ विराट हिंदू सम्मेलन

शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में लोहाघाट खंड के कोलीढेक मंडल अंतर्गत सुई गांव में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महिलाओं द्वारा भगवती मंदिर से शिवनाथ मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकालकर की गई। इस कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेते हुए पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में सहविभाग प्रचारक जितेंद्र जी उपस्थित रहे।

उन्होंने अपने संबोधन में संघ के शताब्दी वर्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए "पंच परिवर्तन" विषय पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने समाज को संगठित और मजबूत बनाने के लिए परिवार व्यवस्था को सुदृढ़ रखने की आवश्यकता पर जोर दिया और क्षेत्रवासियों से संघ कार्यों में सक्रिय सहयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मानेश्वर थानापति धर्मराजानंदपुरी जी महाराज उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में महिलाओं को समाज में जागरूक और सशक्त बनने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने अंग्रेजों के कालखंड का उल्लेख करते हुए समाज को अपनी संस्कृति और परंपराओं को सहेजकर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश खर्कवाल ने की। इस दौरान समाज और क्षेत्र के विकास में योगदान देने वाले कई स्थानीय लोगों को सम्मानित भी किया गया। महिलाओं द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक झोड़ा नृत्य ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में सचिन जोशी, पप्पू बोहरा, कैलाश तलनिया, आनंद ओली, हरीश अधिकारी, नवीन गहतोड़ि, नवीन जोशी, भूपेश देव, जीवन तिवारी, शाम्भवी मुरारी, हितेश मुरारी, सुनील चौवे, मोहन जोशी, रामू जोशी, खष्टीबल्लभ जोशी, योगेश ओली, राजू गड़कोटी, चंद्रशेखर जोशी, जगदीश ओली, नीरज फर्त्याल, सतीश फर्त्याल आदि थे।

# 'यूथ एक्सचेंज' से मिलेंगे नए अवसर

## नैनीताल के रामगढ़ महाविद्यालय में नॉर्वे की टीम का दौरा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के राजकीय महाविद्यालय रामगढ़ में करियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ के तत्वावधान में रामगढ़ महाविद्यालय और नॉर्वे की केबीटी व्यवसायिक महाविद्यालय के मध्य यूथ एकसचेंज कार्यक्रम के तहत संवाद और संभावना का आयोजन किया गया। इस दौरान नॉर्वे की टीम द्वारा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ व्यापक स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा को लेकर संवाद किया गया। बता दें रामगढ़ महाविद्यालय और केबीटी व्यावसायिक संस्थान नॉर्वे के मध्य किस तरह शैक्षिक संबन्ध हो सकते है, किस तरह दोनों संस्थाओं के मध्य सांस्कृतिक, व्यावसायिक तथा शैक्षिक आदान-प्रदान किया जा सकता है पर व्यापक चर्चा की गई। अंतर्राष्ट्रीय समन्वयक नील एरिक



वोल्डन ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए व्यावसायिक शिक्षा 8के महत्व को उनके साथ साझा किया। व्यावसायिक शिक्षा के तमाम पाठ्यक्रम जो की उनके व्यावसायिक संस्थान के माध्यम से चलाए जा रहे हैं किस तरह छात्र-छात्राएं उन पाठ्यक्रमों का हिस्सा बन सकते हैं इस बारे में विस्तार से बताया। छात्र-छात्राओं से उन्होंने अपील करी की वह कुछ नवाचारी विचारों के साथ सामने आए। इस मौके पर प्राचार्य केबीटी व्यवसायिक संस्थान नॉर्वे कार्ल जोन जॉनसन ने रामगढ़ क्षेत्र को व्यवसायिक शिक्षा के लिए सशक्त बताया। स्थानीय समन्वयक पारुल रिवाल पाठक ने छात्र-छात्राओं से अपील करी की वह अपने उज्जवल भविष्य के लिए व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को हाइब्रिड मोड में करें। उन्होंने ट्रिपल प्युपिल एप्लेनेट और प्रॉफिट पर विशेष चर्चा करी। उन्होंने महाविद्यालय प्रशासन से अपील की कि महाविद्यालय प्रशासन नॉर्वे और रामगढ़ महाविद्यालय के शैक्षिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए उचित प्रक्रिया के माध्यम से पत्राचार करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डा. माया शुक्ला ने की जबकि कार्यक्रम समन्वयक डा. हरीश चन्द्र जोशी ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डा. निर्मला रावत ने किया। कार्यक्रम में प्राध्यापिका डा. संध्या गड़कोटी, नीमा पंत, हरेश राम तथा तनुजा जोशी के द्वारा विचार व्यक्ति किए गए। इस मौके पर कविंद्र प्रसाद, दीप्ति, कुंदन, गणेश, कमलेश तथा प्रेम भारती उपस्थित रहे वहीं छात्राओं में गरिमा, सचिन, गौरव, प्रियांशु, अमित, रोशनी, दीपशिखा, नित्या, तनुजा, प्रकाश, मयंक, ललिता थे।

# दूसरी महिला से 'चैटिंग' पकड़ी, धरने पर बैठी पत्नी

## महिला सेल से कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार को हल्द्वानी शहर कोतवाली में एक पति-पत्नी और कथित प्रेमिका के बीच विवाद का मामला सामने आया। पत्नी ने अपने पति के मोबाइल में दूसरी महिला से चैटिंग पकड़ने के बाद महिला सेल में जाकर कार्रवाई की मांग की और काफी देर तक धरने पर बैठी रही। कोतवाली क्षेत्र के बस स्टेशन के पास रहने वाले एक टैक्सी चालक की लगभग पांच साल पहले शादी हुई थी। शनिवार को उसकी पत्नी महिला सेल पहुंची और आरोप लगाया कि उसके पति का एक दूसरी शादीशुदा महिला से संबंध चल रहा है। पत्नी ने बताया कि जब वह गर्भवती थी और अस्पताल में भर्ती थी, तब उसके पति ने उसी महिला को अपना करीबी मित्र बताकर देखभाल के लिए बुलाया था, लेकिन अब वह महिला उसकी पति की कथित प्रेमिका निकली। उस समय पत्नी को इस बात का कोई अंदाजा नहीं था। हाल ही में पत्नी ने अपने पति को मोबाइल पर उस महिला से बातचीत करते हुए पकड़ा। जब उसने पड़ताल की, तो पता चला कि वह वही महिला है, जो पहले अस्पताल में उसकी देखभाल करने आई थी। इससे आक्रोशित होकर पत्नी सीधे महिला सेल पहुंची और पति और उस महिला को बुलाकर सच्चाई सामने लाने की और उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करने लगी। वह काफी देर तक अपनी मांग पर अड़ी रही। महिला सेल प्रभारी सुनीता कुंवर ने किसी तरह महिला को शांत किया और उन्हें भरोसा दिलाया कि दोनों पक्षों को बुलाकर काउंसलिंग कराई जाएगी। इसके बाद महिला को समझाकर घर भेज दिया गया।

## एक नजर

### रामगढ़ के पीयूष बिष्ट को सेना में कमीशन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के रामगढ़ विकासखंड के प्यूड़ा गांव निवासी



पीयूष बिष्ट ने ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी चेन्नई से ट्रेनिंग पूरी कर पासिंग आउट परेड के बाद सेना में कमीशन प्राप्त कर लिया है, उन्हें गोरखा राइफल्स में तैनाती मिली है। बता दें पीयूष बिष्ट के पिता केशर सिंह बिष्ट पुत्र उदय सिंह बिष्ट भी सेना में कैप्टन के पद पर हैं जबकि माता उमा बिष्ट भी उच्च शिक्षित हैं। पीयूष की शिक्षा अपने पिता के साथ ही हुई है। पीयूष की इस महत्वपूर्ण कामयाबी पर प्यूड़ा गांव में खुशी का माहौल है।

### कोटगाड़ी मंदिर में भागवत कथा का शुभारम्भ

**कालाढूंगी।** कालाढूंगी के नयागांव चंदन सिंह गांव के समीप कालाढूंगी रेंज के आरक्षित वन क्षेत्र मै स्थित न्याय की देवी कोटगाड़ी मंदिर मै आज देवी भागवत कथा का शुभारम्भ भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने प्रतिभाग किया जिसमें कुमाऊं की प्राचीन संस्कृति ढोल नागाड़ों और छोलिया नृत्य का समागम देखने को मिला। भगवतचार्य कपिल देव ने बताया की आज से 10 दिवसीय देवी भागवत कथा का आयोजन आरम्भ हो गया है। भागवत कथा का आयोजन गंगा सामंत और समस्त ग्रामवासियों द्वारा प्रतिवर्ष कराया जाता है। इस दौरान सैकड़ों महिलाएं सहित पुरुष व धर्म प्रेमी मौजूद रहे।

### वीकेंड पर नैनीताल में सैलानियों से बढ़ी रौनक

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में वीकेंड पर सैलानियों की आमद बढ़ने से रौनक रही। तीन दिन में 6 हजार से अधिक सैलानी नैनीताल पहुंचे। रविवार को डे विजिट पर आने वाले सैलानियों की संख्या अधिक रही। बता दें नगर में शुक्रवार शाम से ही सैलानियों का पहुंचना शुरू हो गया था जो रविवार दोपहर तक जारी रहा। इस बीच नगर के पर्यटन स्थलों में खासी रौनक रही तो बड़ी संख्या में सैलानी पंत पार्क और नैनी झील किनारे सैर करते नजर आए। नगर के स्नोव्यू, हिमालय दर्शन, वाटरफाल, हिमालयन बाटनिकल गार्डन, चिड़ियाघर व केव गार्डन की सैर करने वाले सैलानी काफी संख्या में नजर आए। मालरोड की रौनक भी निखरी हुई नजर आई तो जीवनदायिनी नैनी झील में नौका विहार का भी सैलानियों ने जमकर लुत्फ उठाया। नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने कहा कि ग्रीष्मकालीन सीजन से पूर्व यातायात व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए तभी पर्यटन का लाभ मिल सकेगा।

### दमकल कर्मी जंगल में आग बुझाने पहुंचे

**नैनीताल।** अग्निशमन केंद्र फायर स्टेशन नैनीताल के कर्मियों ने रविवार को सुयालबाड़ी के जंगलों में लगी आग की सूचना मिलने पर तुरंत मौके पर रवाना हुए। बता दें फायर स्टेशन को रविवार को दोपहर में 12.02 बजे पीएफटी द्वारा ढोकाने सुयालबाड़ी के पास जंगल क्षेत्र में आग की सूचना प्राप्त हुई जिस पर शीघ्र ही फायर यूनिट नैनीताल घटनास्थल को रवाना हुई। घटनास्थल पर पहुंचकर उन्होंने देखा वन कर्मियों द्वारा फायर लाइन कट कर व पीटपाट कर आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया था। बाद में फायर कर्मी वापस लौट आए।

### चारों बलॉक में लगेगी अल्ट्रासाउंड व एक्सरे मशीन

**धारी।** भीमताल विधान सभा के विधायक राम सिंह कैड़ा ने कहा कि भीमताल विधानसभा के ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल बलाकों में किसी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड तो किसी में एक्सरे मशीन नहीं थी जिस कारण मरीजों को अल्ट्रासाउंड व एक्सरे कराने के लिए हल्द्वानी या नैनीताल जाना पड़ता था। विधायक कैड़ा लंबे समय से भीमताल विधानसभा के ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल ब्लॉकों के अस्पतालो में अल्ट्रासाउंड व एक्सरे मशीन लगाने की मांग मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री से कर रहे थे। विधायक कैड़ा ने एकसरे मशीन कुछ अस्पतालों में लगवा दी थी कुछ अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड व एकसरे मशीन लगनी थी और रेडियोलॉजिस्ट के पदों की नियुकित होनी आवश्यकत थी। विधायक कैड़ा ने मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री से अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड व एक्सरे मशीन लगाने की मांग लंबे समय से की थी। कई बार विधानसभा में स्वास्थ्य समस्या का मामला उठाया भी था। विधायक कैड़ा ने कहा कि अब मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ने हर ब्लॉक में अल्ट्रासाउंड व एक्सरे मशीन लगाने की संस्तुति दे दी है। विधायक कैड़ा ने मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री का आभार व्यक्त किया है।

### अवैध गैस रिफिलिंग का भंडाफोड़

**हल्द्वानी।** मंडलायुक्त दीपक रावत के निर्देशानुसार जिला पूर्ति अधिकारी के नेतृत्व में रविवार को हल्द्वानी के वनभूलपुरा क्षेत्र, लाइन नंबर 07 में अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफ औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने दो दुकानों में घरेलू गैस सिलेंडर 14.2 किलो से छोटे 5 किलो के सिलेंडरों में अवैध रिफिलिंग और छोटे सिलेंडरों के अवैध व्यापार को पकड़ा। इस कार्रवाई के तहत संबंधित तीन व्यक्तियों के खिलाफ थाना वनभूलपुरा में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत दो एफआईआर दर्ज की गई। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि इस तरह की निगरानी और कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इस कार्रवाई में पूर्ति निरीक्षक राहुल सिंह डांगी, जगमोहन नेगी, ललित मेर, सुबोध त्रिपाठी, गौरव जोशी शामिल रहे।

# नैनीताल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को नैनीताल शहर और आसपास के क्षेत्रों में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नगर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था शिल्पकार सभा ने महिला सशक्तिकरण और समानता पर विचार गोष्ठी और सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिल्पकार सभा की महिला शाखा की अध्यक्ष एडवोकेट तारा आर्य ने की, जबकि संचालन महामंत्री मनीषा आर्य ने किया। सभा के अध्यक्ष रमेश चंद्रा ने कहा कि इस दिन को महिलाओं के अधिकारों के संघर्ष और उनकी कामयाबियों का प्रतीक माना जाता है। एडवोकेट तारा आर्य ने कहा कि 1917 में रूस की



महिलाओं ने इसी दिन ऐतिहासिक हड़ताल की थी, जिसके परिणामस्वरूप महिलाओं को मताधिकार मिला। कार्यक्रम में शिल्पकार सभा के अन्य सदस्यों ने भी महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समानता पर अपने विचार रखे। भीमताल विकास खंड में ग्रामीणों और महिलाओं ने महिला दिवस के मौके पर सफाई अभियान चलाया। ग्राम पंचायत के युवाओं और महिलाओं ने रोड किनारे पड़े प्लास्टिक कूड़े को एकत्र किया। ग्राम प्रधान राधा कुल्याल ने ग्रामीणों को महिला दिवस की बधाई देते हुए प्लास्टिक मुक्त ग्राम पंचायत बनाने का आह्वान किया। अभियान में महिला रेखा कुल्याल, भावना कुल्याल, जानकी कुल्याल समेत अन्य महिलाएं और बच्चे शामिल थे। नैनीताल में आशा कार्यकर्ताओं ने आर्य समाज पार्क में महिला अधिकारों और उनके संघर्ष को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि उन्हें पिछले 20 सालों से उचित मानदेय और राज्य कर्मचारी का दर्जा नहीं दिया गया है। आशा कार्यकर्ताओं ने महिला हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने की भी बात की। कार्यक्रम में उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष कमला कुंजवाल समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थीं। विमर्श संस्था ने भी महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण पर कार्यक्रम आयोजित किया। संस्था की समन्वयक कंचन भंडारी ने कहा कि महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा के विरोध में आवाज उठाने का आह्वान किया और समाज में समानता और सम्मान की आवश्यकता पर जोर दिया।

### मल्लीताल कोतवाली और तल्लीताल थाने में भी लगे शिविर

**नैनीताल।** नैनीताल शहर में मल्लीताल कोतवाली और तल्लीताल थाने में भी महिला दिवस के अवसर पर शिविर लगाए गए। मल्लीताल कोतवाली में महिला मंगल दल से जुड़ी महिलाओं को उनके अधिकारों और विभिन्न कानूनों की जानकारी दी गई। इस दौरान एसपी डा. जगदीश चंद्र और पुलिस टीम ने महिलाओं की समस्याएं सुनीं तथा घरेलू हिंसा सहित अन्य मामलों में काउंसलिंग भी की वहीं तल्लीताल थाने में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को जागरूक किया गया और उनकी शिकायतों को दर्ज कर समाधान की प्रक्रिया शुरू की गई। एसपी जगदीश चंद्र ने बताया कि शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

# मिशन न्यू इंडिया युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने गौरव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मिशन न्यू इंडिया युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंदन सिंह बोहरा ने कसियालेख निवासी गौरव बिष्ट को मिशन न्यू इंडिया युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष कुंदन सिंह बोहरा ने उनके निवास



पर पहुंचकर उनको नियुक्ति पत्र सौंपकर उनका भव्य स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गौरव बिष्ट आशा व्यक्ति की है कि वह संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए साथ ही युवाओं को इसमें जोड़ने का काम करेंगे और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए एक मुहिम चलायेंगे साथ ही स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कार्य करेंगे। इस मौके पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गौरव बिष्ट को हिमांशु गिनवाल, दिनेश डंगवाल, जितेंद्र बिष्ट, कैलाश बिष्ट, हेमू बिष्ट, संजय बिष्ट, तरुण बिष्ट, गंगा बसेरा, सूरज सिंह बिष्ट, कमल बिष्ट, मुकेश बिष्ट, रणजीत सिंह, पप्पू बिष्ट, भास्कर सिंह, नीरज, हरेन्द्र नयाल, उत्तम बिष्ट, देवेन्द्र बोहरा, विजय पड़ियार ने बधाई दी।

# एआई जैसी तकनीक को साथ लेकर चलना होगा

## डीएसटी के सचिव प्रो. अभय करंदीकर ने किया एरीज का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के सचिव प्रो. अभय करंदीकर ने कहा कि हमें एआई जैसी तकनीक का विकास और इसे साथ लेकर चलना होगा। बता दें डीएसटी के सचिव ने रविवार को आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) का निरीक्षण किया और शोध छात्रों को संबोधित किया। एरीज सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शोध छात्रों से प्रो. अभय करंदीकर ने कहा कि एआई जैसी तकनीक को साथ लेकर चलना होगा तभी विज्ञान के विकास को रफ्तार मिल सकेगी। प्रो करंदीकर ने कहा कि शोध का अर्थ आजीविका तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि विज्ञान की प्रगति के साथ हित समाज की निम्न वर्ग



तक पहुंचना चाहिए। शोध छात्रों को इसी मानसिकता के साथ आगे बढ़ना होगा।

कहा कि चहुमुखी विकास की सीढ़ी विज्ञान है। विज्ञान से जुड़े युवाओं को समझना होगा कि देश के भविष्य निर्माण में उनकी जिम्मेदारी कहीं अधिक बढ़ जाती है। गौरव की बात है कि अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में देश निरंतर असमान की ऊंचाइयों को स्पर्श कर रहा है लिहाजा हमारे सामने चुनौतियां बढ़ चली हैं, जिसके चलते आने वाले वर्षों में विज्ञान की प्रगति का जिम्मा युवाओं को संभालना होगा। विकसित भारत के वर्ष 2047 के लक्ष्य को लेकर कहा कि अगले करीब 20 वर्षों का समय देश को विशेष मुकाम तक पहुंचना होगा। विकसित भारत की परिधि में युवा वैज्ञानिकों की जिममेदारी अधिक बढ़नी जा रही है। उन्हें अपना दायित्व को समझते हुए बखूबी निभाना होगा। इसके बाद उन्होंने एरीज स्थित संपूर्णानंद दूरबीन का निरीक्षण किया। इस मौके पर एरीज के निदेशक डा. मनीष नाजा ने बताया कि यह दूरबीन एरीज के लिए मील का पत्थर साबित हुई है। इस दूरबीन ने कई दर्जन वैज्ञानिकों का भविष्य संवारने में अहम भूमिका निभाई है। आज भी यह दूरबीन निरंतर कार्य कर रही है। इस 100 सेमी की इस दूरबीन के जरिए 600 अधिक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। दौरान उनके साथ डीएसटी के अनुज त्रिपाठी व सुशील कुमार समेत एरीज के वैज्ञानिक डा. सौरभ समेत अन्य विज्ञानी मौजूद रहे।

# महिला दिवस पर कोलवाली में गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को कोतवाली कालाढूंगी में महिलाओं को जागरूक करने तथा उनकी समस्याएं सुनने के उद्देश्य से एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. मंजूनाथ टीसी के निर्देशन और कालाढूंगी प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार सैनी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें क्षेत्र की कई महिलाओं ने भाग लेकर अपनी समस्याओं और सुझावों को अधिकारियों के सामने रखा। गोष्ठी के दौरान प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार सैनी ने महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा संबंधी कानूनों तथा पुलिस द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं से कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में बिना झिझक पुलिस से संपर्क करें। पुलिस हमेशा उनकी सुरक्षा और सहायता के लिए तत्पर है। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने भी खुलकर अपनी बात रखी और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए सुझाव दिए। ग्राम प्रधान नेहा ने ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सत्यापन अभियान चलाए जाने की मांग उठाई।



उन्होंने कहा कि बाहरी लोगों का समय-समय पर सत्यापन होना आवश्यक है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा बनी रहे और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक तनवीर आलम, हरबंश राणा, किशन नाथ, अमनदीप, हीरा रावत, साजिया सहित मनीषा पाल, पुष्पा, गिरीश चंद्र, भगवान सिंह, जगमोहन राम और प्रकाश चंद्र समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# कालाढूंगी में ट्रक यूनियन ने कराया रोज़ा इफ्तार



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** ट्रैक यूनियन द्वारा रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने शिरकत की। रविवार को वार्ड नंबर 4 में स्थित हाजी हबीबुल्लाह शाह की दरगाह शरीफ पर कालाढूंगी ट्रेक यूनियन के द्वारा रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने शिरकत कर अपना रोजा खोला वही इस दौरान देश दुनिया में अमन चौन की दुआ मांगी गई। इफ्तार पार्टी में बच्चों नौजवानों सहित बुजुर्गों ने शिरकत की इस दौरान ट्रैक यूनियन के नदीम अहमद, शाकिर अली, असरफ अली, आसिफ रजा, मोहम्मद दानिश, समीर अली, फिरासत अली, नौशाद अली रहे।

# धामी सरकार के चार साल वाकई बेमिसालः आशा शुक्ला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाजपा महिला मोर्चा की नगर महामंत्री आशा शुक्ला ने उत्तराखण्ड की धामी सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर इसे 'बेमिसाल कार्यकाल' बताया है। प्रेस को जारी बयान में आशा शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिस धाकड़ अंदाज़ में प्रदेश का नेतृत्व किया है, उसने पूरे देश में एक अलग मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में यूसीसी बिल लागू करना और नकल विरोधी कानून लाना सरकार के सबसे महत्वपूर्ण और जनहितकारी फैसलों में शामिल है। इन फैसलों से समाज के सभी वर्गों को समानता का अधिकार मिला है, वहीं नकल माफियाओं पर भी कड़ा



प्रहार हुआ है। आशा शुक्ला ने कहा कि पिछले चार वर्षों में मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में प्रदेश की जनता के हित में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार ने उत्तराखण्ड के विकास में हमेशा उदार सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को जिस प्रकार बढ़ावा दिया है, उससे देवभूमि उत्तराखण्ड की ओर देश-दुनिया का ध्यान आकर्षित हुआ है। उन्होंने कहा कि आज उत्तराखण्ड खेल, पर्यटन और आध्यात्मिक क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और प्रदेश में माफिया राज का अंत हुआ है, जिससे विकास को नई गति मिली है। आशा शुक्ला ने आगे कहा कि हाल ही में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का हरिद्वार दौरा और उस दौरान मुख्यमंत्री धामी की सराहना यह संकेत देता है कि आगामी विधानसभा चुनाव भी भाजपा धामी के नेतृत्व में ही लड़ेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा उत्तराखण्ड में लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर हैट्रिक लगाएगी।

# मारपीट, चाकू से हमले के मामले में क्रॉस रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीती शनिवार की शाम राजपुरा क्षेत्र में बाइक की रफ्तार को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद के बाद रविवार को क्रॉस मुकदमा दर्ज किया गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी। पुलिस ने दोनो पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार राजपुरा राजेन्द्र नगर वार्ड नंबर-12 निवासी ईशा चरन ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि शनिवार शाम करीब पांच बजे उनका पोता आयुष उर्फ हर्ष चरन बाइक से गली से होकर घर की ओर आ रहा था। इसी दौरान मोहल्ले के कुछ लोगों ने तेज बाइक चलाने की बात कहकर उससे गाली-गलौज शुरू कर दी। जब ईशा चरन और हर्ष की मां उसे घर ले जाने लगे तो मोहल्ले के कई लोग एकत्र हो गए और पीछे से ईंट-पत्थर व लात-घूंसों से हमला कर दिया। आरोप है कि इसके बाद उनके घर पर भी पथराव किया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर विरमा, विपिन, आकाश, शुभम, रंजीत, अनमोल, विश्वास पर नामजद मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से आकाश पुत्र विश्वास ने आरोप लगाया कि शाम करीब पांच बजे हर्ष बिना नंबर प्लेट की बुलेट बाइक से गली में आया और रेट्रो साइलेंसर से पटाखों की तेज आवाज निकालने लगा। आकाश के अनुसार जब उसकी मां और मोहल्ले के लोगों ने विरोध किया तो हर्ष ने चाकू निकालकर हमला कर दिया। बचाव के दौरान आकाश को पीछे से चाकू मारकर घायल कर दिया। उसके चाचा ब्रह्मपाल के पेट पर भी चाकू से वार किया गया। कोतवाल विजय मेहता ने बताया दोनों पक्षों की तहरीर पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# मनोज महासचिव, बिष्ट बने उपाध्यक्ष

## डीएसए की 176वीं सामान्य परिषद की बैठक में सर्वसम्मति से मिली जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिला क्रीड़ा संघ (डीएसए) नैनीताल की रविवार को आयोजित हुई 176वीं सामान्य परिषद की बैठक में सर्वसममति से युवा भाजपा नेता व मंडी परिषद के सलाहकार मनोज जोशी को महासचिव जबकि कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के समाजशास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. देवेंद्र सिंह बिष्ट उपाध्यक्ष चुने गए। उनके मनोनयन की खुशी में बैठक की समाप्ति पर डीएसए ग्राउंड में आतिशबाजी भी की गई। इससे पूर्व डीएसए सभागार में हुई आम बैठक में शहर के विभिन्न खेल कलबों व स्कूलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे जबकि जिला प्रशासन की ओर से अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) विवेक राय तथा उप जिलाधिकारी नवाजिश खलिक समेत उप निदेशक खेल राशिका सिद्दीकी तथा जिला क्रीड़ाधिकारी



निर्मला पंत मौजूद रहे जबकि न्यू क्लब के अध्यक्ष व पूर्व पूर्व सांसद डा. महेंद्र सिंह पाल, डीएसए के निवर्तमान महासचिव अनिल गड़िया, उपाध्यक्ष बिशन सिंह मेहता व उनकी कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी समेत भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की, व्यापार मंडल मल्लीताल के अध्यक्ष किसन सिंह नेगी सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमीजन मौजूद थे, किन्तु डीएसए की पदेन उपाध्यक्ष व पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल बैठक में शामिल नहीं थी। इस मौके पर डीएसए के नवनियुक्त महासचिव मनोज जोशी ने कहा कि क्रीड़ा विभाग से डीएसए का सहयोग करने व न करने पर चेतावनी दी तो क्रीड़ाधिकारी बैठक छोड़कर चले गए। मनोज जोशी ने कहा कि डीएसए द्वारा आयोजित किये जाने वाले ऐतिहासिक हॉकी टूर्नामेंट ट्रेडर्स कप समेत फुटबॉल का रामपुर कप सहित लैंडो लीग फुटबॉल व अन्य टूर्नामेंट भव्य रूप से होंगे। कहा कि मैदान में नगर पालिका के स्वामित्व में रहेगा और खेल विभाग को अपनी प्रतियोगिताएँ कराने के लिये नगर पालिका व डीएसए की अनुमति लेनी होगी। दूसरी ओर डीएसए के नव नियुक्त उपाध्यक्ष प्रो. देवेंद्र सिंह बिष्ट ने डीएसए के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख किया और इसे पुनः उसी तर्ज पर संचालित किए जाने का आह्वान किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने डीएसए की गतिविधियों में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक का संचालन भुवन बिष्ट व प्रो. देवेंद्र सिंह बिष्ट ने किया। बैठक में विभिन्न खेल क्लबों के अध्यक्ष व महामन्त्री सहित डीएसए के पुराने पदाधिकारी, नगर पालिका के कई सभासद तथा डीएसबी परिसर छात्र संघ के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक की समाप्ति के बाद डीएसए के पूर्व महासचिव प्रो. घनश्याम लाल साह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया।

# कूटा ने किया पदाधिकारियों का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने रविवार को 1843 में स्थापित डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट एसोसिएशन तथा दी नैनीताल जिमखाना की 176वीं वार्षिक आम सभा की बैठक में प्रो. देवेंद्र सिंह बिष्ट के उपाध्यक्ष तथा मनोज जोशी के निर्विरोध महासचिव निर्वाचित होने पर खुशी व्यक्त की। इस मौके पर कूटा ने उपाध्यक्ष प्रो. देवेंद्र सिंह बिष्ट तथा महासचिव मनोज जोशी को पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा खेलों एवं खिलाड़ियों के प्रोत्साहन तथा वार्षिक कैलेंडर बनाने पर बातचीत की। कूटा ने एडीएम विवेक राय तथा उप जिलाधिकारी नवाजिश खलिक से भी मुलाकात की। बधाई देने वालों में कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी, संयुक्त सचिव डा. संतोष कुमार समेत डा. मनोज सिंह बिष्ट, शैलेन्द्र बर्गली, भुवन बिष्ट तथा धर्मेंद्र शर्मा शामिल रहे। दूसरी ओर एलुमनी सेल के अध्यक्ष डा. बीएस कालाकोटी समेत डा. एसएस सामंत, डा. ज्योति कांडपाल तथा डा. मीणा जोशी ने भी दोनों एल्युमिना को बधाई दी।



# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया

## ऐनाबेल सदरलैंड के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने एकमात्र टेस्ट में भारतीय टीम को 10 विकेट से दी मात

**पर्थ, वार्ता।** ऐनाबेल सदरलैंड (कुल छह विकेट और 129 रन) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने एकमात्र टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को भारतीय टीम को दूसरी पारी में 129 रन पर ढेर करने बाद मिले 25 रनों के लक्ष्य को 4-3 ओवर में हासिल कर मुकाबला 10 विकेट से अपने नाम कर लिया।

यहां भारतीय महिला टीम ने कल के छह विकेट पर 105 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में एश्ले गार्डनर ने स्नेह राणा (30) को आउट कर भारत को सातवां झटका दिया। अगले ही ओवर में अलाना किग ने काश्वी गौतम (शून्य) का शिकार कर लिया। सायली सातघरे (तीन) को भी अलाना किंग ने 48वें ओवर में आउट किया। अगले ही ओवर में एश्ले गार्डनर ने एक छोर थामे रन बना रही प्रतिका रावल को आउट कर भारत की दूसरी पारी का 149 के स्कोर पर अंत कर दिया। प्रतिका रावल ने भारतीय टीम के लिए सर्वाधिक 63 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 137 गेंदों का सामना किया और आठ चौके लगाए। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 25 रनों का लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलिया की ओर से लूसी हैमिल्टन ने तीन विकेट लिए।

ऐनाबेल सदरलैंड, अलाना किग और एश्ले गार्डनर को दो-दो विकेट मिले। डार्सी ब्राउन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में महज 4-3 ओवरों में बिना कोई विकेट गंवाए। 28 रन बनाकर मुक. ाबला अपने नाम कर लिया। जॉर्जिया वॉल (16) और फीबी लिचफील्ड (11) रन बनाकर नाबाद रही। भारतीय महिला टीम पहली पारी 198 रन बनाए।



# टेस्ट में लय नहीं बनाए रख सके : हरमनप्रीत

**पर्थ, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि हमने बहु प्रारूप सीरीज में मजबूत शुरुआत की, लेकिन वाका ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में लय बनाए नहीं रख सके और मुकाबला हार गए। टेस्ट में मिली हार के बाद कौर ने कहा कि हमने बहुत अच्छी शुरुआत की, टी-20 में बहुत अच्छा क्रिकेट खेला लेकिन दुर्भाग्य से, उसके बाद, हम इसे जारी नहीं रख पाए, लेकिन मुझे लगता है कि कुल मिलाकर यह एक अच्छी सीरीज थी। ऑस्ट्रेलिया में हर समय खेलकर बहुत खुश हूं, और मुझे लगता है कि यह एक शानदार मुकाबला था।

उन्होंने कहा कि मल्टी-फॉर्मेट सीरीज और पिक-बॉल टेस्ट खेलना टीम के लिए एक कीमती अनुभव था। उन्होंने कहा कि यह बहुत मजेदार था, और उम्मीद है कि भविष्य में भी हमें इस तरह के टूर्नामेंट मिलते रहेंगे क्योंकि इससे आपको बहुत कॉन्फिडेंस मिलता है। टेस्ट क्रिकेट कुछ ऐसा है जिसे हम सब सच में खेलना चाहते हैं, और पिक-बॉल कुछ ऐसा था जो बहुत चुनौतीपूर्ण था और

**● ऑस्ट्रेलिया में हर समय खेलकर बहुत खुश हूं और मुझे लगता है कि यह एक शानदार मैच था**

उम्मीद है कि भविष्य में भी हमें इस तरह के चैलेंज मिलेंगे। कौर ने टूर के दौरान सपोर्ट के लिए प्रशंसकों को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि और सभी इंडियन फैंस और क्रिकेट फैंस का धन्यवाद जो हमें देखने के लिए यहां आए। मुझे पता है कि आज का दिन हमारे लिए अच्छा नहीं था, लेकिन मुझे यकीन है कि भविष्य में हम उन्हें गर्व महसूस कराएंगे।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## इंग्लैंड व द. कोरिया ने FIH हॉकी विश्व कप क्वालिफायर मुकाबले जीते

**हैदराबाद, वार्ता।** एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालिफायर 2026 के पहले दिन इंग्लैंड की महिला टीम ने रविवार को एक कड़े मुकाबले में इटली को हराया, जबकि दक्षिण कोरिया ने ऑस्ट्रिया को शिकस्त दी। यहां जीएमसी बालयोगी हॉकी ग्राउंड (गाचीबोवली हॉकी कॉम्प्लेक्स) में खेले गये मुकाबले में इंग्लैंड की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इटली को 5-2 तथा एक अन्य मुकाबले में दक्षिण कोरिया की महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराया। इंग्लैंड के लिए ग्रेस बाल्सडन ने (12वें, 32वें), लोटी लबगहैम ने (15वें), एलिजाबेथ नील ने (16वें) और एना टोमन ने (27वें) मिनट में गोल किए, जबकि इटली के लिए इवाना पेसिना ने (19वें) और फेडेरिका कार्टा ने भी एक गोल किया। दूसरे मैच में, कोरिया के लिए सियोना किम ने (34वें) अकेली गोल करने वाली खिलाड़ी थीं।

## मंगलवार सुबह भारत से प्रस्थान करेगी विंडी और द. अफ्रीका की टीम

**कोलकाता, वार्ता।** विंडीज और दक्षिण अफ्रीका को टीमें मंगलवार की सुबह को चार्टर विमान में जोहैनेसबर्ग और वहां से वेस्टइंडीज का दल एंटीगुआ के लिए उड़ान भरेगा। दोनों टीमों को रविवार को भारत से रवाना होने की उम्मीद थी लेकिन आज अपरान्ह उन्हें नई तारीख की पुष्टि दी गई। दक्षिण अफ्रीका टीम के तीन सदस्य केशव महाराज, जॉर्ज ललडे और जेसन स्मिथ पूरे टीम प्रबंधक के साथ आज ही न्यूजीलैंड के लिए रवाना होंगे क्योंकि 15 मार्च से दक्षिण अफ्रीका को वहां पांच टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है। पश्चिम एशिया में युद्ध की स्थिति के कारण एयरस्पेस बंद होने या सीमित होने के चलते दोनों टीमों में नाराजगी है।

# हर जिला स्पोर्ट्स में एक्टिव हो हर बेटी कॉन्फिडेंट हो : खडसे



**● अस्मिता कार्यक्रम के तहत देशभर में 250 जगहों पर एथलेटिक्स लीग का शुभारंभ करते हुए यह बात कही**

**औरंगाबाद, वार्ता।** खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने रविवार को कहा कि समर ओलंपिक गेम्स और दूसरे मल्टी-डिसिप्लिन प्रतियोगिताओं में भारत के पदकों की संख्या में तभी सुधार हो सकता है जब स्पोर्ट्स में महिलाओं की भागीदारी कई गुना बढ़े।

तथा हर जिला स्पोर्ट्स में एक्टिव हो, हर बेटी कॉन्फिडेंट हो और फिटनेस राष्ट्रीय आदत बन जाए। श्रीमती खडसे ने आज यहां छत्रपति संभाजीनगर के गरखेड़ा में डिविजनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर (अची. विग स्पोर्ट्स माइलस्टोन बाय इंस्पायरिग विमेन थ्रू एक्शन) अस्मिता कार्यक्रम के तहत देशभर में 250 जगहों पर एथलेटिक्स लीग का शुभारंभ करते हुए यह बात कही।

इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री ने अस्मिता बैनर के तहत योग, वुशु, किकबॉक्सिग और वेटलिफ्टिंग लीग का भी उद्घाटन किया, साथ ही एक साइक्लोथॉन और वॉकथॉन को भी हरी झंडी दिखाई।

खेल राज्यमंत्री कहा कि हर डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स में एक्टिव हो, हर बेटी कॉन्फिडेंट हो, और फिटनेस एक नेशनल आदत बन जाए। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया, फिट इंडिया, माय भारत और अस्मिता के जरिए हम एक मजबूत, फिट और सशक्त भारत बना रहे हैं। प्रधानमंत्री के विजन के तहत, भारत का स्पोर्ट्स इकोसिस्टम लगातार अधिक समावेशी और महिला-केंद्रित बन रहा है।

# रैंडेल का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में ऐतिहासिक प्रदर्शन

**● प्रथम श्रेणी में पांच गेंदों में लगातार पांच विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने**

न्यूजीलैंड, वार्ता। सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के तेज गेंदबाज ब्रेट रैंडेल ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पांच गेंदों में लगातार पांच विकेट लेकर ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। ब्रेट रैंडेल ने रविवार को यह कारनामा प्लंकेट शील्ड मैच के दूसरे दिन नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट के खिलाफ मुकाबले में किया है। इसी के साथ वह प्रथम श्रेणी में यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले गें. दबाज बन गए। रैंडेल का स्पेल इतना खतरनाक रहा कि नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट ने केवल नौ के स्कोर पर ही अपने पांच विकेट गंवा दिए।

रैंडेल ने दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर हेनरी कूपर को आउट करते हुए विकेट लेने का यह सिलसिला शुरू किया। अगले ओवर की पहली गेंद पर उन्होंने राउंड द विकेट से आकर जीत रावल की गिल्लियां बिखेर दीं। दूसरी गेंद पर जो कार्टर को विकेट के पीछे कैच कराते हुए उन्होंने अपनी हैट्रिक पूरी की। रॉबर्ट ओ 'डॉनेल ने अगली गेंद पर स्लिप में कैच थमाया। क्रिस्टियन क्लार्क ने अगली गेंद पर ऑफ स्टंप के बाहर बल्ला चलाया और गेंद अंदरुनी किनारा लेकर स्टंप में जा लगी। इस समय रैंडेल के गेंदबाजी आंकड़े 2-4-1-2-5 थे जिस पर भरोसा कर पाना बेहद मुश्किल था। थोड़ी ही देर बाद वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में आठ गेंदों में छह विकेट लेने वाले भी पहले गेंदबाज बने थे। अपनी उपलब्धि पर रैंडेल ने कहा कि मैं भरोसा नहीं कर पा रहा हूं। यह ऐसा लम्हा था जब मुझे लगा कि कोई आकर मुझे पिच करे। मैं एकाग्र रहकर गेंद को एक ही जगह गिराने की कोशिश कर रहा था और हैट्रिक के बाद भी मैंने वही करना जारी रखा। मुझे इसका बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि यह पहली बार हुआ 'प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पांच गेंदों में पांच विकेट'। मेरे पास फिलहाल शब्द नहीं हैं। मैं ईमानदारी से कहूं तो मजा आया। रैंडेल को सात विकेट लेने के लिए केवल 3-5 ओवर ही लगे। उन्होंने 11 ओवर में 25 देकर सात विकेट झटक कर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट की टीम केवल 82 के स्कोर पर ढेर हो गई।

# मेली केर सात विकेट लेकर तोड़ा रिकॉर्ड

**● न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और जिम्बाब्वे को मात्र 102 रनों पर समेट दिया**



**डुनेडिन, वार्ता।** मेली केर (34 रन देकर सात विकेट) के ऐतिहासिक गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने रविवार को डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल में दूसरे एकदिवसीय मैच में जिम्बाब्वे को आठ विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ केर ने जैकी लॉर्ड के 44 साल पुराने रिकार्ड को भी तोड़ दिया। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। केर ने 34 रन देकर सात विकेट झटके और जिम्बाब्वे को मात्र 102 रन पर समेट दिया, जिससे जैकी लॉर्ड का 44 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। लॉर्ड ने आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 1982 में भारत के खिलाफ 6/10 का रिकॉर्ड बनाया था, जो इससे पहले एकदिवसीय में न्यूजीलैंड की किसी महिला का सबसे अच्छा गेंदबाजी प्रदर्शन था। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार यह महिला एकदिवसीय में सात विकेट लेने का सातवां मौका था।

केर इस उपलब्धि के साथ पाकिस्तान की साजिदा शाह, इंग्लैंड की जो चेम्बरलेन, वेस्ट इंडीज की अनीसा मोहम्मद और ऑस्ट्रेलियाई तिकड़ी अलाना किंग, एलिस पेरी और शेली निट्स्के की सूची में शामिल हो गईं। इससे पहले, मॉली पेनफोल्ड ने 17 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे जिम्बाब्वे का शीर्ष क्रम ध्वस्त हो गया और मेहमान टीम 48 रन पर तीन विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी। इसके बाद केर ने आक्रमण की जिम्मेदारी को संभाला और सी धुरुरू को बोल्ड करके टीम को गिराना शुरू किया। उन्होंने मोडेस्टर मुपाचिकवा, क्रिस्टाबेल चैटोंजवा, एडेल जिम. ुनु, न्याशा ग्वानजुरा, ऑड्रे माज. विशाया और तेंदई मकुशा को जल्दी-जल्दी आउट किया, जिससे मेजबान टीम ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। केर ने बल्ले से भी अहम योगदान दिया, लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्होंने सबसे अधिक 45 रन बनाए, जिससे न्यूजीलैंड ने आराम से आठ विकेट से जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड की महिला टीम ने तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली।



● टी-20 विश्व कप फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार शॉट लगाते ईशान किशन ईशान ने 25 गेंदों में 54 रन बनाए



● न्यूजीलैंड का विकेट गिरने पर खुशी मनाते भारतीय टीम के खिलाड़ी

# वैष्णवी अदकर ने जीता ITFW-35 कलबुर्गी का खिताब

**● वैष्णवी अदकर ने फाइनल में हमवतन अंकिता रैना को 7-6(3), 6-4 से हराकर खिताब अपने नाम किया**



**कलबुगी, वार्ता।** भारत की वैष्णवी अदकर ने रविवार को फाइनल में हमवतन अंकिता रैना को 7-6(3), 6-4 से हराकर आईटीएफ डब्ल्यू 35 कलबुर्गी का एकल खिताब अपने नाम किया। यहां खिताबी मुकाबले में तीसरी सीड अदकर ने मैच की जबरदस्त शुरुआत की, दोनों विग से क्लीन विनर लगाकर शुरुआती गेम में दो ब्रेक पॉइंट हासिल किए, फिर रैना की एक गलती से सर्व ब्रेक करवाया।

उसने शुरुआती बढ़त को मजबूत करते हुए एक आरामदायक पकड़ बनाकर 2-0 की बढ़त बना ली। रैना ने धीरे-धीरे अपनी लय पकड़ी, कोर्ट की चौड़ाई का अच्छा इस्तेमाल करके सर्व होल्ड किया और फिर अदकर की एक गलती का फ़ायदा उठाकर ब्रेक बैक किया और स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। जैसे ही अदकर ने कोर्ट में कदम रखा, मोमेंटम बदलता रहा और उन्होंने एग्रे. सिव रिटर्न मारकर फिर से ब्रेक करके 3-2 की लीड ले ली, लेकिन रैना ने भी अपने अटैकिग रिटर्न से जवाब देकर स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। दोनों खिलाड़ियों ने कई कड़े गेम खेले, जिसमें अदकर ने ड्रॉप शॉट लगाकर रैना की रिदम बिगाड़ी। सेट तब तक कड़ा रहा जब तक अदकर ने ब्रेक करके 5-4 की लीड नहीं ले ली, लेकिन रैना ने तुरंत ही मजबूत फोरहैंड से वापसी करते हुए मुकाबला टाई-ब्रेक में पहुंचा दिया। ब्रेकर में, रैना की लगातार गलतियों की वजह से अदकर ने 3-0 की लीड ले ली, फिर कॉन्फिडेंट शॉट मारकर अपनी बढ़त 5-1 कर ली।

हालांकि रैना ने अंतर 6-3 कर दिया, लेकिन अदकर ने एक मजबूत सर्व के साथ सेट 7-6(3) से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट की शुरुआत में मोमेंटम में और उतार-चढ़ाव आया क्योंकि रैना ने शुरुआती गेम में ब्रेक किया, लेकिन अदकर ने सीधे वापस ब्रेक किया। अदकर की गलतियों के बाद रैना फिर से आगे निकल गईं, लेकिन यह लीड ज्यादा देर तक नहीं टिकी क्योंकि अदकर ने एक बार फिर ब्रेक किया और कंट्रोल करने के लिए सर्व बनाए रखा। अदकर के बैकहैंड रिटर्न छठे गेम में अहम साबित हुए, जब उन्होंने रैना की सर्विस तोड़ी और 4-2 से आगे हो गईं। रैना ने आक्रामक रिटर्न करके वापसी की और मुकाबले में बने रहे, लेकिन आखिरी समय में अडकर ने अपनी पकड़ बनाए रखी। उन्होंने 5-4 तक सर्विस बनाए रखी और फिर रैना की कुछ गलतियों का फायदा उठाकर अगले गेम में तीन ब्रेक पॉइंट हासिल किए।

# मिलिंद सोमन, रागिनी द्विवेदी, सिमरन शर्मा, नंदिनी अगासरा ने लिया फिट इंडिया कार्निवल में हिस्सा

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाज ली ताहुहू ने 15 साल के करियर के बाद एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट वेबसाइट के अनुसार 2011 में ब्रिस्बेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 साल की उम्र में एकदिवसीय क्रिकेट में पर्दापण करने वाली ताहुहू ने 103 एकदिवसीय मैच में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने सफेद गेंद प्रारूप में 125 विकेट लिए हैं, जो इस फॉर्मेट में किसी गें. दबाज द्वारा लिए गए सबसे अधिक विकेट हैं। ताहुहू उन 12 खिलाड़ियों में से हैं जिन्होंने न्यूजीलैंड की महिला टीम के लिए 100 से अधिक एकदिवसीय मैच खेले हैं और आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के चार एडिशन का हिस्सा रही हैं। 2023 में महिला एकदिवसीय टीम ऑफ द ईयर चुनी गई ताहुहू ने कहा कि अब 50 ओवर के प्रारुप से दूर जाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि एकदिवसीय क्रिकेट में न्यूजीलैंड की शर्ट पहनना हमेशा से मेरे लिए खुशी और सम्मान की बात रही है।

एक गेम खेलना एक कमाल का एहसास था। एकदिवसीय क्रिकेट में 100 से अधिक बार शर्ट पहनना और अपने देश और अपने परिवार को रिप्रेजेंट करना, ऐसा कुछ है जिसके बारे में मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था। मैं हर पल को संजो कर रखूंगी और वनडे गेम से इस फॉर्मेट में जो कुछ भी हासिल कर पाई हूं, उस पर बहुत गर्व के साथ जाऊंगी। न्यूजीलैंड टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने टीम में उनके शानदार योगदान और एकदिवसीय क्रिकेट में उनके शानदार रिकॉर्ड के लिए ताहुहू की तारीफ की। सॉयर ने कहा कि अपने देश की ऑल-टाइम लीडिग विकेट-टेकर के तौर पर एक फॉर्मेट से हटना एक ऐसी अचीवमेंट है जिस पर ली को बहुत गर्व होना चाहिए। ली ने एकदिवसीय गेम की ऊंचाइयों को छुआ है और न्यूजीलैंड के लिए फॉर्मेट में गेंदबाजी के नए मानक तय किए हैं। ताहुहू टी-20 प्रारुप में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व करती रहेंगी।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को किया गया सम्मानित

# महिलाओं को मिले बराबर का अधिकार : पूजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ समाज सेविका पूजा गुप्ता ने कहा कि पुरुष प्रधान समाज में नारी को अपनी योग्यता सिद्ध करनी पड़ती है, जबकि पुरुषों के साथ ऐसा नहीं है। उन्होंने भेदभाव रहित समाज की स्थापना पर जोर दिया और सभी महिला अतिथियों का स्वागत करते उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मबल के भरोसे आगे बढ़ना चाहिए।



ईदगाह रोड स्थित होटल में सृष्टि जनसेवा वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में समाज सेविकाओं,आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों,पर्यावरण मित्रों एवं महिला अधिवक्ताओं का सम्मान करते हुए उन्होंने कहा कि आज महिला शक्ति हर क्षेत्र में अपना वर्चस्व बनाए हुए हैं। शिक्षा से लेकर प्लेन उड़ाने तक हमारी महिलाएं देश ही नहीं,बल्कि विश्व में अपना स्थान बना रही है।उन्होंने कहा की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने जो आधुनिक टेक्नोलॉजी भारत में लागू की थी, उसके बाद से महिलाओं का जीवन स्तर बदलने लगा और आज उसी का परिणाम है कि भारत की महिला शक्ति हर मैदान में अपना दबदबा बनाए हुए हैं। इस अवसर पर संस्था की संस्थापक अध्यक्ष रीतू कांडयाल ने संस्था की ओर से सभी को महिला दिवस की बधाई दी।

इस मौके पर डॉ०निधि शर्मा, समाजसेविका नीलम चौधरी, नूतनपाल, एडवोकेट रीना, टीना शर्मा, पिंकी अध्यापिका, अमित शर्मा, मंजू देवी पर्यावरण मित्र, संगीता पल्लवी कुकरेती गोल्ड मेडलिस्ट, श्रीमती जया एडवोकेट, रेशम एडवोकेट, हिमानी बोराजी सदस्य बार काउंसिल उत्तराखंड, निधि मदन, मंजू कश्यप, आकांक्षा चौहान, नीतू मलिक आदि महिलाओं का सम्मान किया गया।

# चारपाई हटाने को लेकर जमकर चले लाठी-डंडे

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव में मामूली विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों और चारपाई को हटाने की बात पर एक ही परिवार के कई लोगों ने मिलकर एक ग्रामीण और उनके बच्चों पर लाठी-डंडों व तलवारों से जानलेवा हमला कर दिया। झबरेड़ा थाना क्षेत्र के गांव लाठरदेवा शेख निवासी मुकर्रम अली ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते गुरुवार शाम करीब 6:30 बजे गांव के ही सेबान, तसलिम, तजम्मूल, ताजीम और जैद ने एक राय होकर उन पर हमला बोल दिया। बताया कि धविवाद की शुरुआत सड़क पर खड़ी मोटरसाइकिल और चारपाई को किनारे करने को लेकर हुई थी। आरोप है कि इसी बात से आक्रोशित होकर उक्त आरोपितो ने लाठी-डंडे और धारदार तलवारों से मुझे और मेरे पुत्र उजैफ और पुत्री आसीफा को बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित का कहना है कि झगड़ा होता देख वहां पर ग्रामीणों के आने पर हमलावर मारपीट और गाली-गलौज करते हुए मौके से फरार हो गए। जाते समय आरोपितो ने पीड़ित परिवार को सरेआम धमकी दी कि यदि वे दोबारा रास्ते में दिखे, तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है तथा कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# बाइक सवार युवकों का हवाई फायरिंग करते हुए वीडियो वायरल

### पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज, आरोपियों की तलाश की शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** कलियर थाना क्षेत्र के इमलीखेड़ा चौकी इलाके में बाइक सवार युवकों द्वारा हवाई फायरिंग करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर को इमलीखेड़ा क्षेत्र में एक बाइक पर सवार चार युवक दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये युवक एक बाइक सवार व्यक्ति और महिला के बराबर से गुजरते हुए अचानक तमंचे से आसमान की ओर फायर कर देते हैं। फायरिंग की आवाज से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।इसी बीच इमलीखेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पिछले कुछ दिनों से उसकी नाबालिग बेटी को लगातार धमकी भरे फोन कॉल आ रहे हैं। आरोप है कि कॉल करने वाले लोग उसे ब्लैकमेल कर पढ़ाई छोड़ने और घर से उठा ले जाने की धमकी दे रहे हैं।पीड़ित का आरोप है कि बादशाहपुर लक्सर निवासी एक युवक अपने दो-तीन साथियों के साथ पहले भी धमकी दे चुका है और शनिवार को भी उसके घर के पास आकर तमंचे से फायरिंग कर दहशत फैलाने की कोशिश की। इससे उसकी बेटी की जान को खतरा बना हुआ है।पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।थाना प्रभारी रवींद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ जान से मारने की धमकी देना समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वायरल वीडियो की भी जांच की जा रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम जुटी हुई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 110 किलो गोमांस के साथ दो आरोपी दबोचे

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** जिले में गोकशी और अवैध पशु तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली गंगनहर पुलिस ने माधोपुर क्षेत्र में छापेमारी कर गोकशी करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। मौके से करीब 110 किलोग्राम गोमांस और गोकशी में इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर जनपद में गौकशी और अवैध पशु तस्करी के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा क्षेत्राधिकारी रुड़की के पर्यवेक्षण में कोतवाली गंगनहर प्रभारी निरीक्षक मनी भूषण श्रीवास्तव के नेतृत्व में थाना स्तर पर एक टीम का गठन किया गया था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि माधोपुर हल्का सालियर क्षेत्र में गय्यूर के घर के अंदर गोकशी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने रविवार को मौके पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दो युवकों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया और वहां से लगभग 110 किलोग्राम गोमांस तथा गोकशी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सलमान पुत्र तौफीक (24 वर्ष) निवासी ग्राम माधोपुर, कोतवाली गंगनहर, रुड़की तथा शहबान पुत्र काला उर्फ कय्यूम (20 वर्ष) निवासी ग्राम माधोपुर, कोतवाली गंगनहर, रुड़की के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ कोतवाली गंगनहर में मुकदमा अपराध संख्या 94/2026 धारा 3/5/11 गौवंश संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक बीरेन्द्र सिंह नेगी, अपर उपनिरीक्षक मनीष कवि, कांस्टेबल पवन नेगी, कांस्टेबल लाल सिंह तथा कांस्टेबल अर्जुन सिंह की टीम ने अहम भूमिका निभाई।

## चाकू के साथ युवक पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

पिरान कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि शनिवार की देर शाम पुलिस क्षेत्र में गस्त कर चौकिंग कर रही थी इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी गई कि मेला ग्राउंड कलियर में एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अकमल निवासी वार्ड आठ महमूदपुर कलियर बताया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से एक नाजायज चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# महिला दिसव पर महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक, 8000 सैनेटरी पैड भी बांटे

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के छात्र-छात्राओं के "हंसी अभियान" के अंतर्गत प्रदेश अध्यक्षा महिला मोर्चा उत्तराखंड रोमा सैनी द्वारा सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं को यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम में रोमा सैनी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मासिक धर्म के दौरान साफ और सुरक्षित सेनेटरी पैड का उपयोग करना बेहद जरूरी है। उन्होंने सलाह दी कि सेनेटरी पैड को हर 4 से 6 घंटे में बदलना



चाहिए तथा व्यक्तिगत स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इसके साथ ही दिन में कई बार हाथ धोने, जननांगों की साफ-सफाई रखने, साफ और आरामदायक कपड़े पहनने, पर्याप्त पानी पीने और पौष्टिक आहार लेने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को हल्का व्यायाम करने के साथ-साथ तनाव कम करने के लिए मेडिटेशन और गहरी सांस लेने जैसी गतिविधियों को भी अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर हंसी अभियान के अंतर्गत ग्राम शंकरपुरी, ब्रह्मपुर, कान्हापुर, किशनपुर, बेलड़ा, बेलड़ी, कमालपुर सैनी बास, हकीमपुर तुर्रा, जाधवपुरी, सरस्वती विहार, सुनहरा और नंद विहार में महिलाओं के बीच 8000 सेनेटरी पैड का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में कल्पना, नीता, कविता, गीता, पूजा, सविता सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत मामले मे अज्ञात चालक पर मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** सड़क हादसे में दो युवकों की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भगवानपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर हाल निवासी सुगरिव सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 14 फरवरी को उसका बेटा सूरज सिंह अपने दोस्त शिवम दुबे के साथ मोटरसाइकिल से हरिद्वार जल लेने के लिए जा रहा था। जैसे ही उनकी बाइक बेडपुर स्थित पुराने भट्टे के पास पहुंची तभी तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। कलियर थाना प्रभारी रवींद्र कुमार ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच करते हुए आरोपी वाहन चालक की तलाश कर रही है।

## चाकू सहित एक गिरफ्तार

**भगवानपुर।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को चाकू सहित गिरफ्तार किया है। एसएसपी हरिद्वार द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को सघन चौकिंग अभियान चलाये जाने के निर्देश निर्गत किए गए हैं। उपरोक्त क्रम में कोतवाली भगवानपुर पुलिस द्वारा दिनांक-07.03.2026 को थाना क्षेत्रान्तर्गत सघन चौकिंग अभियान चलाया गया, चौकिंग के दौरान संदिग्ध अवस्था में घूम रहे 'नौशाद उर्फ गुड्डू पुत्र इस्लाम' निवासी-ग्राम सिकन्दरपुर कोतवाली भगवानपुर जिला हरिद्वार को चौकी काली नदी क्षेत्र में रोककर चौक किया गया तो अभियुक्त नौशाद के कब्जे से 01 अदद नाजायज चाकू बरामद किया गया है। अभियुक्त किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से काली नदी क्षेत्र में घूम रहा था। बाद गिरफ्तारी अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### सभासद ने तहसीलदार से की दरगाह परिसर में

# फर्जी खादिमों की जायरीनों से अवैध वसूली जांच की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** दरगाह साबिर पाक परिसर में कथित तौर पर फर्जी खादिमों द्वारा जायरीनों से अवैध वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। नगर पंचायत पिरान कलियर के वार्ड-6 की सभासद रेशमा परवीन ने तहसीलदार रुड़की और दरगाह प्रबंधक को शिकायती पत्र सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सभासद रेशमा परवीन का आरोप है कि इन दिनों दरगाह परिसर में फर्जी खादिमों का जमावड़ा लगा रहता है। ये लोग खुद को दरगाह से जुड़ा बताकर बाहर से आने वाले जायरीनों को गुमराह करते हैं और चढ़ावे के नाम पर उनसे नकदी तथा अन्य कीमती सामान लेकर अपनी जेब में डाल लेते हैं। उन्होंने बताया कि कई बार जायरीन दरगाह के सरकारी दान पात्र में पैसा, सोना या चांदी चढ़ाना चाहते हैं, लेकिन ये फर्जी खादिम उन्हें दानपात्रों तक पहुंचने नहीं देते और दबाव बनाकर खुद ही ले लेते हैं। इससे दरगाह प्रशासन और वक्फ बोर्ड के राजस्व को भी नुकसान हो रहा है।सभासद का भी आरोप है कि इन लोगों का विरोध करने पर वे अधिकारियों से मिलीभगत होने की धमकी देते हैं।और दरगाह के कुछ कर्मचारी और पीआरडी जवान इन पर कार्रवाई करने में असमर्थ दिखाई देते हैं, जबकि कुछ कर्मचारियों पर मिलीभगत का भी संदेह जताया गया है।इसके अलावा फर्जी खादिमों पर दरगाह के आसपास स्थित कमरों और सिदारियो पर अवैध कब्जा करने का आरोप भी लगाया गया है। दूर-दराज से आने वाले जायरीनों के साथ अभद्र व्यवहार की शिकायतें भी सामने आती रहती हैं, जिससे दरगाह की छवि प्रभावित हो रही है।सभासद रेशमा परवीन ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर फर्जी खादिमों को चिन्हित किया जाए और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि दरगाह आने वाले जायरीनों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## 13 मार्च से होगी लक्सर शुगर मिल बन्द

**लक्सर।** लक्सर शुगर फैक्ट्री के द्वारा गन्ने की आपूर्ति नहीं होने पर 13 मार्च को फैक्ट्री बंद करने का नोटिस चस्पा कर दिया है जीम शुगर फैक्ट्री एसपी सिंह ने कहा कि इस वक्त 10 से 12 घंटे फैक्ट्री बगैर गन्ने के बंद हो रही है उन्होंने कहा अगर शुगर फैक्ट्री में गन्ने की आपूर्ति नहीं हुई तो शुगर फैक्ट्री को बंद कर दिया जाएगा उन्होंने यह भी कहा कि जिन किसान भाइयों के पास ज्यादा गन्ने का फसल लगी हुई है उनको तुरंत ही शुगर फैक्ट्री में अपना गन्ना डाल देना चाहिए क्योंकि शुगर फैक्ट्री लगातार दिन में गन्ने के बगैर बंद हो रही है इसीलिए उन्होंने यह भी कहा कि जिस किसान भाई के पास बीज के अलग गन्ने की फसल खड़ी हुई है उसको तुरंत ही 13 मार्च तक शुगर फैक्ट्री लक्सर में डाल देनी चाहिए।

# विवाहिता ने पति व सास-ससुर पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक युवती ने अपने पति, सास और ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मानसिक व शारीरिक क्रूरता और स्त्रीधन हड़पने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पीड़िता का आरोप है कि शादी में 60 लाख रुपये खर्च करने के बावजूद उसे बेटी पैदा होने पर प्रताड़ित किया गया और उसके सभी जेवरात छीनकर घर से निकाल दिया गया। कुंजा रोड, इकबालपुर निवासी अनु त्यागी की शादी 16 फरवरी 2021 को साहिबाबाद (गाजियाबाद) निवासी हर्ष त्यागी के साथ हुई थी। पीड़िता के पिता ज्ञानेन्द्र त्यागी ने सामर्थ्य से बढ़कर शादी में लगभग 60 लाख रुपये खर्च किए थे। तहरीर के अनुसार, सगाई और रिंग सेरेमनी में ही 26 लाख रुपये नकद दिए गए थे, साथ ही दूल्हे और उसके परिवार को सोने-चांदी के भारी आभूषण उपहार में दिए गए थे। अनु त्यागी का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष ने 20 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग शुरू कर दी। हद तो तब हो गई जब मई 2024 में पुत्री श्मनुश्रीश के जन्म के बाद ससुराल वालों का व्यवहार और भी हिंसक हो गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि बेटी पैदा होने पर उसे कई-कई दिनों तक खाना नहीं दिया गया तथा पति ने वैवाहिक संबंध तोड़ लिए और सास-ससुर ने समझाने के बजाय श्बेटी पैदा करने का दंडश भुगतने की बात कही। बीमारी (डेंगू) के दौरान भी इलाज के खर्च के नाम पर मायके वालों से 5 लाख रुपये ऐंठ लिए गए। बताया कि 12 अक्टूबर 2025 को पति साजिश के तहत अनु को बाजार ले गया और पीछे से घर में रखा उसका सारा जेवर गायब कर दिया गया। जब पीड़िता के माता-पिता ने इस पर आपत्ति जताई, तो ससुराल वालों ने पहले चोरी से इनकार किया और बाद में जेवर हड़पने की बात स्वीकारते हुए वापस करने से मना कर दिया। लगातार बढ़ रही क्रूरता के कारण अनु 11 नवंबर 2025 को अपनी मासूम बेटी के साथ मायके आ गई। 13 दिसंबर को गांव इकबालपुर में हुई पंचायत में भी विपक्षीगण अपनी 20 लाख की मांग पर अड़े रहे और जेवर लौटाने से साफ मना कर दिया। महिला हेल्पलाइन रुड़की और थाना झबरेड़ा में दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने संज्ञान लिया है। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर पति हर्ष त्यागी सास कविता त्यागी, ससुर सुनील कुमार त्यागी निवासी गाजियाबाद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम मिमला देवी है जो गलत है मेरा सही नाम विमला देवी है आज के बाद मुझे मेरे सही नाम विमला देवी से जाना पहचाना, पढ़ा, लिखा व दर्ज किया जाए।

**विमला देवी पत्नी लाहोर सिंह नि. भारापुर तहसील रूड़की जिला हरिद्वार उत्तराखंड।**

### कप्तान के आदेश पर संदिग्धों के विरुद्ध सत्यापन अभियान

# बिना सत्यापन किरायेदार रखने पर वसूला जुर्माना

शाह टाइम्स संवाददाता

भगवानपुर । कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया इस दौरान पुलिस ने बिना सत्यापन रह रहे बाहरी प्रदेश के लोगों के खिलाफ कार्रवाई की तो मकान मालिकों के खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए 4 लाख 90 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है।

जानकारी के अनुसार एसएसपी हरिद्वार' के आदेश पर कोतवाली भगवानपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत बिना सत्यापन क्षेत्र में निवासरत् बाहरी प्रदेशों से आये कर्मचारी/मजदूर/ फड़ ठेली गुड चर्खी वालो के सत्यापन हेतु अलग अलग टीमें बनाकर हल्का पुहाना भगवानपुर क्षेत्रान्तर्गत विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत बिना सत्यापन किरायेदार रखने पर मकान मालिको, फल फेरी व गुड चर्खी मजदूरो आदि करीब 49 व्यक्तियों का मौके पर ही सत्यापन किया गया व 49 मकान मालिको के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए धारा-83 पुलिस एक्ट के अन्तर्गत 10000-10000 रूपये कुल (04 लाख 90 हजार) के



कोर्ट चालान कर रिपोर्ट न्यायालय प्रेषित की जा रही है।

# गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के वार्षिक अधिवेशन का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन शाखा का 32वां वार्षिक अधिवेशन रविवार को आर्य उपवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष बची सिंह रावत ने की। मुख्य अतिथि उत्तराखंड संस्कृत भारती के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आनंद भारद्वाज रहे। विशिष्ट अतिथि डॉ. अरविंद कुमार मिश्रा, शिवेंद्र कुमार तथा विधायक प्रदीप बत्रा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। संगठन के अध्यक्ष कुलदीप अग्रवाल ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत किया। इसके बाद शाखा के



महासचिव बालोराम चौहान ने संगठन की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए वर्षभर की गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान संगठन के वरिष्ठ सदस्यों को उनकी आयु के आधार पर माला, शॉल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्मारिका 2026 का भी विमोचन किया गया। रुड़की एवं विभिन्न जनपदों से आए पेंशनर्स संगठन के पदाधिकारियों को भी माला और उपहार देकर सम्मानित किया गया। रुड़की के सम्मानित चिकित्सकों एवं गणमान्य अतिथियों को शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी दौरान रुड़की के ब्रांड एम्बेसडर यतेंद्र कुमार चौधरी, मोनू जलवीर व तेजस्व, को भी उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

विधायक प्रदीप बत्रा ने रुड़की के वरिष्ठ नागरिकों के लिए डे-केयर यूनिट स्थापित कराने का आश्वासन दिया, जिससे वरिष्ठ नागरिकों को मनोरंजन और स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ममता का धरना

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का एसआईआर के बाद मतदाता सूची में कथित मनमानी तरीके से नाम हटाए जाने के विरोध में चल रहा धरना रविवार को तीसरे दिन में प्रवेश कर गया, जिसमें टीएमसी सुप्रीमो ने भाजपा पर वैध मतदाताओं को मतदाता सूची से हटाने के लिए लुप्त आयोग का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उनकी यह टिप्पणी ऐसे दिन आई है जब राज्य विधानसभा चुनावों से पहले चुनावी तैयारियों की समीक्षा करने के लिए चुनाव आयोग की पूरी पीठ कोलकाता पहुंचने वाली है। बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि देश अपनी लोकतांत्रिक नींव पर अभूतपूर्व और प्रत्यक्ष हमले का सामना कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया, अपने एक राष्ट्र, एक नेता, एक पार्टी के उन्माद में, भाजपा ने अपने जनविरोधी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हर लोकतांत्रिक संस्था और हर संवैधानिक पद का व्यवस्थित रूप से दुरुपयोग किया है। बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा का अंतिम लक्ष्य बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा तैयार किए गए संविधान को अपने पार्टी घोषणापत्र से प्रतिस्थापित करना है। टीएमसी सुप्रीमो ने आरोप लगाया, सालों से वे बंगाल के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों, राष्ट्रीय आयोगों, चाटुकार गोदी मीडिया और न्यायपालिका के एक आज्ञाकारी वर्ग को लगा रहे हैं। वे वैध मतदाताओं को मतदाता सूची से मिटाने के लिए लुप्त आयोग का दुरुपयोग कर रहे हैं। ममता बनर्जी ने भाजपा नेतृत्व को दिल्ली के जमींदार बताया और दावा किया कि वे बंगाल को अपने अधीन करने के अपने मिशन में कभी सफल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि धर्मातला में हमारा धरना उन सभी बांग्ला-विरोधी एजेंडों का जवाब है जो इस राज्य के लोगों को अपमानित करने, डराने-धमकाने और सताने की कोशिश करते हैं। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी मतदाता सूचियों के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) को लेकर बढ़ते विवाद के बीच आई है, जिसके बारे में टीएमसी का दावा है कि इससे बड़ी संख्या में वैध मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। 28 फरवरी को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल नवंबर में एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के बाद से लगभग 63.66 लाख नाम- मतदाताओं के लगभग 8.3 प्रतिशत-हटा दिए गए हैं, जिससे मतदाता आधार लगभग 7.66 करोड़ से घटकर 7.04 करोड़ से थोड़ा अधिक रह गया है। इसके अतिरिक्त, 60.06 लाख से अधिक मतदाताओं को न्यायिक जांच के अधीन श्रेणी में रखा गया है, जिसका अर्थ है कि आने वाले हफ्तों में कानूनी जांच के माध्यम से उनकी पात्रता निर्धारित की जाएगी, एक ऐसी प्रक्रिया जो निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर चुनावी समीकरणों को और अधिक रूप दे सकती है। सुश्री बनर्जी ने दावा किया कि जहां भाजपा की एकमात्र प्राथमिकता सत्ता है, वहीं उनकी प्राथमिकता हमेशा से जनता रही है।

## गरीबों को शर्मिंदा किया जाता है



वह गरीबों तथा अमीरों को मिलने वाली मुफ्त सरकारी सुविधाओं के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इस बारे में विचार करते समय ईमानदारी बहुत जरूरी है, गरीबों को दी जाने वाली सरकारी सुविधा का मजाक उड़ाया जाता है, जबकि अमीर लोगों को दी जाने वाली सुविधा को सम्मान बताया जाता है, जब गरीबों को जीवनयापन के लिए सब्सिडी मिलती है, तो इसे रेवड़ी और मुफ्त सुविधाएं कहा जाता है, जब अडानी और अंबानी को कौड़ियों के भाव जमीन, कर छूट और करोड़ों के ऋण माफ किए जाते हैं, तो इसे विकास कहा जाता है, गरीबों को शर्मिंदा किया जाता है, शक्तिशाली लोगों का गुणगान किया जाता है, मैं मुफ्त सुविधाओं के बारे में बातचीत के लिए तैयार हूं, लेकिन आइए ईमानदारी से दोनों पक्षों पर विचार करें।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# विश्व में शांति का ठेका और नोबल शांति पुरस्कार की इच्छा



**तनवीर जाफरी**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जिद, सनक और हठधर्मी ने इस समय लगभग पूरी दुनिया को एक खतरनाक युद्ध में झोंक दिया है। अमेरिका व इस्राईल द्वारा अकारण ईरान पर थोपा गया एक ऐसा युद्ध जिसके अंजाम को लेकर विश्व के बड़े बड़े सामरिक विशेषज्ञ भी कोई भविष्यवाणी कर पाने में असमर्थ हैं। ईरान, इस्राईल और अमेरिका के बीच चल रहे इस युद्ध की लपटें फिलहाल मध्य पूर्व से भी आगे तक फैल चुकी हैं। लगभग 20 से अधिक देश इस युद्ध से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो चुके हैं। गत 28 फरवरी से शुरू हुए इस युद्ध में अब तक हजारों निर्दोष लोगों की मौतें हो चुकी हैं। इसी युद्ध के परिणाम स्वरूप जहां ईरान ने अपने सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामनेई को खो दिया है वहीं युद्ध छिड़ने के पहले ही दिन यानी 28 फरवरी की सुबह को ही ईरान के दक्षिणी शहर मिनाब में अमेरिका और इस्राईल ने शाजारे तैय्यबह गर्ल्स प्राइमरी स्कूल पर उस वक्त हमला किया जब बच्चियां अपने अपने क्लास में पढ़ रही थीं। इस हमले में 175 तक छात्राएं मारी गईं जिनमें अधिकांश की उम्र 7-12 साल की थी। स्कूल का दो मंजिला भवन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा ईरान पर थोपा गया यह युद्ध किसी न किसी रूप में कुवैत इराक, बहरीन, सऊदी अरब, यूएई, ओमान, कतर, जॉर्डन, तुर्की, अजरबैजान, साइप्रस व यमन तक पहुंच गया है। यहां तक कि भारत-लंका के समुद्रीय क्षेत्र में भी अमेरिकी पनडुब्बी ने समुद्री हमला कर भारत में अतिथि के रूप में आए ईरान के एक नेवल जहाज को डुबो दिया है। अमेरिका-इस्राईल की इन सैन्य कार्रवाइयों से जहां पूरे विश्व की ऊर्जा जरूरतों के प्रभावित होने की संभावना है वहीं बढ़ते तेल संकट और विभिन्न हवाई क्षेत्र बंद होने से भी इस युद्ध का वैश्विक प्रभाव पड़ा है।

पूरे विश्व में दिनोंदिन फैलती जा रही इस अशांति के सबसे बड़े जिम्मेदार केवल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप उनकी हठधर्मिता उनकी सनक व जिद को माना जा रहा है। जी हां, यह वही ट्रंप हैं जो अपने आप को स्वयंभू विश्व शांति दूत समझते हैं और विश्व का सबसे प्रतिष्ठित समझा जाने वाला नोबल शांति पुरस्कार पाने हेतु हमेशा लालायित नजर आते रहे हैं। उन्होंने समय समय पर न केवल नोबल शांति पुरस्कार प्राप्त करने की इच्छा कई बार सार्वजनिक रूप से व्यक्त की है बल्कि इसके लिए सक्रिय रूप से प्रयास भी किए हैं। वे स्वयं को इस पुरस्कार के योग्य समझते हुए कहते भी रहे है कि मैं इसका हकदार हूं ट्रंप ने तो 2017-2021 के अपने पहले कार्यकाल से ही नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने की इच्छा जतानी शुरू कर दी थी। जोकि उनका दूसरा कार्यकाल आते आते 2025 में और अधिक तीव्र हो गई। अपने इस दावे के पक्ष में वे अपने शासनकाल की अमेरिकी विदेश नीति के फैसलों को पेश किया करते थे। हालांकि ट्रंप कई अवसरों पर यह भी कह चुके हैं कि वे नोबल शांति पुरस्कार के हकदार तो जरूर हैं परन्तु उन्हें लगता है कि इस पुरस्कार का निर्णय करने वाली नॉर्वेजियन नोबल कमेटी यह पुरस्कार उन्हें कभी नहीं देगी, जबकि 2025 में तो ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र की सभा में यह कहा था कि ष्हर कोई कहता है कि मुझे नोबल शांति पुरस्कार मिलना ही चाहिए।

हद तो यह है कि ट्रंप ने इस पुरस्कार के लिए इस तरह की बातें कीं यहां तक कि अपने असहज करने वाले बयानों से नोबल कमेटी पर इसके लिए दबाव बढ़ाने की कोशिश की जो नोबेल शांति पुरस्कार के इतिहास में इसके पहले किसी भी दावेदार द्वारा नहीं की गई। उदाहरण के तौर पर एक बार उन्होंने अमेरिकी सैनिकों से बातचीत के दौरान कहा कि वे (नॉर्वेजियन नोबेल कमिटी) इसे किसी ऐसे व्यक्ति को देंगे जिसने कुछ नहीं किया, लेकिन मुझे नहीं देंगे, जबकि मैं इसके योग्य हूं। इसके अलावा ट्रंप ने नॉर्वे के वित्त मंत्री जेन्स स्टोल्टेनबर्ग जोकि पूर्व नाटो प्रमुख भी हैं, को फोन कर यह पुरस्कार हासिल करने के लिए लॉबिंग की। उन्होंने 2025 में इस्राईली बंधकों के परिवारों से भी उन्हें पुरस्कार देने की अपील कराई। ट्रंप को इस्राईली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू व पाकिस्तान द्वारा इस पुरस्कार हेतु नामांकन भी कराया गया।

ट्रंप स्वयं को विश्व शांतिदूत इसलिए समझते थे कि उनका दवा था कि उन्होंने विश्व में 8 युद्ध समाप्त किए। इन दावों के समर्थन वे इस्राईल और हमास के बीच गजा युद्ध में सीज फायर डील, रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की कोशिशें, इस्राईल -ईरान, भारत-पाकिस्तान, थाईलैंड-कंबोडिया, और अजरबैजान-अल्बानिया के बीच संघर्ष रुकवाने जैसे दावे करते रहे हैं। हालांकि इनमें से कई दावे हास्यास्पद भी हैं, क्योंकि इनमें से कई जगह या तो युद्ध अभी भी जारी हैं या फिर इनमें अमेरिका (ट्रंप) की कोई निर्णायक भूमिका नहीं थी। या फिर कुछ देश श्ट्रंप हस्तक्षेप या मध्यस्थता मानने को तैयार नहीं। दूसरी तरफ आंकड़े यह बताते है कि इसी स्वयंभू शांतिदूत के कार्यकाल में 2017 में अमेरिकी सैन्य कार्रवाइयों से इराक, सीरिया, अफगानिस्तान और यमन में 499 नागरिकों की मौत हुई। इन्हीं के कार्यकाल में अफगानिस्तान में युद्ध ने 2,463 अमेरिकी सैनिकों और नागरिकों की जान ली। इसी तरह ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में 2025-2026 के दौरान ईरान और वेनेजुएला जैसे देशों पर हमले किए गए। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरै को उनकी पत्नी सहित अपहृत कर अमेरिका ले जाया गया। 2025 में अलकायदा के एक दुर्दांत आतंकी सरगना अहमद हुसैन अल शरा को सीरिया का राष्ट्रपति थोप दिया गया। क्योंकि राष्ट्रपति निक. ोलस मदुरै की ही तरह पूर्व राष्ट्रपति बशर अलअसद, भी ट्रंप व अमेरिका के पिछलग्गू नहीं थे और अब ट्रंप ने इस्राईल से अपनी दोस्ती निभाते हुए ईरान को एक बार फिर ऐसे युद्ध में लपेट लिया है जहां विनाश का अभूतपूर्व इतिहास लिखा जा रहा है और निःसंदेह इस विनाश के जनक और कोई नहीं बल्कि केवल स्वयंभू विश्व शांतिदूत राष्ट्रपति ट्रंप ही हैं।

केवल तेल संपदा पर नियंत्रण के लिए वेनेजुएला से लेकर ईरान तक और ईरान युद्ध के चलते विश्व में अशांति फैलाने वाले ट्रंप का नोब. ेल शांति पुरस्कार के लिए इस कद्र मचलना वास्तव में हैरान करने वाला है। खासकर तब और भी अधिक जबकि एप्सटीन फाइल्स में उनके कथित कारनामे न केवल पूरे अमेरिका बल्कि पूरी मानवता को शर्मसार करने वाले हो सकते हैं। ट्रंप का कत्लो गारत का यह मिशन अभी पूरा नहीं हुआ है, क्योंकि वे स्वयं ईरान के बाद अब क्यूबा पर हमले की योजना बना रहे हैं। गोया एक तरफ तो ट्रंप ने पूरे विश्व में अशांति फैलाने का ठेका भी ले रखा है और दूसरी तरफ नोबेल शांति पुरस्कार की इच्छा भी पाले हुए हैं?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सिर्फ पढ़ाई ही नहीं साथ में करें कमाई भी

अगर आप कॉलेज में पढ़ाई के साथ-साथ कुछ अर्न भी करना चाहते हैं तो यह खबर आपके लिए है। अर्निंग हैबिट हर किसी को जिम्मेदार और आत्मनिर्भर बनाता है और अगर कॉलेज के दिनों में आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाने का मौका मिले, तो क्या कहना? आइए आपको बताते हैं कि आप पढ़ाई के साथ कुछ घंटे काम करके कॉलेज के दौरान कैसे 10 से 20 हजार रुपए मंथली कमा कर खुद को सहारा दे सकते हैं।

## सोशल मीडिया स्ट्रेटेजिस्ट

सोशल मीडिया के बढ़ते असर को देखते हुए कॉरपोरेट कंपनियां, पॉलिटीशियन, सरकारी महकमों आदि में सोशल मीडिया मैनेज करने वालों की मांग तेजी से बढ़ी है। इसमें वैसे लोगों की मांग बढ़ी है, जिसको फेसबुक, ट्विटर, लिंक्डइन, यूट्यूब आदि की समझ हो और इसको अच्छे से मैनेज करने की क्षमता रखते हों। कॉलेज स्टूडेंट इस काम को पढ़ाई के साथ बेहतर तरीके से कर सकते हैं। इसके लिए कोई एक्स्ट्रा नॉलेज या स्पेस की जरूर नहीं होगी। आपको कंटेंट और टेक्नोसेवी होना होगा। इसके लिए अगर आप रोज 2 से 4 घंटे देकर काम करते हैं तो 10 से 20 हजार रुपए तक कमा सकते हैं। एक बार आपका काम कंपनी या व्यक्ति को समझ में आ जाने के बाद काम लेने के लिए ज्यादा मशक्कत नहीं होगी।

## ऑनलाइन रिसर्चर

आज के इस कम्पटेटिव दौर में ज्यादातर कंपनियां प्रोडक्ट लॉन्च करने से पहले ऑनलाइन रिसर्च करती हैं। इसके अलावा कॉलेज भी अलग-अलग टॉपिक पर रिसर्च कराते हैं। इसके लिए कॉलेज के डिपार्टमेंट्स पेड रिसर्च को पार्ट टाइम हायर करते हैं। हालांकि, इस फील्ड में काम करने के लिए आपके पास पहले से थोड़ा-बहुत अनुभव होना चाहिए। अगर आप किसी प्रोडक्ट या सबजेक्ट को लेकर ऑनलाइन रिसर्च कर रहे हैं तो उस के विषय में पहले से जानकारी बहुत जरूरी है। तभी आप सही तरीके से रिसर्च कर सकते हैं। इस वर्क करने के दो फायदे मिलेंगे। एक तो कमाई होगी और दूसरा आपके बायोडाटा में यह एक एडेड एडवांटेज के तौर पर जुड़ जाएगा। ऑनलाइन रिसर्चर के तौर पर आप महीने में 15 से 20 हजार रुपए कमा सकते हैं। इसके लिए आपको 2 से 5 घंटे देने होंगे।

## फास्ट फूड शॉप में पार्ट टाइम जॉब

कॉलेज के बाद पार्ट टाइम जॉब के रूप में आप कॉफी-डे, बरिस्ता, केएफसी, डोमिनोज, बड़े डिपार्टमेंट स्टोर का रुख कर सकते हैं। इस तरह के फास्ट फूड स्टोर और डिपार्टमेंट स्टोर में आमतौर पर शाम के वक्त ज्यादा लोगों की जरूरत होती है। ऐसा नहीं कि सिर्फ शाम के वक्त ही ये पार्ट टाइम जॉब ऑफर करते हैं। सुबह, दोपहर और नाइट में भी पार्ट टाइम का ऑफर रहता है। ये यंग लड़के को पार्ट टाइम के तौर पर रखने की प्रमुखता देते हैं। इस तरह के डिपार्टमेंटल स्टोर में 3 से 6 घंटे काम करने का ऑफर हमेशा होता है। 3 से 5 घंटे काम कर मंथली 8 से 15,000 रुपए कमा सकते हैं। कमाई के साथ ये ड्रिंक (काफी, ठंडा) और मील (खान) मुफ्त में देते हैं।



इससे छात्रों की फूडिंग परेशानी दूर हो जाती है।

## इवेंट प्लानिंग

अगर, आप किसी मेट्रो सिटी या बड़ी सिटी में पढ़ाई कर रहे हैं तो आप रोज किसी न किसी इवेंट से रूबरू जरूर हो रहे होंगे। बड़े शहरों के अलावा टियर टू और थ्री शहरों में इवेंट ऑर्गेनाइजर की मांग तेजी से बढ़ी है। इसके चलते इस सेक्टर में काम करने वाली कंपनियों को नए हैंड की जरूरत बढ़ी है। वे इसके लिए पार्ट टाइम लड़के या लड़कियों को हायर करते हैं। इवेंट कंपनी में पार्ट टाइम जॉब की टाइमिंग 4 से 6 घंटे की होती है। इवेंट कंपनी में काम करने के सबसे बड़ा फायदा उन स्टूडेंट को मिलता है तो मैनजमेंट (बीबीए या एमबीए) कर रहे होते हैं। उनको इवेंट के दौरान मैनजेमेंट के गुर सिखने को मिलते हैं। साथ ही वो ऐसे चैलेंज से भी अवगत हो जाते हैं, जो काम के दौरान भविष्य में उनके सामने आने वाले होते हैं। वो अपने काम को अपने रेज्यूमे में दिखा सकते हैं, जिससे कैम्पस सेलेक्शन में भी आसानी होती है। इवेंट कंपनी में काम कर महीने के 10 से 20 हजार रुपए की कमाई आसानी से कर सकते हैं। महीने में 15 से 20 दिन काम करना होगा। काम 4 से 6 घंटा करना होगा।

## कंटेंट एडिटिंग एंड राइटिंग

अगर, आपको लिखने का शौक या भाषा पर अच्छी पकड़ है तो आप कंटेंट का काम कर अच्छी खासी रकम कमा सकते हैं। इसमें आपको कंटेंट एडिटिंग से लेकर राइटिंग का काम कर सकते हैं। कंटेंट एडिटर के तौर पर आप जिस भाषा में काम करेंगे उस पर अच्छी पकड़ होनी चाहिए।

# अमेरिका की कूटनीति नहीं दादागिरी!



**विनीत नारायण**

आज दुनिया में हर ओर युद्ध, तबाही और अराजकता का दौर है। विकास की गति रुक रही है। अनिश्चितता का वातावरण है। अनेक देशों के नेता ही मवालियों की तरह बर्ताव कर रहे हैं। जबकि विश्व के लोग हमेशा शांति और विकास चाहते हैं। कोई भी युद्ध नहीं चाहता। हर कोई यह चाहता है कि दुनिया के हर मुल्क में स्थिरता का माहौल बना रहे। इसी उठा-पटक में अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सबसे आगे हैं। ट्रम्प ही क्यों, अमरीका की तो फितरत ही रही है कि कोई बहाना ढूंढ कर कमजोर देशों को दबाना और उनके संसाधनों पर कब्जा करना। हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल एक पोस्ट ने अमेरिका की कूटनीति और युद्ध रणनीति पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट काफी वायरल हुई जिसमें लिखा है कि, प्रिय दुनिया, क्या तुम अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा झूठ बोलने से थक नहीं गए हो? क्या तुम उस साम्राज्य से थक नहीं गए हो जो खून और मौत की तलाश में नहीं रुकता? उन्होंने कोरिया (1950.1953) के बारे में झूठ बोला, ग्वाटेमाला (1954) के बारे में, इंडोनेशिया (1958), क्यूबा (1961), वियतनाम (1961.1975), लाओस (1964.1973), कांगो (1964), डोमिनिकन रिपब्लिक (1965), कंबोडिया (1969.1970), ग्रेनाडा (1983), लेबनान (1983.1984), लीबिया (1986), ईरान (1987.1988), पनामा (1989), इराक (1991, 1998, 2003), सोमालिया (1992. 1994, 2007.वर्तमान), बोस्निया (1994.1995), सूडान (1998), अफगानिस्तान (1998, 2001), यूगोस्लाविया (1999), यमन (2002.वर्तमान), पाकिस्तान (2004), सीरिया (2014), लीबिया (2011), वेनेजुएला (2026), क्यूबा (2026), ईरान (2026) के बारे में झूठ बोला। अमेरिका या उसके सहयोगी कभी किसी बात पर सच्चे रहे हैं? दुनिया कब इनके झूठ से ऊब जाएगी? अब तो हमें पता होना चाहिए कि वैश्विक अशांति, मौत, अराजकता और विनाश के जिम्मेदार कौन हैं? जो दुनिया की स्थिरता के खिलाफ हैं? जो विश्व शांति के विचार से डरते हैं? तुम्हारी चुप्पी सहयोग है! अमेरिका वैश्विक मुसीबत पैदा करने वाला है। मौत और विनाश की मशीन। अमेरिकी साम्राज्य की तानाशाही के खिलाफ बोलो।

यह पोस्ट न केवल अमेरिका की ऐतिहासिक गलतियों को उजागर करती है बल्कि दुनिया को जगाने का प्रयास भी करती है। आज, जब हम वेनेजुएला, क्यूबा और ईरान जैसे देशों में अमेरिकी हस्तक्षेप की नई लहर देख रहे हैं, यह स्पष्ट हो गया है कि अमेरिका के फैसले गलत साबित हो चुके हैं। इन युद्धों ने न केवल लाखों जानें लीं बल्कि दुनिया को अस्थिरता की ओर धकेला। अमेरिका की इन गलतियों से यह पता चलता है कि वैश्विक समुदाय अब युद्धों से कितना ऊब चुका है?

अमेरिका की विदेश नीति का इतिहास झूठ, हस्तक्षेप और युद्धों से भरा पड़ा है। 1950 के दशक से शुरू करें तो कोरियाई युद्ध (1950-1953) में अमे. रिका ने उत्तर कोरिया के आक्रमण का बहाना बनाकर हस्तक्षेप किया, लेकिन वास्तविकता यह थी कि यह शीत युद्ध की रणनीति का हिस्सा था। लाखों कोरियाई मारे गए, लेकिन क्या अमेरिका की जीत हुई? नहीं, यह युद्ध आज भी कोरियाई प्रायद्वीप पर तनाव का कारण बना हुआ है। इसी तरह, 1954 में ग्वाटेमाला में अमे. रिका ने लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को उखाड़ फेंका, क्योंकि वहां की भूमि सुधार नीतियां अमेरिकी कंपनियों को पसंद नहीं आईं। सीआईए के ऑपरेशन ने देश को दशकों की अस्थिरता में डाल दिया। क्या यह फैसला सही साबित हुआ? नहीं, ग्वाटेमाला आज भी गरीबी और हिंसा से जूझ रहा है।

1950-60 के दशक से अमेरिका के झूठ की फेहरिस्त लंबी है। इंडोनेशिया (1958) में सीआईए ने विद्रोहियों को समर्थन दिया, लेकिन असफल रहा। क्यूबा (1961) में 'बे ऑफ पिग्स' हमला एक बड़ी असफलता थी, जहां अमेरिका ने फिदेल कास्त्रो को हटाने की कोशिश की लेकिन खुद की किरकिरी हुई। वियतनाम युद्ध (1961-1975) तो अमेरिकी इतिहास का सबसे काला अध्याय है। अमेरिका ने श्टोंकिन की खाड़ी घटनाश को बहाना बनाकर युद्ध शुरू किया, जो बाद में झूठ साबित हुआ। 58,000 अमेरिकी सैनिक और लाखों वियतनामी मारे गए। अमेरिका हारकर लौटा, और वियतनाम आज एक मजबूत अर्थव्यवस्था वाला देश है। क्या अमेरिका का फैसला सही था? नहीं, यह युद्ध अमेरिकी समाज को भी बांट गया। लाओस (1964-1973) और कंबोडिया (1969-1970) में गुप्त बमबारी ने लाखों लोगों को मार डाला और खमेर रूज जैसे आतंक को जन्म दिया। कांगो (1964) में अमेरिका ने वहां प्रधानमंत्री पैट्रिस लुमुम्बा की हत्या में भूमिका निभाई, जो अफ्रीका की आजादी के प्रतीक थे। डोमिनिकन रिपब्लिक (1965) में हस्तक्षेप ने लोकतंत्र को कुचला। 1980 के दशक में भी यह सिलसिला जारी रहा। ग्रेनाडा (1983) में अमेरिका ने मेडिकल छात्रों की सुरक्षा का बहाना बनाकर आक्रमण किया, लेकिन यह छोटे देश पर साम्राज्यवादी कब्जा था। लेबनान (1983-1984) में अमेरिकी सैनिकों की मौत हुई, लेकिन कोई स्थाई शांति नहीं आई। लीबिया (1986) में कद्दाफी पर हमला, ईरान (1987-1988) में नौसेना संघर्ष, पनामा (1989) में नोरिएगा को हटाना . ए सभी फैसले अमेरिका की ताकत दिखाने के लिए थे, लेकिन उन्होंने क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ाई। इराक के खिलाफ 1991 का गल्फ वॉर, 1998 की बमबारी और 2003 का आक्रमण श्महाविनाश के हथियारोंश के झूठ पर आधारित था। सद्दाम हुसैन को हटाया गया, लेकिन इराक आज भी अराजकता में डूबा है, आईएसआईएस जैसे समूह पैदा हुए। सोमालिया (1992-1994, 2007-वर्तमान) में अमेरिकी हस्तक्षेप ने समुद्री डकैती और आतंकवाद बढ़ाया। बोस्निया (1994-1995) में नाटो हमले, सूडान (1998) में दूतावास बमबारी, अफगानिस्तान (1998, 2001) में तालिबान के खिलाफ युद्ध यह सभी अमेरिका की 'आतंकवाद विरोधी' नीति के नाम पर थे, लेकिन अफगानिस्तान से 2021 की शर्मनाक वापसी ने साबित किया कि 20 साल का युद्ध व्यर्थ था। यूगोस्लाविया (1999) में नाटो बमबारी ने कोसोवो को अलग किया, लेकिन जातीय तनाव आज भी हैं। यमन (2002-वर्तमान) में ड्रोन हमलों ने नागरिकों को मार डाला, पाकिस्तान (2004) में भी यही हुआ। सीरिया (2014) में आईएसआईएस के खिलाफ हस्तक्षेप ने देश को बर्बाद कर दिया। लीबिया (2011) में कद्दाफी को हटाने के बाद देश गृहयुद्ध में फंस गया। और अब 2026 में वेनेजुएला, क्यूबा और ईरान पर झूठ। वेनेजुएला में अमेरिका ने आर्थिक प्रतिबंध लगाए और विपक्ष को समर्थन दिया, दावा किया कि मदुरो तानाशाह है, लेकिन यह तेल संसाधनों पर कब्जे की कोशिश है। क्यूबा पर दशकों से प्रतिबंध, लेकिन 2026 में नए आरोप लगाकर दबाव बढ़ाया जा रहा है। ईरान पर परमाणु कार्यक्रम के बहाने हमले की धमकी, जबकि ईरान शांति समझौते चाहता है। ये सभी फैसले गलत साबित हो चुके हैं क्योंकि उन्होंने न केवल लक्षित देशों को नुकसान पहुंचाया बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया।

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट्स बताती हैं कि युद्धों से करोड़ों लोग विस्थापित हुए, अर्थव्यवस्थाएं चरमरा गईं। यूक्रेन-रूस संघर्ष और इजराइल-फिलिस्तीन विवाद में अमेरिका की भूमिका ने दिखाया कि वह शांति दलाल नहीं, बल्कि युद्ध उकसाने वाला है। एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के देश अब चीन और रूस जैसे भागीदारों की ओर मुड़ रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि ए देश शांति और विकास पर जोर देते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



**केरल। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भोजन करते समय छात्राओं से बातचीत करते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।**

## अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध में कुर्द को शामिल नहीं करना चाहते हैं: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह नहीं चाहते हैं कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध में कुर्द शामिल हों। ट्रम्प ने शनिवार शाम कहा कि हम नहीं चाहते कि कुर्द युद्ध में शामिल हों। उन्होंने कहा कि हम युद्ध को पहले से ज्यादा मुश्किल नहीं बनाना चाहते। मैं नहीं चाहता कि कुर्द घायल हों और मारे जाएं। हमारे बीच अच्छे रिश्ते रहे हैं। वे युद्ध में शामिल होने को तैयार हैं, लेकिन सच में मैंने उनसे कहा है कि मैं नहीं चाहता कि वे युद्ध में शामिल हों।

## श्रीलंका ने बचाए गए ईरानी नाविकों को वायुसेना बेस पर भेजा

**कोलंबो।** श्रीलंका ने ईरानी युद्धपोत आइरिस डेना के डूबने के बाद बचाए गए 22 ईरानी नाविकों को करापितिया अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद दक्षिणी प्रांत के कोग्गला में श्रीलंका वायुसेना बेस पर भेज दिया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। दस और नाविकों का अभी भी इलाज चल रहा है, जिनमें से आठ को आपातकालीन देखरेख में रखा गया है। इस बीच, श्रीलंका के अधिकारियों ने एक और ईरानी नौसेना के जहाज आइरिस बुशहर से सभी 204 लोगों को वेलिसारा नौसेना कैंप में रखा है। आइरिस बुशहर को शुक्रवार को त्रिकोमाली के पूर्वी बंदरगाह पर ले जाया गया। श्रीलंका पिछले हफ्ते द्वीप के दक्षिणी तट पर समुद्री इमरजेंसी के बाद ईरानी नौसैनिकों को मेडिकल देखभाल, शरण और आवागमन से संबंधित समर्थन दे रहा है।

# न्यूयॉर्क मेयर ममदानी के आवास पर बम हमले की कोशिश

### न्यूयॉर्क सिटी पुलिस विभाग ने इस मामले में दो संदिग्धों की पहचान की है और उन्हें हिरासत में लिया

**न्यूयार्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां मेयर जोहरान ममदानी के आधिकारिक आवास, ग्रेसी मेंशन के बाहर बम हमले का प्रयास किया गया। न्यूयार्क सिटी पुलिस विभाग (एनवाईपीडी) ने इस मामले में दो संदिग्धों की पहचान की है और उन्हें हिरासत में लिया है।

**■ यह घटना रमजान के पवित्र महीने के दौरान हुई, जब दो विरोधी प्रदर्शनकारी समूहों के बीच हिंसक झड़प हुई**



यह घटना रमजान के पवित्र महीने के दौरान हुई, जब दो विरोधी प्रदर्शनकारी समूहों के बीच हिंसक झड़प हुई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार घटना के दौरान एक वीडियो में एक संदिग्ध को एक उपकरण दूसरे को सौंपते हुए दिखाया गया है, जिसके तुरंत बाद गिरफ्तारी हुई। पुलिस द्वारा बरामद किए गए उपकरण में एक जार था, जो काले टेप से लिपटा हुआ था और उसमें नट, बोल्ट, स्क्रू और एक फ्यूज भरा हुआ था। यह उपकरण फुटबाल से थोड़ा छोटा बताया जा रहा है। यह कार्रवाई उस समय हुई जब मेयर के आधिका. रिक आवास के बाहर दो विरोधी प्रदर्शनकारी समूहों के बीच झड़प हो गई थी। पुलिस ने इस दौरान कुल छह लोगों को हिरासत में लिया। बताया गया कि यह हिंसा उस समय भड़की जब दक्षिणपंथी प्रभावक जेक लैंग द्वारा आयोजित एक इस्लाम विरोधी प्रदर्शन का टकराव रमजान के दौरान आयोजित एक प्रदर्शन से हो गया। इस दौरान दो संदिग्ध उपकरणों को जलाकर फेंका गया। पुलिस आयुक्त जेसिका एस. टिश ने बताया कि ये उपकरण आकार में फुटबाल से थोड़े छोटे थे और फिलहाल उनकी जांच की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे वास्तव में काम करने वाले विस्फोटक थे या सिर्फ डर फैलाने के लिए बनाए गए थे। पुलिस के मुताबिक प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हवा में जाते समय उपकरण से आग और धुआं निकलता दिखाई दिया, जो एक बैरियर से टकराने के बाद पुलिस अधिकारियों से कुछ फीट दूर गिरकर बुझ गया। रिपोर्ट के अनुसार घटना की शुरुआत तब हुई जब इस्लाम विरोधी समूह के एक व्यक्ति ने काउंटर-प्रोटेस्ट करने वालों पर कथित तौर पर मिर्च स्प्रे का इस्तेमाल किया। लगभग 20 मिनट बाद एक 18 वर्षीय प्रदर्शनकारी ने जलता हुआ उपकरण प्रदर्शन क्षेत्र की ओर फेंका, जो सड़क के क्रासवाक पर गिरा। इसके बाद उसी व्यक्ति ने अपने 19 वर्षीय साथी से दूसरा उपकरण लिया और उसे भी जलाकर सड़क पर गिरा दिया, तभी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को हिरासत में ले लिया। ये दोनों उन छह लोगों में शामिल हैं, जिन्हें पुलिस ने पकड़ा है। घटना के बाद मेयर जोहरान ममदानी और उनकी पत्नी रमा दुवाजी सुरक्षित बताए गए हैं। मेयर के प्रवक्ता ने इस प्रदर्शन को 'निंदनीय और इस्लामोफोबिक' बताया और कहा कि यह घटना उन खतरों की याद दिलाती है जिनका उन्हें अक्सर सामना करना पड़ता है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रम्प ने ब्रिटेन को कहा धन्यवाद, अब हमें मदद की जरूरत नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमे. रिका-इजरायल और ईरान युद्ध में दो विमान-वाहक पोत भेजने पर विचार करने के लिए ब्रिटेन धन्यवाद दिया है और कहा है कि अब उन्हें इसकी जरूरत नहीं हैं। ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर ब्रिटेन को धन्यवाद देते हुए कहा कि ब्रिटेन जो कभी हमारा सबसे बड़ा साथी था, शायद सबसे बड़ा, आखिरकार पश्चिम एशिया में दो विमान-वाहक पोत भेजने के बारे में गंभीरता से सोच रहा है। कोई बात नहीं प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, हमें अब उनकी जरूरत नहीं है, लेकिन हम याद रखेंगे।

### बेरूत के होटल पर इजरायली हमले में चार की मौत, 10 घायल

**बेरूत।** लेबनान की राजधानी बेरूत स्थित एक होटल पर इजरायल की ओर से किए गए हमले में चार मारे गए, जबकि 10 अन्य लोग घायल हुए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार लेबनान के अधिकारियों ने बताया कि बेरूत के होटल पर इजरायली हमले में चार लोगों की मौत हो गई और 10 घायल हो गए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार यह हमला मध्य बेरूत में स्थित एक होटल पर हुए, जिसके कारण चार लोगों की जान चली गई।

### बंगलादेश : खालिदा जिया को मिला 'श्रेष्ठ अजेय महिला पुरस्कार'

**ढाका।** बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी की पूर्व अध्यक्ष खालिदा जयिा को लोकतंत्र को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका के लिए 'श्रेष्ठ अजेय महिला' सम्मान से नवाजा गया है। उनकी तरफ से उनकी पोती जैमा रहमान ने यह पुरस्कार स्वीकार किया। सुजयिा की बहू जुबैदा रहमान भी आयोजन में मौजूद रहीं। मोहम्मद शहाबुद्दीन ने रविवार सुबह 11 बजे उस्मानी मेमोरियल ऑडिटोरियम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर एक कार्यक्रम में जैमा रहमान को यह पुरस्कार दिया।

### पेजेशकियान के बयान के सिर्फ एक दिन बाद ईरान ने बरपाया कहर

# अरब देशों में ड्रोन, मिसाइल हमलों की नई लहर

**रियाद/ मनामा।** पड़ोसी देशों से माफी मांगने वाले ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान के बयान के सिर्फ एक दिन बाद फारस की खाड़ी के कई देशों में रविवार सुबह ड्रोन और मिसाइल हमलों की नई लहर दर्ज की गई, जिससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। कुवैत की सेना ने कहा है कि कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के ईंधन भंडारण क्षेत्र को 'शत्रुतापूर्ण ड्रोन की लहर' ने निशाना बनाया। सेना के अनुसार वायु रक्षा प्रणालियों ने कई ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराया, लेकिन अवरोधन के दौरान गिरे मलबे से कुछ नागरिक ढांचे को नुकसान पहुंचा।



**■ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के ईंधन भंडारण क्षेत्र को 'शत्रुतापूर्ण ड्रोन की लहर' ने निशाना बनाया: कुवैत**
**■ सऊदी अरब ने भी की ड्रोन हमलों की पुष्टि, कहा: उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने 21 ड्रोन मार गिराए**
**■ ईरानी ड्रोन हमले के कारण बहरीन के जल शुद्धिकरण संयंत्र को नुकसान पहुंचा: बहरीन गृह मंत्रालय**

सरकारी मीडिया के अनुसार ड्रोन हमले में पब्लिक इंस्टीट्यूशन फॉर सोशल सिक्योरिटी की इमारत भी प्रभावित हुई। लगभग 22 मंजिला इस भवन में आग लगने की तस्वीरें सामने आई हैं लेकिन इसमें किसी के घायल होने की खबर नहीं है। इस बीच, कुवैत के बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के दो जवानों की रविवार सुबह 'कर्तव्य निभाते समय' मौत हो गई।

यह स्पष्ट नहीं है कि यह घटना हवाई अड्डे और सरकारी भवन पर हुए हमलों से जुड़ी है या नहीं। सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने भी रविवार तड़के ड्रोन हमलों की पुष्टि करते हुए कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने कम से कम 21 ड्रोन को मार गिराया है। बहरीन में गृह मंत्रालय ने बताया कि मिसाइलों के टुकड़े गिरने से एक विश्वविद्यालय की इमारत को नुकसान पहुंचा और तीन लोग घायल हुए। इसके अलावा एक समुद्री जल शोधन संयंत्र भी क्षतिग्रस्त हुआ है। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि देश की वायु रक्षा प्रणालियां रविवार सुबह एक संभावित मिसाइल खतरे का सामना कर रही थीं।

इन हमलों से एक दिन पहले ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने खाड़ी देशों से पिछले सप्ताह अमेरिकी ठिकानों पर हुए ड्रोन और मिसाइल हमलों के लिए खेद व्यक्त किया था और कहा था कि यदि उन पर हमला नहीं किया गया तो ईरान अपने पड़ोसी देशों को निशाना नहीं बनाएगा। बाद में राष्ट्रपति कार्यालय ने स्पष्ट किया कि उनका आशय यह था कि यदि क्षेत्रीय देश अमेरिका के हमलों में सहयोग नहीं करते हैं, तो ईरान भी उन पर हमला नहीं करेगा। वहीं बहरीन के गृह मंत्रालय ने कहा है कि ईरानी ड्रोन हमले के कारण बहरीन के एक जल शुद्धीकरण संयंत्र को नुकसान पहुंचा है। यह घटना ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के उस बयान के एक दिन बाद हुई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका ने दक्षिणी ईरान के केश्म द्वीप पर एक जल शुद्धीकरण संयंत्र पर हमला किया है, जो अपने आप में एक 'मिसाल' है। बहरीन के इस बयान के बाद ईरान की ओर से फिलहाल कोई तत्काल प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। खाड़ी के अधिकतर देश अपने निवासियों की खपत के लिए मुख्य रूप से जल शुद्धीकरण पर ही निर्भर हैं। बहरीन ने कहा है कि एक ईरानी ड्रोन ने जल शुद्धीकरण संयंत्र पर हमला किया। पिछले नौ दिनों से जारी युद्ध के दौरान यह पहली बार है, जब किसी अरब देश ने ईरान की ओर से जल शुद्धीकरण संयंत्र को निशाना बनाए जाने का दावा किया है। यह घटना तब हुई है, जब ईरानी अधिकारियों ने कहा था कि अमेरिका ने देश के दक्षिणी द्वीप केश्म में ईरान के जल शुद्धीकरण संयंत्र को निशाना बनाया है। खाड़ी देशों में प्राकृतिक मीठे पानी के संसाधन अत्यंत सीमित हैं। इस कारण पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए वे ऊर्जा-गहन समुद्री जल विलवणीकरण पर निर्भर रहते हैं। वॉशिंगटन डीसी के अरब सेंटर के प्रकाशित शोध पत्र के अनुसार, ए संयंत्र कितने महत्वपूर्ण हैं, इसे समझने के लिए यहां कुछ आंकड़े दिए गए हैं-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के सदस्य देश वैश्विक जल शुद्धीकरण क्षमता का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा रखते हैं और इस पूरे क्षेत्र में 400 से अधिक शुद्धीकरण संयंत्रों के माध्यम से दुनिया के कुल विलवणीकृत जल का लगभग 40 प्रतिशत उत्पादन करते हैं।

## हमला करने वालों के खिलाफ मजबूती से खड़ा है ईरान: मसूद पेजेश्कियान



**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कहा है कि ईरान पर हमला करने वालों के खिलाफ देश मजबूती से खड़ा है और किसी भी आक्रामकता का जवाब पूरी ताकत के साथ दिया जाएगा। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, पेजेश्कियान ने एक अस्पताल में घायलों से मुलाकात के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि उनके पहले दिए गए बयान को गलत तरीके से पेश किया गया, जिससे यह धारणा बनाई गई कि ईरान खाड़ी देशों पर हमले रोकने का निर्णय ले रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे और भाईचारे वाले संबंध चाहता है। यदि किसी अन्य देश की जमीन से ईरान पर हमला किया जाता है, तो उसे जवाब देने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि उन देशों के साथ उसका विवाद है। पेजेश्कियान ने कहा कि ईरान किसी भी हमले के सामने मजबूती से खड़ा रहेगा और उसका जवाब ताकत के साथ देगा। उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं के बावजूद देश के लोग किसी भी राजनीतिक दल या गुट से ऊपर उठकर दुश्मन के खिलाफ एकजुट रहेंगे।

## ईरान ने किया मिनाब में बालिकाओं के स्कूल पर हमला: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के मिनाब शहर में एक स्कूल पर हुए हमले में अमेरिका की जिम्मेदारी से इन्कार करते हुए कहा है कि इसे ईरान ने खुद अंजाम दिया था। इस हमले में 175 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें अधिकांश बच्चे बताए जा रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि उनकी राय में यह हमला ईरान की एक त्रुटिपूर्ण मिसाइल के कारण हुआ हो सकता है। उल्लेखनीय है कि सीएनएन, न्यूयॉर्क टाइम्स और वॉशिंगटन पोस्ट जैसे अंतर्राष्ट्रीय मीडिया संस्थानों की जांच में अलग निष्कर्ष सामने आए हैं। रिपोर्टों के अनुसार उपग्रह चित्रों और अन्य दृश्य प्रमाणों के आधार पर यह संभावना जताई गई है कि 28 फरवरी को इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के ठिकानों पर अमेरिकी हमलों के दौरान दक्षिणी ईरान के मिनाब शहर में स्थित एक लड़कियों के प्राथमिक विद्यालय को निशाना बनाया गया। ट्रम्प से शनिवार को जब पूछा गया कि क्या अमेरिका इस हमले के लिए जिम्मेदार है, तो उन्होंने कहा कि उनकी जानकारी के अनुसार यह हमला ईरान द्वारा किया गया था। इस दौरान अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से भी इस विषय पर सवाल किया गया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और यह भी आरोप लगाया कि नागरिकों को निशाना बनाने वाला पक्ष ईरान है।

# ईरान में अगले सर्वोच्च नेता के नाम पर बनी सहमति

### खामेनेई के उत्तराधिकारी और उसे नियुक्त करने वालों का पीछा करना जारी रखेगा इजरायल

**तेहरान/तेल अवीव।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद खाली हुए पद को भरने के लिए 'असें. बली ऑफ एक्सपर्ट्स' (विशेषज्ञों की परिषद) ने नए उत्तराधिकारी के नाम पर लगभग सहमति बना ली है।

ईरानी समाचार एजेंसी 'फार्स' के अनुसार, परिषद के सदस्य अयातुल्ला मोहम्मद मेहदी मीरबा. गेरी ने पुष्टि की है कि नेतृत्व निर्धारित करने के लिए 'बड़े प्रयास' किए गए हैं और एक 'निर्णायक और सर्वसम्मत राय' बन चुकी है। हालांकि, सुरक्षा कारणों और कठिन परिस्थितियों का हवाला देते हुए अभी तक नए नेता के नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। परिषद के एक अन्य सदस्य हुज्जतुल इस्लाम जाफरी ने कहा कि तीसरे सर्वोच्च नेता के चयन में देरी सभी के लिए अनपेक्षित है, लेकिन जल्द ही परिणाम सामने आएंगे। गौरतलब है कि 88 सदस्यीय यह परिषद ही ईरान के सर्वोच्च नेता को चुनने के लिए संवैधानिक रूप से अधिकृत है। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खामेनेई, ने 37 वर्षो तक शासन किया था और वह 28 फरवरी को तेहरान में एक अमे. रिकी-इजरायली हमले में मारे गए थे। उनके निधन के एक सप्ताह के बाद भी ईरान उनकी जगह किसी को नेता चुन नहीं सका और इसके बजाए देश की कमान एक तीन सदस्ईय समिति को सौंप दी गई थी। इस देरी के कारण ईरान के कुछ समूहों में असंतोष भी उपज रहा था। इन लोगों का मानना है कि नेतृत्व के नाम पर एक चेहरा अवश्य होना चाहिए। विशेषकर युद्ध के हालात में फौज का मनोबल बनाए रखने के लिए ऐसा करना जरूरी है। दूसरी ओर, इजरायल ने ईरान के संभावित नए सर्वोच्च नेता और उनके चयन में शामिल लोगों को सीधी सैन्य कार्रवाई की चेतावनी दी है। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि इजरायल का 'लंबा हाथ' खामेनेई के उत्तराधिकारी और उसे नियुक्त करने वाले किसी भी व्यक्ति का पीछा करना जारी रखेगा। आईडीएफ ने चेतावनी देते हुए कहा कि हम आपको निशाना बनाने में संकोच नहीं करेंगे। इसे अपने लिए चेतावनी समझें। आधिकारिक नाम की घोषणा अभी भले न हुई हो लेकिन विशेषज्ञों और अंतर्राष्ट्रीय विश्लेषकों के अनुसार इस शक्तिशाली पद के लिए कई नाम सामने आए हैं।



**■ ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खामेनेई, ने 37 वर्षों तक शासन किया था और वह 28 फरवरी को तेहरान में एक अमेरिकी-इजरायली हमले में मारे गए थे**

# अमेरिका अपने पकड़े गए सैनिकों का सच छिपा रहा: लारिजानी

**तेहरान।** ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारिजानी ने दावा किया है कि हालिया संघर्ष के दौरान कई अमे. रिकी सैनिकों को ईरानी बलों ने बंदी बना लिया है और अमेरिका इस सच्चाई को छिपाने की कोशिश कर रहा है। लारिजानी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर रविवार को किए गए एक पोस्ट में कहा कि उन्हें जानक. ारी मिली है कि कई अमेरिकी सैनिकों को गिरफ्तार किया गया है।

**■ पिछले महीने के अंत से अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर हमले शुरू किए जाने के बाद क्षेत्र में संघर्ष तेज हो गया है**

उन्होंने आरोप लगाया कि अमे. रिकी पक्ष उन्हें युद्ध में मारे जाने की बात कह रहा है, लेकिन यह सच्चाई ज्यादा समय तक छिपी नहीं रह सकेगी। पिछले महीने के अंत से अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर हमले शुरू किए जाने के बाद क्षेत्र में संघर्ष तेज हो गया है। इसके जवाब में ईरान की सशस्त्र सेनाओं, विशेष रूप से इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कई संवे. दनशील और रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाते हुए सैकड़ों बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से जवाबी हमले किए हैं। इससे एक दिन पहले लारिजानी ने चेतावनी दी थी कि अमेरिका की कार्रवाई का जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका को समझना चाहिए कि ईरान के सब्र को तोड़ने और अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने के गंभीर परिणाम होंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय संकल्प के आधार पर ईरान अमेरिकी आक्रामकता का जवाब दिए बिना नहीं छोड़ेगा और उसे जवाबदेह ठहराया जाएगा। शेरा लारिजानी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की आलोचना करते हुए कहा कि उनकी बयानबाजी से यह स्पष्ट होता है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका की व्यापक रणनीति विफल रही है। उन्होंने कहा कि अमेरिका का मुख्य उद्देश्य ईरान की शासन व्यवस्था को कमजोर करना और राष्ट्रीय एकता को तोड़ना था, लेकिन यह लक्ष्य हासिल नहीं हो सका।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर यूरोपीय नेताओं ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** यूरोपीय नेताओं ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को बधाई दी है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने दुनिया भर की उन लड़कियों और महिलाओं को श्रद्धांजलि दी जो



**■ उर्सुला वॉन डर ने महिलाओं से अपने भीतर की शक्ति को पहचानने और कभी पीछे न हटने का आह्वान किया**

उत्पीड़न के खिलाफ लड़ाई जारी रखे हुए हैं। उन्होंने महिलाओं से अपने भीतर की शक्ति को पहचानने और कभी पीछे न हटने का आह्वान किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने भी महिलाओं से अपने देश की रक्षा करने का आह्वान किया। उन्होंने युद्ध के मैदान और दैनिक जीवन में महिलाओं द्वारा प्रदर्शित की जाने वाली शक्ति के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, बाधाओं का सामना करने के बावजूद वर्ष 2025 में यूक्रेन की सेना में 70000 से अधिक महिलाओं ने सेवा दी, जो 2022 की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। इनमें से 5500 से अधिक महिलाएं सीधे अग्रिम पंक्ति (फ्रंट लाइन) पर तैनात थीं। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने एक वीडियो साझा करते हुए कहा कि उनकी सरकार 'नफरत को अधिकारों का स्थान नहीं लेने देगी।' उन्होंने जोर देकर कहा कि लैंगिक हिंसा को कमतर करके आंकने और ऑनलाइन उत्पीड़न जैसी चुनौतियों के बावजूद नारीवादी आंदोलन को आगे बढ़ते रहना चाहिए। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने इंटरनेट के माध्यम से संदेश दिया 'आठ मार्च हम सभी को एक ऐसी जिम्मेदारी की याद दिलाता है जो केवल एक दिन के लिए नहीं बल्कि हर दिन के लिए लागू होती है। हमें एक ऐसे इटली का निर्माण जारी रखना है जहां किसी भी महिला को स्वतंत्रता, कार्य, परिवार और व्यक्तिगत संतुष्टि के बीच चुनाव न करना पड़े। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस जैसी अन्य प्रमुख हस्तियों ने दुनिया को याद दिलाया कि 'समानता से सभी को लाभ होता है' और महिलाओं एवं लड़कियों की शिक्षा और उनके कल्याण को बढ़ावा देना दुनिया को एक बेहतर स्थान बनाने के सबसे निश्चित तरीकों में से एक है।

# खामेनेई की मौत पर अमेरिका में लगा था सट्टा

**न्यूयार्क/वाशिंगटन।** ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई को लेकर अमेरिकी प्रेडिक्शन मार्केट साइट काल्शी पर 498 करोड़ रुपये का दांव लगाया गया। यह न्यूयार्क स्थित कंपनी है, जहां लोग चुनाव, युद्ध और वैश्विक घटनाओं के नतीजों पर पैसे लगाते हैं। खामेनेई की मौत के बाद कई यूजर्स ने खुद को विजेता मान लिया।

**■ 498 करोड़ का खेला था दांव, अब साइट ने भुगतान रोका, नियमों को लेकर विवाद**

एक कारोबारी ने 3.19 लाख रुपये लगाए थे और उसे 58 लाख रुपये मिलने की उम्मीद थी, लेकिन कुछ ही मिनट बाद साइट ने ट्रेड रोक दिया। कंपनी ने कहा कि उसके नियम किसी व्यक्ति की मौत से जुड़े दांव पर भुगतान की अनुमति नहीं देते। विवाद बढ़ने पर काल्शी ने दांव लगाने वालों को पैसा और फीस लौटाने का फैसला किया है। डोनाल्ड ट्रम्प ऐसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बन गए हैं जिन्होंने स्पष्ट जनसमर्थन के बिना युद्ध शुरू किया। आम तौर पर जब कोई अमेरिकी राष्ट्रपति युद्ध शुरू करता है तो शुरुआती दौर में जनता उसके पीछे खड़ी (रैली अराउंड द प्रेसिडेंट) हो जाती है। ताजा सर्वे के मुताबिक ईरान पर हमले को सीमित समर्थन मिला है। रायटर्स-इप्सोस सर्वे में केवल 27 प्रतिशत अमे. रिकियों ने कार्रवाई का समर्थन किया, जबकि 43 प्रतिशत इसके विरोध में रहे। सीएनएन के सर्वे में समर्थन करीब 41 प्रतिशत रहा।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108